राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 84
लखनऊ, सोमवार 24 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर मतदाता को चार दिसंबर तक बीएलओ को देना है गणना प्रपत्र : नवदीप रिणवा 03

कार की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरा, ट्रक ने रौंदा 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,23,980/ |
| 22 कैरेट | = | 1,13650/ |
| 18 कैरेट | = | 92,990/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 161,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**विंग कमांडर नमांश का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार**

**धर्मशाला।** दुबई एयर शो हादसे में तेजस विमान क्रैश में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल का रविवार दोपहर बाद उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगरोटा बगवां के लोगों ने नमांश स्याल की अंतिम यात्रा में हिस्सा लेकर उन्हें अंतिम विदाई दी। प्रदेश सरकार की ओर से कैबिनेट रैंक पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक आरएस बाली मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा उपमुख्य सचेतक विधानसभा केवल पठानिया, खेल मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य पार्टी नेता और अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व रविवार को शहीद पायलट का पार्थिव शरीर कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट पंहुचा।

**फरीदाबाद की मस्जिद से संदिग्ध पाउडर बरामद**

**फरीदाबाद।** सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच डबुआ थाना क्षेत्र स्थित त्यागी मार्केट की जामा मस्जिद में पुलिस द्वारा की गई चेकिंग के दौरान संदिग्ध पाउडर मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से दो कट्टों और एक पॉलिथीन में भरा सफेद और काले रंग का पाउडर कब्जे में लेकर जांच हेतु लैब में भेज दिया है। थाना डबुआ प्रभारी रणधीर सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में शहर में संदिग्ध गतिविधियों के मद्देनजर पुलिस रोजाना विभिन्न इलाकों में सर्च अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीम ने मस्जिद में चेकिंग की, जहां दानेदार व बारीक पाउडर जैसे पदार्थ मिले। फिलहाल इसकी प्रकृति और उपयोग की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। अन्य स्थानों पर चलाई गई सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने दो स्थानों से इंग्लिश और देसी शराब की अवैध सप्लाई का खुलासा किया है। संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**5.92 करोड़ की पैन-इंडिया इनवेस्टमेंट ठगी का पर्दाफाश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल यूनिट ने ऑनलाइन इनवेस्टमेंट के नाम पर हुई 5.92 करोड़ की बड़ी ठगी का भंडाफोड़ करते हुए चार मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देशभर में हुई कई साइबर ठगी शिकायतों से जुड़ा हुआ था और पुलिस ने इनके खातों से 1.1 करोड़ से अधिक की ठगी की राशि का पता लगाया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि पुलिस को शिकायतकर्ता ने बताया कि फेसबुक पर एक महिला ने उससे संपर्क किया। महिला ने खुद को मुंबई की ग्लोबल ट्रेडर्स नामक जुड़ी कंपनी का अधिकारी बताती थी। अगले दो महीनों में पीड़ित से हाई-रिटर्न ट्रेडिंग अकाउंट में निवेश करने के नाम पर 5,92,44,480 रुपये ठग लिए गए।

# 140 करोड़ भारतवासियों के लिए दिव्य मंत्र है भगवद्गीता : योगी

▸ सीएम योगी ने गीता प्रेरणा उत्सव को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गीता प्रेरणा उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमदभगवदगीता 140 करोड़ भारतवासियों के लिए दिव्य मंत्र है। यह जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही जीवन जीने की कला का मार्ग है। हर व्यक्ति को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि गीता के 18 अध्यायों के 700 श्लोक को भारत का हर सनातन धर्मावलंबी जीवन का मंत्र मानकर आदर भाव के साथ आत्मसात करने का प्रयास करता है।

श्रीमद्भगवदगीता नई प्रेरणा देती दिखाई देती है। श्रीमद्भगवदगीता धर्म से ही शुरू होती है और अंत में भी उसी मर्म के साथ विराम लेती है। श्रीमद्भगवदगीता धर्म की वास्तविक



प्रेरणा है। भारत की मनीषा ने धर्म को कर्तव्य के साथ जोड़कर देखा है। हमने धर्म को उपासना विधि मात्र नहीं माना है। उपासना विधि उसका छोटा सा भाग है। हर व्यक्ति अपने पंथ, संप्रदाय, उपासना विधि के अनुरूप आस्था को तय कर लेता है, लेकिन मुख्य रूप से धर्म हमारे यहां जीवन जीने की कला है। हमने इसे ही 'वे ऑफ लाइफ' के रूप में कहा है।

मुख्यमंत्री स्वामी ज्ञानानंद का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने जिओ गीता को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसे बहुत छोटे-छोटे उदाहरण के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। श्रमिक, किसान, महिला, छात्र, नौजवान, नौकरीपेशा, चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यापारी, योद्धा, सैनिक के लिए गीता की प्रेरणा क्या है, उन्होंने इसे जिओ गीता के माध्यम से प्रस्तुत किया है। उनकी छोटी-छोटी पुस्तकें अत्यंत प्रेरणादाई होती हैं। सीएम योगी ने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता भगवान की दिव्य वाणी है। सीएम ने श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः' को सुनाया।

उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी ऐसा नहीं होता होगा, जहां युद्ध का मैदान धर्म क्षेत्र के रूप में जाना जाता हो, लेकिन हमने हर कर्तव्य को पवित्र भाव के साथ माना है। अच्छा करेंगे तो पुण्य और गलत करेंगे तो पाप के भागीदार बनेंगे। यह मानकर हर सनातन धर्मावलंबी अच्छा करने का प्रयास करता है। भारत ने विश्व मानवता को प्राचीन काल से ही संदेश दिया है।

हमने कभी नहीं कहा है कि जो मैं कह रहा हूं, वही सब कुछ है या हमारी उपासना विधि सर्वश्रेष्ठ है। सब कुछ होते हुए भी हमने कभी श्रेष्ठता का डंका नहीं पीटा। जो भी आया, उसे शरण दिया। जिसके ऊपर भी विपत्ति और चुनौती आई, सनातन धर्मावलंबी उसके सहयोग के लिए खड़ा हो गया। राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ हर पीड़ित संग खड़ा होना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा है।

**गीता अध्ययन का ग्रंथ नहीं, बल्कि है जीवन जीने की साधना**



दिव्य गीता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि, गीता को केवल पढ़ना नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारकर जीना है। आज यह कार्यक्रम सम्पन्न अवश्य हुआ है, परन्तु हमारा कर्तव्य केवल कार्यक्रम तक सीमित नहीं हो जाता। हम सब यहाँ इसलिए उपस्थित हैं कि गीता के संदेश को अपने जीवन में चरितार्थ करना है। गीता के कुल 700 श्लोक हैं; यदि हम प्रतिदिन दो श्लोकों का अध्ययन कर उन पर मनन करें और जो सार प्राप्त हो उसे व्यवहार में लाएँ, जीवन की प्रत्येक कमी का परिमार्जन करें, तो वर्षभर में हमारा जीवन गीतामय बनने की दिशा में अत्यन्त आगे बढ़ सकता है। डॉ. भागवत ने कहा कि जैसे महाभारत के रणक्षेत्र में अर्जुन मोहग्रस्त हो गए थे, वैसे ही आज सम्पूर्ण विश्व जीवन-संघर्ष में भयग्रस्त और मोहबद्ध होकर दिशाहीनता का अनुभव कर रहा है। अत्यधिक परिश्रम और भागदौड़ के बावजूद शांति, रीति, संतोष और विश्राम की अनुभूति नहीं हो रही है। हजार वर्ष पूर्व जिन संघर्षों, क्रोध और सामाजिक विकृतियों का उल्लेख मिलता है, वे आज भी विभिन्न रूपों में विद्यमान हैं। भौतिक ऐश्वर्य बढ़ा है, परन्तु जीवन में आन्तरिक शांति और संतुलन का अभाव है। आज असंख्य लोग यह अनुभव कर रहे हैं कि जिस मार्ग पर वे अब तक चले, वह मार्ग उचित नहीं था और अब उन्हें सही मार्ग की आवश्यकता है।

## सपा नेता ने की फायरिंग पूर्व प्रधान के बेटे की मौत



समृद्धि न्यूज

**प्रतापगढ़।** यूपी प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर कुंडा कोतवाली थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच विवाद में पड़ोस के दो भाइयों पर गोलीबारी की गई, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली कुंडा क्षेत्र के ताजपुर सरियावां गांव में शनिवार और रविवार की दरमियानी लगभग 10.30 बजे दो पक्षों के बच्चों में विवाद हो गया। इस पर एक पक्ष के तनवीर आदि ने दूसरे पक्ष के फुरकान (22) व उसके भाई एहतेशाम उर्फ गुड्डू (25) पर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे दोनों भाई गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने फुरकान को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल एहतेशाम को प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर तनवीर सहित चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर दो आरोपियों (सगे भाई तनवीर व सोहराब) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी बारह बोर की डबल बैरल बंदूक व कारतूस बरामद किया। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता : राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए।

राजनाथ सिंह ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी



भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। यह पाकिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा प्रांत है। जिसकी राजधानी कराची है। प्रांत में उर्दू, सिंधी और अंग्रेजी बोली जाती है। 1936 तक गुजरात और महाराष्ट्र के साथ सिंध भी बॉम्बे प्रोविंस का हिस्सा हुआ करता था। इसे अलग प्रोविंस बनवाने के लिए सिंध के मुस्लिमों और हिंदुओं ने मिलकर आंदोलन किया था।

**अब जानिए सिंध प्रांत के भारत से अलग होने की कहानी**

1947 में जब भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ तो हजारों साल पुराना और 2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला थार रेगिस्तान भी इसकी भेंट चढ़ गया। ये बंटवारा महज रेगिस्तान की धूल भर का नहीं था। इस बंटवारे के बाद हुए पलयान से पूरे सिंध की खुशहाली और तरक्की हिंसा और गरीबी में तब्दील हो गई। मिडिल क्लास हिंदू सिंध छोड़कर भारत चले गए। वहीं, भारत से यहां आए मुस्लिम सिंध के मुस्लिमों को रास नहीं आए। भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान के सिंधी मुहाजिर कहने लगे।

**उत्तराखंड का जवान जम्मू के पुंछ में शहीद, एलओसी पर ड्यूटी के दौरान लगी गोली**

**चम्पावत।** उत्तराखंड के अग्निवीर दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से शहीद हो गए। 23 साल के दीपक मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के रहने वाले थे और 10 दिन पहले ही छुट्टियां खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे। भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर अग्निवीर तैनात दीपक, बीते कल एलघ्ओसी पर ड्यूटी दे रहे थे, रेजिमेंट के अन्य जवानों के मुताबिक दोपहर के समय उन्हें गोली चलने की आवाज आई और जब उन्होंने दीपक को देखा तो वो खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े थे।

## भारत ने जीता पहला ब्लाइंड टी-20 विश्व कप

▸ नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब किया अपने नाम

एजेंसी

**कोलंबो।** भारत ने टी-20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां केपी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है।

भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर



खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही। भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाक की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही।

उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।

**हैदराबाद एयरपोर्ट पर मिली बम की धमकी**

**मुंबई।** राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई। इस धमकी भरे ईमेल के कारण बहरीन से हैदराबाद आ रही एक अंतर्राष्ट्रीय उड़ान को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा। बम की धमकी मिलने के बाद अधिकारियों ने तत्काल कदम उठाए। बहरीन से हैदराबाद आने वाली फ्लाइट जो 22 नवंबर को रात 10.33 बजे रवाना हुई थी, उसे हैदराबाद में लैंडिंग से पहले ही मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। यह फ्लाइट आज (23 नवंबर) सुबह 11.31 बजे मुंबई में सुरक्षित लैंड हुई। एयरपोर्ट के कस्टमर सर्विस डिपार्टमेंट को शुक्रवार को यह धमकी भरा ईमेल मिला।

## जस्टिस सूर्यकांत आज लेंगे 53वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में ब्राजील सहित दुनिया के 7 देशों के मुख्य न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय के जज शामिल होंगे। इस समारोह में ब्राजील के अलावा भूटान, केन्या, मलेशिया, मारीशस, नेपाल और श्रीलंका के चीफ जस्टिस और उनके साथ आए परिजन शामिल होंगे।

भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब किसी चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण समारोह में इतनी



बड़ी संख्या में दूसरे देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति होगी। जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस होंगे और उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा। वे 9 फरवरी, 2027 को रिटायर होंगे। जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा से पहले चीफ जस्टिस होंगे। मौजूदा चीफ जस्टिस बीआर गवई के आज रिटायर होंगे।

## राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह को भव्य बनाने के लिए योगी सरकार ने झोंकी ताकत

▸ अयोध्या में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री करेंगे रोड शो

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या एक बार फिर भव्य और दिव्य स्वरूप में सज रही है। राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराने ऐतिहासिक तैयारियां चल रही है। ध्वजारोहण कार्यक्रम में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री अयोध्या में एक रोड शो भी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या एयरपोर्ट से साकेत महाविद्यालय तक हेलीकॉप्टर से पहुंचना प्रस्तावित है। इसी क्रम में साकेत महाविद्यालय से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक भव्य रोड शो भी होगा। योगी आदित्यनाथ सरकार इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व और यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो के मार्ग को आठ जोन में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक जोन में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पारंपरिक तरीके से थाली, आरती, फूल-माला और नमस्कार मुद्रा के साथ मोदी का स्वागत करेंगी।

**प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मार्ग में बनाए जाएंगे आठ ब्लॉक**

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए साकेत महाविद्यालय से रामजन्मभूमि तक के मार्ग को भाजपा ने आठ ब्लाक में बांटा है। नारी शक्ति, व्यापारी वर्ग व प्रबुद्ध नागरिक ब्लाक में स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे। इसमें आमने-सामने एक व दो नम्बर ब्लाक यादव मंदिर तक रहेगा। तीन व चार ब्लाक यादव मंदिर से टेढ़ी बाजार तक, पांच व छह ब्लाक टेढ़ी बाजार से रघुवर गेस्ट हाउस तक तथा सात व आठ ब्लाक 11 नम्बर गेट तक रहेगी। इसकी तैयारी को लेकर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सर्किट हाउस में हुई। जिसमें हर ब्लाक को लेकर विधानसभावार जिम्मेदारियां सौपी गई। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि हर ब्लाक में दो हजार की संख्या निर्धारित की गई है।

**तिब्बत को चीनी कब्जे से मुक्त कराने को भारतीय सहयोग मांगने पहुंचे तिब्बती राष्ट्रपति**

**लखनऊ।** तिब्बती निर्वासित सरकार (केंद्रीय तिब्बती प्रशासन-सीटीए) के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने तिब्बती इतिहास, संस्कृति और तिब्बत की वर्तमान स्थिति पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि तिब्बती लिपि भारतीय गुप्त लिपि से विकसित हुई थी। उन्होंने भारत की प्राचीन नालंदा परंपरा की बौद्ध शिक्षाओं को संरक्षित करने में तिब्बत की दीर्घकालिक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये सांस्कृतिक परंपराएं प्राचीन भारतीय ज्ञान के एक महत्वपूर्ण भंडार के रूप में काम करती रहती हैं। राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग 22 नवंबर की शाम उत्तर प्रदेश के लखनऊ पहुंचे हैं।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा प्रदेश में लगातार छठी बार टॉप पर

▸ अपराध अव अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क व सिस्टम के तहत बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मिली रैंकिंग

समृद्धि न्यूज

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले ने एक बार फिर सीसीटीएनएस रैंकिंग में बाजी मारी है। अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम के तहत बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उप्र ने अक्टूबर 2025 के आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में महोबा पुलिस ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिले को छठवीं बार पहला स्थान हासिल हुआ है। सीसीटीएनएस एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपितों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्रवाई आनलाइन दर्ज की जाती है। अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा ने पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट के कोआर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

**बैठक**

**प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के संवाद मंच पर दिया**

## आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस बनाने का प्रस्ताव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुई भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) से जुड़े संवाद मंच की बैठक में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने मानव केंद्रित विकास में मजबूती लाने के लिए तकनीकी जरूरी भूमिका पर जोर दिया और आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस बनाने का प्रस्ताव रखा।

उन्होंने कहा कि इससे तीनों देशों के बीच यूपीआई जैसे डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कोविन जैसे स्वास्थ्य मंच, साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क



और महिलाओं के नेतृत्व वाली तकनीकी पल को साझा करने में मदद मिलेगी। चालीस देशों में परियोजनाओं को मदद करने में आईबीएसए फंड के काम की तारीफ़ करते हुए प्रधानमंत्री ने साउथ-साउथ सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए जलवायु लचीली कृषि के लिए आईबीएसए फंड का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि वैश्विक प्रशासन से जुड़े हुए संस्थान 21वीं सदी की असलियत से बहुत दूर हैं। उन्होंने आईबीएसए से यह मज़बूत संदेश देने को कहा कि इनमें सुधार ज़रूरी है।

वैश्विक प्रशासन खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अब एक विकल्प नहीं अनिवार्यता है। आतंकवाद रोधी विषय पर प्रधानमंत्री ने करीबी समन्वय की जरूरत पर बल दिया और कहा कि आतंकवाद से लड़ते समय दोहरे मानदंड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सुरक्षित, भरोसेमंद और मानव केंद्रित एआई नॉर्म्स के विकास में योगदान देने की आईबीएसए की क्षमता पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने अगले साल भारत में होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट में आईबीएसए नेताओं को आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईबीएसए एक-दूसरे के विकास को पूरा कर सकता है और सतत विकास के लिए एक मिसाल बन सकता है। उन्होंने मोटा अनाज, प्राकृतिक खेती, आपदारोधी क्षमता, हरित ऊर्जा, पारंपरिक दवाएं और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के मौकों पर ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आईबीएसए सिर्फ़ तीन देशों का समूह नहीं है, बल्कि तीन महाद्वीपों के तीन बड़े लोकतांत्रिक देश और तीन बड़ी अर्थव्यवस्था को जोड़ने वाला एक जरूरी मंच है। प्रधानमंत्री ने बैठक को अफ्रीका की धरती पर पहले जी-20 शिखर सम्मेलन के साथ आयोजित किए जाने की सराहना की।

**अमेरिका की गैरमौजूदगी के बावजूद जी-20 सहयोग की जीत**

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने रविवार को कहा कि जोहान्सबर्ग में हुए जी20 सम्मेलन की घोषणा बहुपक्षीय सहयोग के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह दावा उन्होंने तब किया जब सम्मेलन में कई मुद्दों पर उनका अमेरिकी नेतृत्व से टकराव हुआ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। रामाफोसा ने जलवायु संकट, विकासशील देशों का कर्ज बोझ और ऊर्जा संक्रमण जैसे मुद्दों को घोषणा-पत्र में शामिल कराया-अमेरिका की कड़ी आपत्तियों और उसकी अनुपस्थिति के बावजूद। सम्मेलन के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि दुनिया के नेताओं के बीच साझा लक्ष्य हमारे मतभेदों से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22-23 नवंबर को हुए इस अफ्रीकी महाद्वीप के पहले जी20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार कर दिया। उनका आरोप था कि दक्षिण अफ्रीका की अश्वेत-बहुल सरकार देश की श्वेत अल्पसंख्या के साथ उत्पीड़न करती है—एक दावा जिसे पहले ही गलत साबित किया जा चुका है।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने का हिस्सा है एसआईआर

## एसआईआर फॉर्म डिजिटाइजेशन के प्रगति का औचक निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने ली जानकारी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने तहसील सदर गोण्डा, विकास खण्ड झंझरी तथा विकास खण्ड पण्डरीकृपाल में एसआईआर फार्म डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न केंद्रों पर चल रहे फॉर्म संकलन व फीडिंग की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों से कार्य की गति को लेकर आवश्यक पूछताछ की।

जिलाधिकारी ने एसआईआर फार्म डिजिटाइजेशन को निर्वाचन कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कार्य समयबद्ध, शतप्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि फार्मों का संकलन, सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कार्य की कम प्रगति सामने आई, तो जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर एवं संबंधित कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे तत्काल प्रभाव से कार्य की गति तेज करें तथा सुनिश्चित करें कि सभी एसआईआर फार्मों का शतप्रतिशत संकलन एवं फीडिंग समय पर पूर्ण हो जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कर्मचारी को उसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से सौंपते हुए प्रगति की समीक्षा की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की स्थिति पाई जाने पर उत्तरदायित्व तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक और तहसील स्तर पर टीमों को सक्रिय किया जाए, फील्ड में जाकर लंबित



फार्मों को तत्काल एकत्र कराया जाए और डिजिटाइजेशन कार्य निरंतर चलता रहे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और शुचित्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें बाधक बनने वाली किसी भी प्रकार की देरी या उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा, और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं भी प्रगति की निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरी प्रतिबद्धता और दक्षता के साथ पूर्ण हो जाएँ। उन्होंने भरोसा व्यक्त किया कि यदि सभी टीमें समन्वय और सतत प्रयासों के साथ काम करेंगी, तो एसआईआर फार्म डिजिटाइजेशन का लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सकेगा।

### शिथिलता पर दो बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैसरगंज में वीडीओ ने दर्ज कराया मुकदमा**


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एसआइआर का कार्य चल रहा है। सरकार के निर्देश के बावजूद ड्यूटी में लगे बीएलओ द्वारा शिथिलता बरती जा रही है फार्म भरने के दौरान ग्रामीणों से अभद्रता की जा रही है। जिसके चलते दो लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया गया है।एसआइआर कार्य शुरू होने के साथ ही लापरवाही की शिकायत आनी शुरू हो गई है। फार्म भरने में लगे बीएलओ ढिलाई बरत रहे हैं। जिसके चलते इन पर कार्रवाई हो रही है। विशेश्वरगंज इलाके के लक्खारामपुर निवासी अंकित सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि प्राथमिक विद्यालय निगोह में तैनात अनुदेशक अभिषेक सिंह द्वारा फार्म भरने के लिए जानकारी मांगने पर अपशब्दों का प्रयोग किया गया। फार्म भी नहीं भरा गया।जिस पर उन्होंने अनुदेशक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कैसरगंज विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार मौर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत इच्छापुर में ग्राम रोजगार सेवक गोविंद लाल को बीएलओ बनाया गया। इनके द्वारा अभी तक एसआईआर का काम शुरू नहीं किया गया है। कई बार एसआइआर कार्य के लिए सूचना भी दी गई।बावजूद इसके कार्य शुरू न करने पर थाने में तहरीर दी गई। थानाध्यक्ष संजीव सिंह चौहान ने बताया कि वीडीओ पंकज कुमार की तहरीर पर बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि इससे पूर्व भी दो शिक्षकों पर मुकदमा लिखाने के बाद उनके निलबंन की कार्रवाई डीएम के निर्देश पर की जा चुकी है।

# दबंगों ने जमीन व मकान पर किया कब्जा विरोध पर जान से मारने की धमकी

समृद्धि न्यूज

**इटियाथोक/गोंडा।** दबंगो के द्वारा सरे आम जमीन पर कब्जा कर लिया गया इस जमीन पर बने पुश्तैनी घर पर भी ताला तोड़कर उसमें रखे सामान को भी अपने कब्जे में ले लिया पीड़ित के मना करने पर जान से मार डालने का प्रयास करते हुए धमकी दी गई यदि जमीन के आसपास दिखाई दोगे तो जान से मार डाले जाओगे।

पूरा मामला ग्राम पंचायत शिवगढ़ थाना खरगूपुर जुड़ा हुआ है जहां के रहने वाले मंगल पुत्र बदलू ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया जमीन को बैनामा लिया था खतौनी मेरे नाम है विपक्षी रामचंद्र ने कूट रचित तरीके से जमीन को अपना बताकर कब्जा कर लिया इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि विपक्षी रामचंद्र यहां के निवासी नहीं है ना ही उनकी जमीन पर कोई औचित्य बन रहा है हम लोगों ने इनको यहां कभी देखा भी नहीं है फर्जी तरीके से जमीन को कब्जा कर रहे हैं इस



संबंध में ग्राम प्रधान रमेश से बात किया गया तो उन्होंने बताया विपक्षी दबंगई के बदौलत जमीन को कब्जा कर लिए हैं इनका कोई हक भी नहीं बन रहा है और ना ही यहां के वह निवासी है।

इस मामले हल्का लेखपाल दानिश खान ने बताया कि हमने जमीन की कोई पैमाइश नहीं किया है मेरे द्वारा कोई दिशा निर्देश नहीं दिया गया है यह लोग कैसे कब्ज़ा कर लिए हैं मुझे कोई जानकारी नहीं है विडंबना इस बात की है ग्रामीण के लोग विपक्षी को फ्रॉड बता रहे हैं व ग्राम प्रधान भी विपक्षी को फ्रॉड बता रहा है हल्का लेखपाल ने पैमाइश भी नहीं किया है जमीन को कैसे कब्ज़ा कर लिया यह जांच का विषय वस्तु है पीड़ित ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र दिया परंतु उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बड़े भाई की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाब गंज थाना थाना क्षेत्र के लव्वाबीरपुर के पीड़ी तिवारी पुरवा निवासी सुरेश यादव (35) अपने छोटे भाई लालबहादुर यादव के साथ परशुरामपुर, बस्ती में चाचा के लड़के की शादी में बारात में गए थे। देर रात दोनों भाई मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। गोंडा–अयोध्या मार्ग पर नंदिनी नगर के पास नकहा पुल के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को अयोध्या के श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने सुरेश यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि लालबहादुर को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम अयोध्या में कराया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मृतक सुरेश यादव चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है। घर में दो बच्चे—शिवा (10) और सिया (7) हैं। सुरेश ट्रक चालक का काम करता था, जबकि पिता बजरंगी यादव खेती करके परिवार चलाते हैं।

### रेलवे पुलिस अधीक्षक ने गोंडा जीआरपी का किया गहन निरीक्षण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को गोंडा जीआरपी का निरीक्षण रेलवे पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र के द्वारा किया गया माल खाने में रखे असलहों को लोड करने के बारे में पुलिस अधीक्षक के द्वारा वहां के पुलिस कर्मियों एवं सब इंस्पेक्टर से जब असलहा लोड करने के बारे में पूछा गया तो वह लोग नहीं बता पाए इस पर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी जताई और कहा कि इन लोगों को नियमितप प्रशिक्षण की आवश्यकता है आगे उन्होंने कहा की सुरक्षा में कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कर्मठ और ईमानदार पुलिसकर्मियों को पुरस्कार भी दिया।

### परिवार परामर्श केन्द्र में दो जोड़ा एक साथ रहने को हुए राजी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुड़े जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़ों को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थित सदस्यगण- उ0नि0 बृजेश कुमार चौबे (महिला थाना), शशि भारती, यशोदानंदन त्रिपाठी, संतोष ओझा, उमा सिंह, म0आ0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

### बाइक ठेले से टकराई, दो की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में देर रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। नगर कोतवाली इलाके में आजाद इंटर कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार बाइक ठेले से टकरा गई थी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे हुई। बाइक (संख्या क्क40 क्क।। 7017) एक अंडे के ठेले से टकराई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतकों की पहचान रामगांव थाना क्षेत्र के निवासी 20 वर्षीय इसरार और 15 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है। दोनों युवक शहर में एक शादी समारोह में काम करने आए थे।

### प्रतियोगिता में मदर टेरेसा, कल्पना चावला व किरन बेदी ग्रुप ने दिखाया दम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को एच.आर.ए. इंटर कॉलेज, उतरौला में कुकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर अंसार अहमद खान के निर्देशन में किया गया। इस प्रतियोगिता में मदर टेरेसा ग्रुप, कल्पना चावला ग्रुप और किरन बेदी ग्रुप ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन रिया गुप्ता और उनकी टीम द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप लीडर के रूप में सोनाक्षी भारती, प्रिज्मा यादव, इरक और साकिना ने अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। डायरेक्टर अंसार अहमद खान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुकिंग प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पाक कला का विकास करना, नई-नई रेसिपीज़ सीखने का अवसर प्रदान करना और भविष्य में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों एवं देसी-विदेशी स्वादों के बारे में चर्चा करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पानी पूरी, भेलपुरी, लिट्टी-चोखा, समोसा, सेवईं खीर, पकौड़ी, फोड़ापाव सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों को आकर्षक ढंग से तैयार कर प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सृजनात्मकता और स्वाद ने उपस्थित शिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रभावित किया। इस आयोजन में रेशम, लकी सिंह, एस्मा यादव, प्रीति गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दोस्ती बनी दुश्मनी : शादी में युवक पर जानलेवा हमला, क्षेत्र में सनसनी



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक शादी समारोह में शामिल होने गया युवक अपने ही दोस्त के चाकू हमले का शिकार हो गया। आपसी विवाद ने इतना खौफनाक रूप ले लिया कि देखते ही देखते खुशी का माहौल दहशत में बदल गया।

बताया जा रहा है कि अकरौरा निवासी अमरेश गुप्ता अपने दोस्तों के साथ हंसुवापारा गाँव स्थित शादी कार्यक्रम में गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसके एक साथी ने अचानक उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे अमरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को नजदीकी सीएचसी पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसके हालात नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले की जाँच शुरू कर दी है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# डॉक्टर पंकज ने निशुल्क हृदय जांच शिविर का किया आयोजन

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** वर्गों में तेजी से बढ़ रही ब्लड शुगर एवं हृदय रोग की समस्या को देखते हुए डॉ पंकज श्रीवास्तव द्वारा दिल से दिल तक का एक मुहिम की शुरुआत की इसी अंतर्गत हिन्द हार्ट इंस्टिट्यूट एवं कायस्थ समाज गोण्डा द्वारा द्वारा आयोजित निश्शुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चेस्ट एंड डायबीटिक सेंटर स्टेशन रोड निकट जिला अस्पताल गोंडा में आयोजित किया गया इस नि.शुल्क शिविर में लगभग डेढ़ सौ मरीजों का एक ब्लड शुगर ईसीजी, पीएफटी, लफ्टटी एचबीवनसी, आरबीएस, लिक्विड प्रोफाइल कई नि.शुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया।

नि.शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में श्री चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया ने डॉ पंकज श्रीवास्तव सर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में लोग स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते हैं इससे आगे चलकर कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ-साथ हृदय रोगों के प्रति लोगों को जागरूकता का भाव है अगर सही समय पर व्यक्ति का उपचार हो जाए तो व्यक्ति गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। चरक हार्ट इंस्टिट्यूट लखनऊ के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी अपने दिल का रखें ध्यान नहीं तो रहेंगे परेशान के साथ लोगों में युवा वर्गों में हृदय रोग की समस्या को देखते हुए दिल से दिल तक एक मुहिम की शुरुआत कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए कहा इसके लिए आपको कम से कम 45 मिनट व्यायाम मॉर्निंग वॉक करना चाहिए खाने में नमक का तेल का सेवन कम करें वसायुक्त मसालेदार भोजन से बचना चाहिए चेस्ट फिजिशियन डॉ ए के उपाध्याय ने कहा कि हमारे देश में मधुमेह वह हृदय रोगों की बीमारी बड़ी तेजी से फैल रही है या बीमारी आजकल युवा वर्गों में अधिक पाई जा रही है इसलिए ऐसे ही निश्शुल्क कैंप लगाकर लोगों को इस गंभीर बीमारी से बचने के लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा।

चित्रण कल्याण समिति के पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर लोगों को भी ध्यान रखना होगा और समय-समय पर ऐसे कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा इस कैंप को सफल बनाने में चित्रगुप्त सभा से अश्विनी श्रीवास्तव हर्षवर्धन, दिनेश श्रीवास्तव गगन विवेक चित्रांश कल्याण समिति के अध्यक्ष डीके श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रेम शंकर लाल, अतुल श्रीवास्तव, पत्रकार सौरभ श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से अभय श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, विकास मनोहर विचित, आदि ने हाईवे डॉक्टर पंकज सर एवं डॉ राहुल सर को बुके एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष श्रीवास्तव पंकज सिन्हा राघवेंद्र का अहम योगदान रहा।

# एएसपी सिटी ने थाना रिसिया का किया निरीक्षण







समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना रिसिया का औचक कर थाना क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन चौकी का भी स्थलीय अवलोकन किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह ने थाना रिसिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का व्यापक परीक्षण किया गया। एएसपी ने महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, आगन्तुक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, हवालात, बैरक सहित समस्त परिसर का निरीक्षण किया।

इस दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख-रखाव, तथा आगंतुकों के बैठने एवं सहायता की व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त थाने पर नियुक्त उपनिरीक्षक के साथ विवेचना निस्तारण, प्रार्थना पत्रों की जाँच, आईजीआरएस आदि अन्य विषयों पर मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।फरियादियों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल देते हुए महोदय ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही थाने में उपलब्ध सुविधाओं को मानक के अनुरूप बनाए रखने तथा व्यवहार में सौम्यता को प्राथमिकता देने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एएसपी ने निर्माणाधीन चौकी कटिलिया के निर्माण कार्य का स्थलीय अवलोकन किया। एएसपी ने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पांडेय व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराकर ली सलामी

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराकर सलामी ली। रविवार को जनपद स्थित रिज़र्व पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा दिवस गरिमा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने एवं पुलिस ध्वज के ध्वजारोहण के साथ किया गया। पुलिस झण्डा दिवस, जिसकी शुरुआत 23 नवम्बर 1952 से हुई, पुलिस बल की गौरवशाली



परंपरा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भावना का प्रतीक है।ध्वजारोहण उपरांत एएसपी ने अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस ध्वज हमें कर्तव्यपरायणता, सेवा, साहस और नैतिक आचरण का संदेश देता है।


उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस फ्लैग स्टिकर लगाया तथा नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की मजबूती और विभाग की मर्यादा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, पुलिस लाइन कर्मी, रिक्रूट आरक्षियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने तंबाकू छोड़ने की ली शपथ

**तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत हुआ गोष्ठी का आयोजन**

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलारगंज के सभागार कक्ष में तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उनसे होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु कार्यशाला/ गोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज के डॉ0 परितोष तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि तंबाकू और तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप और मुख के कैंसर की समस्याये बहुत बढ़ गई है।

मुख के रोग ज्यादा हो रहे है। उन्होंने तम्बाकू उत्पादों को छो?ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि तम्बाकू उत्पाद छो?ने हेतु टोल फ्री नंबर 1800112356 पर बात कर सकते है। उन्होने कहा कि तम्बाकू का लत व्यक्ति के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बादी को ओर ले जाती है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगो को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है। धारा 6 के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में नाबालिगों द्वारा तम्बाकू के क्रय तथा विक्रय पर प्रतिबंध है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. तिवारी ने मौजूद छात्र छात्राओं, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं नर्सिंग प्रशिक्षकों को तंबाकू एवं तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के लिए शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर एमओआईसी डॉ हसमत अली, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर सीएचओ किरण दीक्षित, नर्सिंग ट्यूटर जूली शुक्ला, डॉ रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, मनीष कुमार, अशोक श्रीवास्तव, अनिल कुमार तिवारी, आशुतोष मिश्रा समेत बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर एक चालक गंभीर रूप से घायल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर रविवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र के भवनियापुर गांव के पास सुबह करीब आठ बजे हुई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक चालक साबिर (45 वर्ष), जो मुरादाबाद जनपद का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर नानपारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल चालक साबिर को तत्काल इलाज के लिए नानपारा के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के कारण दोनों क्षतिग्रस्त वाहन सड़क के बीचों-बीच फंस गए, जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। यातायात बाधित होने की सूचना पर नानपारा पुलिस ने हाइड्रा मशीन मंगवाई। हाइड्रा की मदद से दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु रूप से बहाल हो सका।


## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्हौवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2025 से 30.11.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा मूल्य-100 रू.

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्हौवा | कम्पोजिट विद्यालय किल्हौवा में बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 5.20 | 2 प्रतिशत | ईटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, सरिया, चूना आदि | 93 मी. | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुगौरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2025 से 30.11.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा मूल्य-100 रू.

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुगौरा | गुगौरा में हाट बाजार निर्माण कार्य | 4.81 | 2 प्रतिशत | गिट्टी, बालू, सीमेन्ट, पाइप, चद्दर ईटा आदि | 20X6 | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

# महिला सशक्तीकरण के जरिए बदलाव की मिसाल पेश कर रहा यूपी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली सरकार में उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय स्वतंत्रता और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में तेजी से सुधार हुआ है। इसी परिवर्तन को आधार बनाकर उत्तर प्रदेश आज महिला सशक्तीकरण के जरिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नई मिसाल पेश कर रहा है।

सरकार प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सबसे पहले महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी। एंटी रोमियो स्क्वाड की सक्रियता, 1090 वुमेन पावर लाइन का विस्तार और पिंक पेट्रोलिंग जैसे कदमों ने महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया है। शहरों और गांवों दोनों में बदलते सामाजिक वातावरण का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। परिवारों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर सकारात्मकता बढ़ी है और माता-पिता अब बिना किसी संकोच के बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में मिशन शक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके माध्यम से महिला समूहों को नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और जागरूकता से जोड़ा गया। बालिकाओं के लिए कायाकल्प, स्कूलों में जेंडर सेफ्टी प्रोग्राम और किशोरी स्वास्थ्य अभियान जैसे प्रयासों ने सामाजिक बदलाव की सुदृढ़ नींव रखी।

### महिला उद्यमियों को दिया जा रहा है विशेष प्रोत्साहन

प्रदेश में लाखों महिलाएं आज स्वयं सहायता समूहों के जरिए उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। बैंक सखी, बीसी सखी और कृषि सखी जैसे मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को गति दे रहे हैं। बैंकिंग सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ग्रामीण बैंकिंग को नए स्तर पर पहुंचा रही है। ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना) ने महिलाओं को स्थानीय उत्पादों पर आधारित रोजगार से जोड़ने का मजबूत अवसर दिया है। हथकरघा, हस्तशिल्प, फूड प्रोसेसिंग और स्थानीय उद्योगों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। शासन की ओर से आसान ऋण, प्रशिक्षण, मार्केट लिंक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहयोग मिलने से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। स्टार्टअप नीति के अंतर्गत महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। महिला आधारित स्टार्टअप को अनुदान और मार्गदर्शन मिलने से टेक्नोलॉजी आधारित उद्यमों में भी उनकी भागीदारी बढ़ी है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के जरिए पोषण उपक्रम, यूनिफॉर्म निर्माण, समुदाय आधारित स्वच्छता सेवाएं और स्थानीय उत्पादन यूनिट्स चलाने वाली महिलाओं ने साबित किया है कि आर्थिक सशक्तीकरण ग्रामीण विकास को भी गति देता है।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से संबंधित आंकड़े

1- उत्तर प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या 2025 तक लगभग 95 लाख सदस्यों तक पहुंच गई है ।
2- सभी ग्राम पंचायतों में बीसी सखियों की तैनाती की गई है। वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तीकरण को गति देने वाले इस प्रयास के अंतर्गत बीसी सखियों ने लगभग 32 हजार करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया है।
3- ओडीओपी योजना में महिलाओं की भागीदारी 2018 की तुलना में 2024 तक लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विशेष रूप से यह वृद्धि हस्तशिल्प, हथकरघा, फूड प्रोसेसिंग और वूडक्रॉफ्ट क्षेत्रों में दर्ज हुई है।
4- महिला उद्यमिता मिशन और स्टार्टअप नीति के अंतर्गत 2025 तक लगभग 3200 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप रजिस्टर्ड हुए हैं।
5- विगत साढ़े 08 वर्षों में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 14 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत हो गई है।

### डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी को लगाया फ्लैग पिन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर यहां 'पुलिस कलर' (झंडा) लगाया। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी को रविवार को उनके यहां सरकारी आवास पांच, कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने फ्लैग पिन लगाया। योगी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा, ''कर्तव्यनिष्ठा, वीरता और सेवा-समर्पण की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक 'पुलिस झंडा दिवस' के अवसर पर आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने पुलिस कलर (झंडा) लगाया।

## खबरें एक नजर में

### युवाओं को नैतिक शिक्षा प्रदान करती है श्रीमद्भागवत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिन का रसपान ब्रह्मषी किरीट भाई द्वारा श्रीहरि भक्तों कराया गया। श्रीमद्भागवत कथा युवाओं के लिए सांसारिक मोह, शोक और भय से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ जीवन जीने की कला और मूल्यों को सिखाती है। यह कथा भगवान कृष्ण की लीलाओं के माध्यम से प्रेम, करुणा और दया जैसे जीवन के वास्तविक भावों को समझने में मदद करती है, जिससे वे एक आदर्श समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। यह नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करती है जो युवा पीढ़ी को भ्रष्टाचार और सामाजिक कुरीतियों से बचा सकती है सनातन धर्म ही सर्वोपरि है, जो हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस कथा के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान और शांति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। श्रीमद् भागवत कथा में महात्मय और प्रथम स्कन्ध का विशेष महत्व है। भागवत महात्म्य के अनुसार, कलियुग में जहाँ-जहाँ पावन भागवत शास्त्र रहता है, वहाँ भगवान विष्णु देवताओं के साथ उपस्थित रहते हैं। भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और यह जीवन को सही मार्ग पर ले जाने में सहायक है।

### डिप्टी सीएम ने रेडक्रॉस के ब्लडबैंक का किया शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा की तरफ से ब्लड बैंक की स्थापना के लिए रविवार को भूमि पूजन हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विधिवत पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा बनाये जा रहे इस ब्लड बैंक में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं व नि:शुल्क सेवाएं जनमानस को प्रदान की जाएंगी। जिससे किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को समय से रक्त मिल सके व मरीज की जान को बचाया जा सके। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के उप सभापति अमरनाथ मिश्र ने कहा की यह ब्लड बैंक जल्द ही तैयार होकर जनमानस को सेवा प्रदान करेगा। इसका मकसद हर जरूरतमंद को ब्लड मुहैया कराना है। कार्यक्रम के दौरान रामानन्द कटियार ने इस भूमि पूजन कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य सदस्यों, स्वयंसेवकों और स्टाफ कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### खादी महोत्सव में बिक्री 15 लाख के पार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री का ग्राफलगातार बढ़ रहा है। रविवार के अवकाश के कारण भारी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे, परिणामस्वरूप महोत्सव में लगभग 15.24 लाख रुपए की बिक्री हो चुकी है।प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये उद्यमियों द्वारा खादी पर आधारित पारम्परिक कला, शिल्प एवं वस्त्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें स्वराज आश्रम कानपुर द्वारा निर्मित कुर्ता-पायजामा, सदरी आदि वस्त्रों के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन एवं खिलौने विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। उद्यमियों ने बिक्री में निरंतर बढ़ोतरी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। महोत्सव के अंतर्गत आज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग 8 से 15 वर्ष में पीहू ने प्रथम, श्रद्धा ने द्वितीय तथा अक्षत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग 16 से 22 वर्ष में सुमन कुमारी को प्रथम, मो खालिद को द्वितीय तथा अनन्या को तृतीय स्थान मिला। विजेताओं को वीके श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबन्धक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शाम की सांस्कृतिक संध्या में गायिका कुसुम वर्मा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**लखनऊ 23 से 29 नवंबर तक करेगा राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी, विकसित युवा, विकसित भारत है इसकी थीम**

# डिप्टी सीएम ने किया 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का उद्घाटन

**स्काउट्स एण्ड गाइड्स को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को राजधानी लखनऊ में वृंदावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित हो रही राष्ट्रीय जम्बूरी में बने 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का उद्घाटन किया। भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स की राष्ट्रीय जंबूरी में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्ता सुनिश्चित करने के लिए यहां चरक अस्पताल बनाया गया है।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत किया और कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल का निरीक्षण करने के साथ वहां तैनात चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देशित किया कि वे देश भर से आने वाले स्काउट्स एण्ड गाइड्स को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं ताकि देश भर में उत्तर प्रदेश के सुशासन का संदेश जाए। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

### सशक्त युवा विकसित भारत की थीम

लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक हो रही यह राष्ट्रीय जम्बूरी न केवल कौशल विकास का मंच है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व की क्षमता और सामुदायिक सेवा पर केंद्रित है। जम्बूरी का प्रमुख उद्देश्य न केवल स्काउट्स और गाइड्स के बीच एकता और दोस्ती को बढ़ावा देना है, बल्कि इसे सशक्त युवा, विकसित भारत की थीम के साथ देशभर में युवा शक्ति को सशक्त बनाने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी केवल एक स्काउट्स और गाइड्स का आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता का विश्व मंच पर प्रदर्शन है।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत किया और उन्हें इस राष्ट्रीय जंबूरी के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में न केवल भारत देश के बल्कि दुनिया के तमाम देशों के प्रतिनिधि भी भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में सभी प्रकार की उच्च स्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की गई और इससे उत्तर प्रदेश की वैश्विक छवि बनेगी। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं को बड़ी राहत : यूपी में नहीं बढ़ेगी बिजली की दरें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए लगातार छठे वर्ष बिजली दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी बिजली दरें नहीं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में आखिरी बार बिजली की दरें वर्ष 2019-20 में संशोधित हुई थीं। यही नहीं, आयोग ने नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए भी मौजूदा दरें जारी रखने और 10 प्रतिशत छूट को आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। आयोग ने यह फैसला विभिन्न डिस्कॉम के वार्षिक राजस्व आवश्यकता व बिजली दरों पर विस्तृत सुनवाई के बाद दिया।

## ट्रक की टक्कर से बच्चे समेत दो की मौत, तीन लोग गंभीर रुप से घायल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** काकोरी थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक सड़क हादसा हुआ। इब्राहिमगंज और रानीखेड़ा के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक और एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, उन्नाव के नेवलगंज महाराजपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे लोग ई-रिक्शा से अपने घर जा रहे थे। तभी लखनऊ से मोहन रोड की ओर जा रहे ट्रक (एचआर 37डी 5189) ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक शनि (38), पुत्र सुरेश, निवासी केवलहार, थाना मलिहाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके साथ उनकी बुआ की बेटी गुड़िया (40), पत्नी दीपू, निवासी जमाल नगर, थाना दुबग्गा, और उनके तीन बच्चे जानवी (12), मानवी (10) तथा वाशु (8) भी सवार थे। टक्कर के बाद सभी सड़क पर गिर गए। हादसे में सबसे गंभीर चोटें वाशु (8) और चालक शनि को लगी थीं। निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान चालक शनि (38) ने दम तोड़ दिया।

# शादी से मना करने पर युवती की गला रेतकर की हत्या

**आरोपी आलोक शराब पीने का था आदि**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में एक युवक ने घर में घुसकर युवती की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद वह बाइक से भाग गया। लड़की 10 मिनट तक जमीन पर पड़ी तड़पती रही। फिर घर के दरवाजे पर ही दम तोड़ दिया।

लड़की का नाम प्रियांशी रावत था। वह बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। गला रेतने का आरोप आलोक नाम के लड़के पर है। दोनों की शादी तय हुई थी, लेकिन बाद में लड़की के परिवारवालों ने शादी करने से मना कर दिया था। वजह थी, लड़का शराब पीने का आदी था। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वारदात रविवार को मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में हुई। धर्मावतखेड़ा गांव में प्रियांशी रावत (19) रहती थी। उसके पिता रमेश रावत की करीब 3 साल पहले मौत हो चुकी है। घर में मां पूनम और एक छोटी बहन महक रहती है। मां पीजीआई इलाके में काम करती है। रविवार को मां पूनम अपने काम पर चली गई। घर में प्रियांशी और महक थीं। महक ने बताया कि आलोक आया था। उसने हमारे घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद वह घर आया और पूछा कि दीदी कहां है? हमने कहा कि सो रही है। वह ऊपर चला गया और कहने लगा कि उन्हें भेज दो। मेरे कहने पर दीदी ऊपर गई, तो आलोक ने पूछा कि शादी करोगी या नहीं? दीदी ने मना किया।इसके बाद आलोक ने जेब से चाकू निकाला और दीदी का गला काट दिया। दीदी की चीख सुनकर मैं ऊपर की तरफ भागी, तो आलोक दौड़कर नीचे आया और बाइक से भाग गया। मैंने देखा, तो दीदी सीढ़ी से नीचे की तरफआ रही थी। उसके गले से खून बह रहा था। करीब 10 मिनट तक वह तड़पती रही, फिर उसकी मौत हो गई।

### परिवार के 12 लोग पेट्रोल लेकर सुसाइड करने पहुंचे, पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ में एक परिवार के 12 लोग पेट्रोल लेकर सुसाइड करने के लिए पहुंचे। परिवार सीएम आवास की ओर बढ़ रहा था। रविवार दोपहर लालबत्ती चौराहे पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। उन्हें देखकर पुलिस को शक हो गया। इसके बाद पुलिस ने तलाशी ली, तो उनके पास से पेट्रोल मिला। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर गौतमपल्ली थाने ले गई। उनसे पूछताछ की जा रही है। परिवार उन्नाव के लोणारी खेड़ा थाना क्षेत्र के असीमन गांव का रहने वाला है। 12 लोगों में 6 नाबालिग हैं। परिवार के दो लड़कों पर बगल के गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने शनिवार को बेटी से छेड़खानी की एफआईआर दर्ज कराई थी। असीमन निवासी कप्तान यादव ने बताया, बगल के गांव में रहने वाला एक परिवार हमें मारना चाहता है। ये लोग शराब पिलाकर फर्जी मुकदमे दर्ज करवाते हैं। 3 महीने पहले एससी-एसटी केस में भी फंसा चुके हैं। ये सभी लोग इलाके के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम करते हैं। इसकी शिकायत कई बार अफसरों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हम लोगों ने सामूहिक आत्महत्या करने की योजना बनाई।

## सिख विरासत को सम्मान देना सरकार की प्राथमिकता

**गुरु का ताल गुरुद्वारा का होगा समेकित पर्यटन विकास, दो करोड़ मंजूर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** धार्मिक स्वतंत्रता के अमर प्रतीक गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर उत्तर प्रदेश ने सिख विरासत को सम्मान देते हुए आगरा स्थित गुरु का ताल गुरुद्वारा के समेकित पर्यटन विकास को नई गति दी है।

इतिहास साक्षी है कि गुरु तेग बहादुर ने अपने आगरा प्रवास के दौरान यहां विश्राम किया था। राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास मद से 2 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत किए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर अदम्य साहस, मानवता के प्रतीक रहे हैं। उनका बलिदान हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। गुरु तज बहादुर की वीरता और मूल्यों के कारण उन्हें 'भारत का कवच' और 'हिन्द दी चादर' जैसे उपनाम प्राप्त हुए, जो आज भी समाज को सत्य, करुणा और न्याय के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।'पर्यटन के लिहाज से आगरा उत्तर प्रदेश का प्रमुख केंद्र रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, एनसीआर, लखनऊ और बुंदेलखंड क्षेत्र के करीब होने का फायदा भी पर्यटकों को मिलता है। विभिन्न रास्तों से आगरा तक पहुंचना सुलभ है। वर्ष 2024 में आगरा आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 1.78 करोड़ रही थी, जो वर्ष 2025 के जनवरी से जून तक 77,09,078 रही। प्रतिवर्ष देश ही नहीं दुनियाभर से बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगरा आगमन होता है, जिससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार के भी रास्ते खुले हैं।'उत्तर प्रदेश का आगरा जिला पर्यटन मानचित्र पर चमकता ध्रुव ताराष् है। समृद्ध प्राचीन विरासत, विविध आध्यात्मिक स्थलों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित पर्यटन आकर्षणों की बदौलत यह जनपद देश-विदेश के यात्रियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बन गया है। ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी जैसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के साथ, प्रदेश का पर्यटन विभाग सर्वधर्म समभाव की भावना पर चलते हुए यूपी की बहुआयामी आस्था-परंपराओं को सुरक्षा, सम्मान और नए विकास अवसरों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एक करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य पर हो काम : केशव

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि यूपी में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर काम किया जाए। जो स्वयं सहायता समूह खाद्य प्रसंस्कृत सामग्री बना रहे हैं, उनकी जिलावर सूची बनाकर उन्हें खाद्य प्रसंस्करण विभाग से जोड़ा जाए और नियमानुसार सब्सिडी दिलाई जाए। डिप्टी सीएम केशव मौर्य अपने कैंप कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा, आठ हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री सूक्ष्म साद्य उद्योग उन्नयन योजना से जोड़ा जाए। नए समूहों के गठन का काम युद्ध स्तर पर करवाया जाए और निष्क्रिय सम्मूहों को सक्रिय किया जाए। रिन समूहों को रियॉल्विंग फंड नहीं दिया गया है, उन्हें तत्काल दिलाया जाए।

## सभी पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह के निर्देश पर जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षकों, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों बीपीएल और सीपीएम ने अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से गर्भवती, धात्री, बच्चों, युवा व बुर्जुग सभी को अपने घरों के समीप ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं व उन्हें विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5321 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 2094 पुरुष, 2479 महिलायें और 748 बच्चे शामिल हैं।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मिल रही हैं यह सेवाएं

1- प्रसवपूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं।
2- सम्पूर्ण टीकाकरण।
3- बच्चों की स्वास्थ्य जांचें, दवाओं तथा संदर्भन
4- पांच साल के बच्चों में कुपोषण कीपहचान कर आवश्यक प्रबंधन।
5- परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं।
6- टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन।

### जनता का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : शर्मा

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। निर्णय प्रदेश सरकार की जनकेन्द्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ऐसे निर्णय ले रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नटर्रा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2025 से 30.11.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नटर्रा | जूनियर विद्यालय नटर्रा में एम.डी.एम. किचन शेड निर्माण कार्य | 6.26 | 2 प्रतिशत | ईटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, पाइप, चद्दर आदि | 20X6 | 6 माह |

निविदा मूल्य-100 रू.
शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव



## कार्यालय ग्राम पंचायत नेकपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2025 से 30.11.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेकपुरा | कम्पोजिट विद्यालय नेकपुरा में एम.डी.एम. किचन शेड निर्माण कार्य | 6.98 | 2 प्रतिशत | ईटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, पाइप, चद्दर आदि | 20X6 | 6 माह |

निविदा मूल्य-100 रू.
शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव


**अभियान** — **यूपी में तीन करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का हो चुका है संग्रह एवं डिजिटाइजेशन : रिणवा**

# हर मतदाता को चार दिसंबर तक बीएलओ को देना है गणना प्रपत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मतदाता को स्वयं से संबंधित गणना प्रपत्र को सही से भरकर हस्ताक्षर करने के बाद 4 दिसंबर तक मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध कराना है।

उत्तर प्रदेश में हुए पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद वर्ष 2003 में तैयार मतदाता सूची में अपना या अपने संबंधी का विवरण खोजने के लिए वेब पोर्टल ेजजचेरूध्ध्अवजमते.मबप.हवअ.प द पर जाएं, सर्च योर नेम इन लास्ट एसआईआर पर क्लिक करें, सर्च बाई इलेक्टर डिटेलस टैब पर जाएं। ऐसा कर अपने या अपने संबंधी की डिटेल्स आसानी से खोज सकते हैं। 2002-2004 की अवधि में मतदाता भारत के किसी अन्य राज्य में रहा हो तो उस राज्य में उस अवधि में संपन्न एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची भी उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है एवं उसे वहाँ से देखा जा सकता है। गणना प्रपत्र को उपर्युक्त वेब पोर्टल पर ही ऑनलाइन भी भरने की सुविधा उपलब्ध है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता उपरोक्त पोर्टल पर जाकर अपना एपिक नंबर दर्ज कर अपने बीएलओ का नाम व फोन नंबर पता कर सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बुक ए कॉल बि योर बीएलओ सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने पर आपके क्षेत्र के बीएलओ को यह नोटिफिकेशन जाता है कि आप उससे बात करना चाहते हैं एवं आपका नाम व मोबाइल नंबर बीएलओ एप पर प्रदर्शित होता है।बीएलओ से अपेक्षा की गई है कि मतदाता द्वारा बात करने की इच्छा जताने पर 48 घंटे के भीतर मतदाता को बीएलओ द्वारा वापस कॉल की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए टेलीफोन की हेल्पलाइन भी उपलब्ध है।जनपद के एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करने पर घंटी उस जनपद के जनपद सम्पर्क केंद्र पर जाती है। मतदाताओं द्वारा फोन करने पर जिला संपर्क केंद्र पर बैठे कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाता है एवं उनकी शिकायत दर्ज की जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं नगर आयुक्तों को नगरीय इलाकों में अधिक से अधिक हेल्प डेस्क संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। कॉन्टैक्ट सेंटर एवं हेल्प डेस्क पर एसआईआर प्रक्रिया से पूर्णतया भिज्ञ एवं प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती केनिर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया उत्तर प्रदेश में अभी तक 3 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेने एवं अपने बीएलओ का सहयोग करने की अपील भी की। नगरीय क्षेत्रों में प्राय बीएलओ स्थानीय कर्मचारी नहीं होता है अतः नगरीय क्षेत्रों में बीएलओ का काम ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले कठिन होता है।

# ओसीएफ में बजी शहनाइयां, 178 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**नव विवाहित जोड़ों को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दिया आशीर्वाद**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिला प्रशासन के तत्वावधान में रविवार को विधानसभा सदर रामलीला मैदान में 178 जोड़ो का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना अध्यक्षता में ओसीएफ मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहोत्सव 2025 समारोह का फीता काटकर, भगवान गणेश के चित्र समक्ष दीप जलाकर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कुल 178 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें 138 हिंदू एवं 40 मुस्लिम जोड़ो का विवाह संपन्न धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संपन्न कराया गया। मंत्री ने पंडाल में पहुंचकर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा वर पक्ष को हिदायत दी कि बेटी को किसी भी तरह परेशान न करें।सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रति जोड़े सरकार द्वारा 100000 दिए जाते हैं, जिसमें से 60000 लड़की के बैंक खाते में एफडी के रूप में तथा 25000 की वस्तुएं एवं 15000 अन्य व्यवस्था में खर्च किए जाते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 7,8 वर्षों से बहुत प्रसिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि लड़की पैदा होते ही समाज में लोग मुंह बनाने लगते थे। मुख्यमंत्री ने यह योजना लाकर लोगों की सोच को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार बेटी के पैदा होने से लेकर पढ़ाई लिखाई के लिए 06 चरणों में 25000 देती है। जिससे बेटियां आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सके। सरकार द्वारा सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से बेटियां जुड़कर विभिन्न वस्तुओं का उत्पाद बनाकर मार्केटिंग करके आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि जो आज नव दांपत्य जोड़े शादी के बंधन में बंद रहे उनकी धूमधाम से शादी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़े सरकार द्वारा 100000 दिए जाते हैं, जिसमें से 60000 की लड़की के नाम एचडी बनाई जाती है 25000 के गहने एवं वस्तुएं खरीदी जाती हैं तथा 15000 के व्यवस्थाओं में लगते हैं। उन्होंने बताया 25000 में पैंट शर्ट, साड़ी, एक जोड़ी चांदी की पायल, बिछिया, डिनर, वाटर कूलर, ट्रॉली बैग सीलिंग फैन, कम्बल, पगड़ी, सेहरा सहित कुल 27 वस्तुएं खरीदी जाती है।

मुख्य अतिथि ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जनपद में अब तक 8661 तथा सदर विधानसभा में 2035 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध चुके हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों को बोझ न समझा जाए केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज शादी की बहुत अच्छी मुहूर्त है। सरकार से लेकर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियो की और से नव दांपत्य जोड़ों को भविष्य की उज्जवल कामना है। सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार गरीब बेटियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत हाथ पीले करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत सरकार द्वारा प्रति जोड़े एक लाख रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बेटी पैदा होने पर लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है सरकार जन्म से लेकर पढ़ाई लिखाई तथा विवाह तक की सारी व्यवस्था की है। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि सभी का जीवन सुखद रहे। सरकार द्वारा जनपद में विकास की गंगा बह रही है। जनपद में नेशनल हाई-वे, रेलवे, अस्पताल आदि विकास कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना करते हुए सभी नव विवाहित जोड़ों को उनके दंपति जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी है योजना है इसमें जरूरतमंद लोगों को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने सभी जोड़ों को एवं उनके परिवारजनों को धन्यवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायतअध्यक्ष ममता यादव ने भी नव दंपतियों को बधाई देते हुए जीवन में बहुत आगे बढ़ाने की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डा.इंदु अजनबी द्वारा किया गया।

अंत में मुख्य अतिथि ने नव दंपतियों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयक्त डा.विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, डीडीओ ऋषिपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, मुनेश्वर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस कार्यालय में समारोह आयोजित



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस कार्यालय में एक सादगीपूर्ण किंतु गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने क्षेत्राधिकारी नगर पकंज पंत तथा क्षेत्राधिकारी कार्यालय के साथ पुलिस ध्वज फहराया और ध्वज को सलामी दी।

इस दौरान राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के संकल्प को दोहराया गया। अपने संबोधन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने पुलिस बल की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन और जन-सेवा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य, सेवा और समर्पण की पहचान है, जिसे प्रत्येक पुलिसकर्मी को गर्व के साथ सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस ध्वज का प्रतीक अपनी वर्दी पर धारण किया। यह प्रतीक पुलिस बल की एकता, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता का प्रतिनिधित्व करता है। अंत में पुलिस कर्मियों ने प्रदेश और राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने, कानून-व्यवस्था को सुचारू रखने तथा जनता की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### गायब हुई लड़की को पुलिस ने किया बरामद प्रक्रिया पूर्ण होने तक भेजा वन स्टॉप सेंटर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** स्कूल की चार सहेलियों द्वारा दो युवकों से बात कराने के चलते गायब हुई हुई नाबलिग लड़की को पुलिस ने रविवार को बरामद कर लिया है । जिसे वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने तक वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बेटी की स्कूल की चार सहेलियों द्वारा उसकी गैर मौजूदगी में घर आकर अपने फोन से दो युवकों से बात कराने और उनकी साजिश से लड़की को बीती 17 नवंबर को गायब कर देने की चार सहेलियों समेत मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी फैसल पुत्र भूरे व मोहल्ला चौहटिया निवासी कैफ उर्फ ऐके पुत्र नत्थू खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लापता हुई लड़की को बरामद कर लिया गया है । जिसे वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने तक के लिए वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया।

### करंट लगने युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के चकझाऊ गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चकझाऊ निवासी मुनव्वर अली ने बताया कि उनका बेटा अहमद गांव में ही नाजिम खां की टेंट दुकान पर मजदूरी करता था। बीती रात लगभग 9:30 बजे बारात जाने के बाद वह टेंट उखाड़ रहा था, तभी अचानक 11 हजार वोल्ट की लाइन का करंट लग गया। करंट लगते ही अहमद सीढ़ी से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों का आरोप है कि टेंट मालिक नाजिम खां ने न तो तत्काल किसी को सूचना दी, और न ही अहमद को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे बाद पड़ोसियों ने घर वालों को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस आने के बाद घायल अहमद को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### एसपी कॉलेज के पास चाइनीज मांझे का कहर, छात्र शशांक की गर्दन व कटे हाथ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** प्रतिबंध के बाद भी शहर में चाइनीज मांझा मौत का फंदा बनता जा रहा है। ताज़ा मामला बीबी जई हद्दफ निवासी इंटर के छात्र शशांक मिश्रा का है। रविवार शाम करीब चार बजे वह कोचिंग से घर लौट रहा था। जैसे ही वह एसपी कॉलेज के समीप पहुंचा, अचानक सड़क पर लटकते चाइनीज मांझे ने उसकी गर्दन और हाथ पर गहरा चीरा मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन फानन में लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। शशांक संजय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि चाइनीज मांझे पर रोक केवल कागजों में है जमीन पर अमल कहीं नहीं। इससे पहले कल शनिवार को ददरौल के सैंजना गांव निवासी ऋषिपाल वर्मा की गर्दन इसी मांझे से बुरी तरह कट गई थी। लगातार हो रही घटनाओं से आमजन दहशत में हैं। लोग पूछ रहे हैं आखिर कब कार्रवाई होगी। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है जबकि रोजाना किसी न किसी की गर्दन पर चाइनीज मांझा चोट पहुंचा रहा है। शहर भर में बिजली के खंभों, पेड़ों और सड़कों पर उलझा मांझा खतरा बना हुआ है, लेकिन इसके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत सख्ती कर चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर कड़े कदम उठाए वरना बड़ी दुर्घटना किसी भी वक्त हो सकती है।

# भगवान के स्वरूप का पूजन कर मेले का शुभारम्भ



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गाँव खंडहर में रामलीला मेला का शुभारंभ कटरा के विधायक वीर विक्रम सिंह व पूर्व विधायक शरदवीर सिंह ने भगवान के स्वरूपों का पूजा अर्चन कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

दस दिवसीय यह मेला मेला रामलीला कमेटी खंडहर द्वारा कराया जाता है। कमेटी के अध्यक्ष यदुवेन्द्र सिंह ने बताया कि बिहार प्रांत के दरभंगा से आये कलाकदिन मे रामलीला का मंचन तथा रात्रि में धार्मिक नाटकों का मंचन

इस मौके पर प्रधान रामवीर सिंह के अलावा मेला कमेटी के देवेश पांडेय, मुनिराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह चंदेल, अरुण सिंह डैनी, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# सूखे कुएं में गिरा तेंदुआ, कई घंटे बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**भीड़ ने बढ़ाई मुश्किलें, तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा**

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**



खुटार क्षेत्र के सौंफरी गांव में रविवार सुबह एक डरावनी घटना सामने आई, जब गांव के गन्ने के खेत में बने सूखे कुएं में एक तेंदुआ गिर गया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद जाल और सुरक्षा उपकरणों की मदद से तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की गई। घटना के समय वहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी, जिससे रेस्क्यू में काफी मुश्किलें पैदा हुईं।

सूत्रों के अनुसार, तेंदुआ शनिवार रात किसी जानवर का पीछा करते हुए खेत की ओर आया और गन्ने के खेत में बने सूखे कुएं में गिर गया। रविवार सुबह जब गांव के लोग खेतों की ओर गए तो कुएं से आवाजें और हलचल सुनाई दी। उन्होंने नीचे झांककर देखा तो तेंदुआ कुएं में फंसा हुआ था। ग्रामीणों ने तुरंत शोर मचाया, जिससे आस-पास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। कुछ ग्रामीणों ने कुएं के ऊपर गन्ने रख दिए ताकि तेंदुआ छलांग लगाकर बाहर न निकल सके और किसी को चोट न पहुँचे। सूचना मिलने के बाद रेंजर मनोज श्रीवास्तव और वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग ने तेंदुए को निकालने की रणनीति बनाई, लेकिन भारी भीड़ और शोर ने काम को काफी कठिन बना दिया। पुलिस ने लोगों को दूर हटाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ लगातार बढ़ती गई, जिससे रेस्क्यू टीम को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। वन विभाग की टीम ने दोपहर करीब 12:30 बजे जाल और रस्सियों की मदद से तेंदुए को कुएं से बाहर निकालने में सफलता पाई। रेस्क्यू के दौरान तेंदुआ शांत रहा और उसे सुरक्षित पकड़ लिया गया।

रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ संभवतः किसी जानवर का पीछा करते हुए अंधेरे में कुएं में गिर गया। प्रारंभिक जांच में उसके शरीर पर गंभीर चोटें नहीं देखी गईं, लेकिन विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण और प्राथमिक उपचार के लिए तेंदुए को वन विभाग की निगरानी में ले जाया गया। घटना की खबर फैलते ही पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। ग्रामीणों ने तेंदुए के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद राहत की सांस ली।

वन विभाग ने लोगों से अपील की कि खेतों में बने सूखे कुओं को ढककर रखें और वन्यजीवों के रास्ते में आने वाली खतरनाक परिस्थितियों से बचाव करें।

# क्षेत्रवार मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी वेबसाइट पर उपलब्ध : एडीएम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिला अधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगति पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत वर्ष 2003 की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध मतदाता सूची को कोई भी व्यक्ति निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखकर तथा डाउनलोड कर उसका प्रिंट प्राप्त कर सकता है। मतदाता सूची देखने हेतु उपलब्ध वेबसाइट ceouttarpradesh.nic.in है। उक्त




वेबसाइट पर वोटर सर्विसेज टैब में जाकर Electoral Roll PDF 2003 पर क्लिक करना होगा। इसके बाद संबंधित डिस्ट्रिक्ट सिलेक्ट करके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चुनने पर उपलब्ध बूथ लिस्ट के आधार पर अपने मतदान स्थल की मतदाता सूची को खोला जा सकता है तथा उसमें अपना नाम देखा जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति सूची का पीडीएफ डाउनलोड भी कर सकते हैं।

वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपने अथवा अपने पिता, माता, दादा अथवा दादी का नाम खोजा जा सकता है, जिसका उपयोग गणना प्रमाण हेतु किया जा सकता है। सभी मतदाताओं को अवगत कराया जाता है कि आयोग की निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार निर्धारित समयसीमा 4 दिसंबर 2025 तक में अपना गणना प्रमाण भरकर जमा करना अनिवार्य है।

निर्धारित समय में प्रमाण न भरने की स्थिति में मतदाता का नाम आगामी प्रकाशित मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं रहेगा।

# बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की टूटी टांगे, रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर शाहजहाँपुर।**

रिंग रोड पर बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की दोनो टांगे टूट गईं । जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया । बेटे ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

शाहजहांपुर के मोहल्ला हद्दफ निवासी पुनीत कुमार मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता वंशीधर मिश्रा 79 बीती 17 नवंबर को शाम करी पांच बजे घर से साइकिल अपने गाँव पिंगरी जा रहे थे। सुभाष नगर से नगरिया मोड़ मार्ग पर गर्रा पुल के आगे हनुमान मंदिर के सामने लाल रंग की बुलेट संख्या यूपी 24 ए 2111 के चालक ने सामने से पिता की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे साइकिल टूटने के साथ ही



पिता की दोनो टांगो की हड्डी टूट गई तथा सिर व सीने पर भी चोट आई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर उसने उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया । जहां उनका इलाज चल रहा है । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बुलेट चालक की तलाश शुरू कर दी है ।

### थाने के गेट पर हाई वोल्टेज ड्रामा, नशेड़ी पति को पुलिस के पास खींच कर लाई महिला

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद के गेट पर रविवार दिन के करीब 1:00 बजे एक महिला को पता चला कि उसका पति जलालाबाद में काम करने आया है परंतु वह काम ना करके एक जगह गांजा की चिलम पी रहा था, किसी ने महिला को इसकी भनक दे दी तभी महिला ने उसको रंगे हाथ पकड़ लिया और उसको पकड़ कर थाने के अंदर ले जाने लगी थाने के गेट पर महिला थाने के अंदर ले जाने की कोशिश कर रही थी जबकि उसका पति छुड़ाकर भागने की फिराक में था, उसने महिला को झटका दिया और थाने के निकट से बड़ी तेज से भाग कर फरार हो गया. महिला कह रही थी घर की स्थिति बहुत खराब है और यह मजदूरी करने आता है जो भी पैसे मिलते हैं वह नशे में उड़ा देता है घर के खर्च के लिए कुछ भी नहीं मिलता है.दंपति गांव पुरैना का रहने वाला है जिसका किसी ने वीडियो बना दिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# गुरु-शिष्य की जोड़ी ने तोड़ा अमेरिकन ओलंपियन का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख ने सौंपे प्रमाण पत्र**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित हीरक जयंती में गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख ने मनीष विश्नोई ने अमेरिकन ओलंपिक पदक विजेता फ्रेडरिक रिचर्ड के बैक फ्लिप के रिकॉर्ड को तोड़ने ब्रह्मचारी गुरु शिष्य को प्रमाणपत्र सौंपा।

हीरक जयंती के अवसर पर भारी जन समूह के मध्य आचार्य उत्तम आर्य 23 व उनके शिष्य सूरज आर्य 13 ने अपने-अपने आयु वर्ग में अमेरिकन ओलंपिक पदक विजेता फ्रेडरिक रिचर्ड द्वारा स्थापित वर्ल्ड रिकॉर्ड 24 घंटे में 1111 बैकफ्लिप को तोड़ते हुए मात्र 9 घंटे की अल्प अवधि में 1251 बैकफ्लिप कर अद्वितीय विश्वकीर्तिमान स्थापित किया। इस कीर्तिमान को निरीक्षण करने कार्यक्रम में पहुंचे पधारे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख डॉ मनीष बिश्नोई ने आधिकारिक रूप से प्रमाणित कर प्रमाण पत्र प्रदान किये। तथा गुरुकुल परिवार को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक सलोना कुशवाहा, विनोबा भावे आश्रम के रमेश भैया जी व विमला वहन, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ अशोक अग्रवाल, जीएस यूनिवर्सिटी के डॉ अवनीश मिश्रा, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी डॉ श्याम सुंदर पाठक, पूर्व सांसद कन्नौज के प्रोफेसर रामवक्ष वर्मा, स्वामी अभिषेक देव पतंजलि योगपीठ, अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रवल, गुजरात के चेरिटेवल ट्रस्ट अध्यक्ष केशुभाई गोटी जी (प्रसिद्ध हीरा व्यापारी) टेक्सटाइल उद्योगपति विक्रम भाई बजाज समेत विभिन्न गणमान्य ने गुरुकुल परिवार को इस उपलब्धी के लिये शुभकामनाएं देते हुए गुरुकुल व परिवार के उज्वल भविष्य कामना की।

### ढाबे पर मारपीट कर छीना पांच हजार, गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना अल्हागंज पुलिस द्वारा गठित थाना प्रभारी ओमप्रकाश टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 10 नवंबर को बजरंग ढाबे का पास हुई छिनैती की घटना में शामिल अभियुक्त रितिक पुत्र अर्जुन नि0 कस्बा राजेपुर, थाना राजेपुर, जनपद फरुर्खबाद को मऊ शहाजहाँपुर मोड के पास थाना अल्हागंज क्षेत्रान्तर्गत से गिरफ्तार किया गया, जिसकी जामातलाशी से कुल 1300 रुपये बरामद हुए।

अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश पुणे के लिए शनिवार दिन के करीब 12:00 भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन राहुल अंकित खाना खाने बजरंग ढाबा गये थे, जहाँ सलाद लाने को लेकर ढाबें के मालिक से कहा सुनी हो गयी थी, जिसके बाद राहुल द्वारा अपने फोन से ढाबें मालिक को 120/- रू0 खाने के दिये गये किन्तु ढाबां मालिक ओर पैसे मांग रहा था, जिसके बाद हम लोग वापस चले गये, बाद में राहुल व अंकित पुत्र भाईयालाल द्वारा ढाबें में तोड फोड व ढाबा मालिक से 5 हजार रुपए व मोबाइल फोन छींन ले गये थे।

# शहीदी दिवस पर प्रभात फेरी संपन्न

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित 13 नवंबर से प्रारंभ गुरुद्वारा श्री गुरु तेगबहादुर साहिब रामनगर शाहजहांपुर में साहिब श्री गुरु तेगबहादुर को समर्पित प्रभात फेरी का समापन गुरुद्वारा साहिब में हुआ।प्रभात फेरी सुबह 5 बजे प्रारम्भ होकर रामनगर में भ्रमण करते हुए जलालनगर,पुवायां रोड होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। वहां सुखमनी साहिब के पाठ के बाद मनमोहन कोई, मंजीत कौर, विन्नी, गुरमीत कौर ने श्लोक महल्ला नौंवा के पाठ किए। सिख संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर गुरु महाराज को माथा टेककर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रभात फेरी में खालसा स्कूल के बच्चे रंग बिरंगे परिधान में पीटी करते हुए चल रहे थे। छोटे छोटे बच्चे नंगे पैर सड़क पर झाडू तथा पानी के छिड़काव की सेवा कर रहे थे पीछे पालकी साहिब के आगे बच्चे फूलों की सेवा करते हुए चल रहे थे। फूलों से सजी वेन में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान जहां सिख संगत ने जगह जगह माथा टेक कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पालकी साहिब के पीछे नवनीत मोंगा,विन्नी, मनमोहन कौर,मुस्कान, सोनिया सरबजीत कौर,ऋतु,गोपी,नीना, आदि शोल्डी बग्गा,सिमरत आदि संगत के साथ शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे । रास्ते मे गुरविंदर सिंह, बाबा जी के डेरे, मंजीत सिंह मोंगा, राजू बग्गा के निवास के आगे परिवार के लोगों ने चाय नाश्ते से संगत का स्वागत किया। सत्यपाल यादव के पेट्रोल पंप पर राजेश यादव ने संगत का स्वागत किया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राजेश यादव ने संस्थाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह, कमलेश कौर माटा, बिट्टू बजाज, जुझार सिंह, कर्मजीत सिंह, कुलदीप सिंह, आदि को सिरोपा भेंट किए।संस्था अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह, कर्मजीत सिंह बग्गा, कमलेश कौर माटा, बिट्टू बजाज ने राजेश यादव एवं सदस्यों का स्वागत किया। वहां चाय नाश्ते के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब में समाप्त हुई। जहां पांच प्यारो,सेवादारो को संस्थाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह सरदार करमजीत सिंह बग्गा,पापिंदर सिंह होरा, मन्नी बग्गा, जसबीर सिंह, जागीर सिंह ने शाल एवं सिरोपा भेट कर सम्मान किया।दीवान का संचालन करते हुए सरदार जगजीत सिंह ने बताया 25 नवंबर 250 को साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी का 350वा शहीदी दिवस मनाया जाएगा। जिसमें कथा वाचक भाई अनंतपाल सिंह एवं भाई अमनप्रीत सिंह पाउंटा साहिब वाले कथा कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम में अंग्रेज सिंघ,,बॉबी,दिलीप कौर, रमा मेहता,सोनिया,गगतजोत गगनदीपसिंह, सोनू गांधी,बिट्टू बजाज, कुलदीप सिंह, सोनू गांधी, सोनू, सन्नी बग्गा, यश बग्गा, चरणजीत सिंघ, वीरेंद्र पाल सिंह, गुरजीत सिंह आदि का सहयोग रहा।

### डॉ. के.पी. गुप्ता ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 50 मरीजों को मिला लाभ




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सेवा, संकल्प और संवेदना की परंपरा को निभाते हुए इस रविवार भी डॉ. के.पी. गुप्ता द्वारा जनता हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 50 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया।शिविर के दौरान न केवल मरीजों की जांच और परामर्श किया गया, बल्कि आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए यह शिविर विशेष राहत लेकर आया, जहां बिना किसी शुल्क के उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कई रविवारों को इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। निरंतर हो रहे इन प्रयासों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और भरोसे का एक नया वातावरण बना दिया है। उपस्थित लोगों ने डॉ. गुप्ता के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# लखनऊ उपचार को जा रही एंबुलेंस पलटी, युवक व मां की मौत

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिले में रविवार को दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ ले जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला मरहैया निवासी 20 वर्षीय अनवर और उनकी 45 वर्षीय मां अंजुम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं मृतक के घर मातम पसर गया।

जानकारी के अनुसार, खेतीबाड़ी करने वाला अनवर शनिवार को अपने चार दोस्तों के साथ निगोही स्थित एक शादी समारोह में गया था। देर रात लौटते समय टिकरी चौकी क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में अनवर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक बताते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। रविवार सुबह घायल अनवर को एंबुलेंस से लखनऊ ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस में उसके साथ उसकी मां अंजुम, चाचा रशीद और मामा पप्पू भी मौजूद थे। बताया जाता है कि जैसे ही एंबुलेंस दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पहुँची, अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनवर और उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य परिजन घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने एंबुलेंस में फंसे घायलों को बाहर निकाला और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम जैसी स्थिति भी बन गई। एक ही परिवार के दो लोगों की अचानक हुई मौत से मोहल्ला मरहैया में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि अनवर मेहनती और शांत स्वभाव का युवक था। शादी में जाने की खुशी देखते-देखते घर पर मातम छा गया।पुलिस एंबुलेंस चालक और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार या झपकी आने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस ने स्पष्ट कारणों की पुष्टि नहीं की है।

## एक दशक में सत्ता व संगठन का नया मॉडल

भाजपा अध्यक्षों के कार्यकाल में विस्तार का फर्मूला, पार्टी का ऐसा सोचा समझा निर्णय है, जिसे एक दशक में 2 किले भेदने की रणनीति के तौर पर देखा गया है। पहला, भगवा चुनावी साम्राज्य मॉडल विस्तार करना और दूसरा, संगठन की स्थिरता के साथ गठबंधन की मार्फत, उन क्षेत्रों का विस्तार करना जहां भाजपा की उपस्थिति ही नहीं है। बिहार की जीत का 'नया मॉडल' इसका ताजा उदाहरण है। करीब 45 वर्ष के भारतीय जनता पार्टी के कुल कार्यकाल में, पिछले एक दशक में जैसे सामाजिक आधार को संगठनात्मक स्थिरता ने भाजपा को 2 भागों में बांट दिया- 'पुरानी भाजपा' और 'नई भाजपा'। नई भाजपा का दौर राजनाथ सिंह, अमित शाह व जे.पी. नड्डा के कार्यकाल को माना जा सकता है। भाजपा का नया रूप व नई रणनीति को समझना बिहार चुनावों के बाद, इसलिए महत्वपूर्ण बन जाता है, जब इसके बाद भाजपा का अगला निशाना पश्चिम बंगाल और साऊथ के राज्यों में चुनाव का है। पृष्ठ भूमि में बता दें कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के जन्म के बाद, अमित शाह पार्टी के 14वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इससे पहले राजनाथ के रहते ही नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने,फिर पार्टी की कमान अमित शाह ने संभाल ली। ऐसा नहीं कि भाजपा के अध्यक्षों का कार्यकाल सिर्फ3 साल तक सीमित रहा। अडवानी 6 वर्ष तक अध्यक्ष रहे। फिर दोबारा दो साल के करीब रहे। राजनाथ 2 बार अध्यक्ष रहे और करीब 5 साल काम देखा। लेकिन शाह से पहले तक की भाजपा विचार आधारित, कैडर संचालित व सीमित भौगोलिक प्रभाव वाली थी। मसलन 2013 में भाजपा सिर्फ 5 राज्यों (गठबंधन सहित) तक सीमित थी। 2009 में तो पार्टी का वोट शेयर मात्र 18.6 प्रतिशत तक था और लोकसभा में मात्र 116 सीटें। लेकिन शाह के आने से लेकर नड्डा के दौर की 11 साल की अवधि में भाजपा का स्वरूप पूरी तरह परिवर्तित हो गया। इससे पहले चुनावी गठबंधन सीमित था। आर.एस.एस. कैडर आधारित पार्टी थी। अयोध्या, स्वदेशी व अनुशासन के मुद्दों से आगे नहीं बढ़ी थी। तब की भाजपा और आज की भाजपा को 'शाह' के समय में पूरा बदला गया और इसे आगे बढ़ाया नड्डा ने। लेकिन इस नई भाजपा के शाह व नड्डा के कार्यकाल में भी तुलनात्मक कारगुजारी में अंतर रहा। परंतु पार्टी का अब तक का सबसे शक्तिशाली दौर अमित शाह का रहा। जिसमें पार्टी के चुनावी साम्राज्य में सबसे तेज विस्तार हुआ। भाजपा ने 'शाही धमक' के साथ देश में भगवा फहराया। 2014 के लोकसभा में पार्टी 282 सीटों पर थी, फिर 2019 में 303 सीटों पर आ गई। जबकि एन.डी.ए. सहित 350 क्रास कर गई। यह सामान्य बात नहीं थी। शाह के दौर में भाजपा 2014 में 7 राज्यों से बढ़कर, 2020 में 19 राज्यों तक आ गई। इनमें यू.पी. में (2017 में) अब तक की सबसे बड़ी जीत 312 सीटों के साथ भाजपा आई तो 2016 में असम में पहली बार पार्टी ने सरकार बनाई। फिर 2018 में त्रिपुरा में लेफ्ट की 25 साल पुरानी सरकार हटाई। यह पुरानी भाजपा नहीं कर पाई थी। शाह की अध्यक्षता में भाजपा ने अपनी हारों से बहुत कुछ सीखा और फिर रणनीति बदली। 2015-2020 में दिल्ली हारी, पंजाब हारा, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के बड़े झटके भी लगे। लेकिन फिर भाजपा ने राष्ट्रीय व राज्यों के विस्तार की तीव्र गति से रणनीति बदल ली। 2020 में नड्डा के कार्यकाल में कोविड की चुनौतियों के बीच पार्टी की राजनीतिक शक्ति मिश्रित हो गई। खासकर तब जब 2024 में लोकसभा में भाजपा 63 सीटें नीचे आ गई। यहां से पार्टी का पुराना रास्ता निकला गठबंधन का। लोकसभा का गठबंधन, राज्यों पर हावी हो गया।

# फाइटर जेट क्रैश रिकॉर्ड और भारत का तेजस

**कैलाश चंद्र**



**कम क्रैश, पर कम पारदर्शिताचीन का जे-10 चौथी पीढ़ी का मल्टीरोल फाइटर जेट है। चीन इसे अपने दम पर विकसित विमान के रूप में प्रचारित करता है। जे-10 के कुछ क्रैश मामलों की जानकारी सामने आई है, जिनमें पायलटों की मृत्यु भी हुई। लेकिन एक बड़ा प्रश्न यहाँ पारदर्शिता का है। चीन में सैन्य मामलों पर सूचना नियंत्रण बहुत कड़ा है। सभी दुर्घटनाएँ सार्वजनिक नहीं की जातीं और न ही विस्तृत जांच रिपोर्ट सामने आती हैं। ऐसे में केवल कम क्रैश की संख्या÷ देखकर यह निष्कर्ष निकालना कि जे-10, एफ-16 हमारे तेजस से अधिक सुरक्षित है, यह सही नहीं होगा। कम क्रैश, गहरा संदेशअब आते हैं भारत के स्वदेशी फाइटर जेट तेजस पर जो हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और डीआरडीओ जैसे भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है।**

आमतौर पर जब हम किसी देश की सैन्य शक्ति की बात करते हैं, तो जहन में हथियारों की संख्या, सेना का आकार और रक्षा बजट जैसे शब्द आते हैं। परंतु वास्तविकता इससे कहीं गहरी है। किसी भी वायुसेना की विश्वसनीयता केवल इस पर नहीं टिकी कि उसके पास कितने फाइटर जेट हैं, बल्कि इस पर भी निर्भर करती है कि वे कितने सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद हैं। फाइटर जेट का क्रैश रिकॉर्ड उस देश की तकनीकी क्षमता, रखरखाव व्यवस्था, पायलट प्रशिक्षण और शोध-विकास के स्तर का महत्वपूर्ण संकेतक होता है। इसी परिप्रेक्ष्य से यदि हम अमेरिका के एफ-35, एफ-16, चीन के जे-10 और भारत के तेजस को देखें तो हमें न केवल तकनीकी तुलना मिलती है बल्कि यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अपनी स्वदेशी क्षमता के साथ किस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

एफ-35 और एफ-16अमेरिका की वायुसेना विश्व की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से उन्नत मानी जाती है। उसके दो प्रमुख फाइटर जेट हैं, जिसमें एफ-35 आधुनिक स्टेल्थ, मल्टीरोल फाइटर है। इसकी दर्जनों दुर्घटनाएँ बीते सालों में दर्ज हुई हैं। इनमें से कई मामलों में तकनीकी खामी, जैसे इंजन या हाइड्रोलिक सिस्टम में समस्या तो कई में पायलट की गलती सामने आई। यहीं एक बात समझना जरूरी है। एफ-35 बड़े पैमाने पर बनाया और विविध परिस्थितियों में उड़ाया जा रहा है, इसलिए, उसके क्रैश आँकड़े केवल खराब विमान नहीं बल्कि उच्च उपयोग और जटिल तकनीक का मिश्रित परिणाम हैं। इसी तरह से एफ-16 1970 के दशक से सेवा में है। यह दर्जनों देशों में उपयोग होता है और हजारों यूनिट निर्मित हो चुकी हैं। स्वाभाविक है कि इतनी लंबी सेवा अवधि और भारी ऑपरेशनल उपयोग के कारण इसके सैकड़ों क्रैश रिकॉर्ड मिलते हैं। यह तथ्य अपने-आप में इसे असुरक्षित सिद्ध नहीं करता; बल्कि यह दिखाता है कि किसी भी प्लेटफ़ॉर्म की दुर्घटनाओं को उसके पूरे ऑपरेशनल संदर्भ में देखना चाहिए।

कम क्रैश, पर कम पारदर्शिताचीन का जे-10 चौथी पीढ़ी का मल्टीरोल फाइटर जेट है। चीन इसे अपने दम पर विकसित विमान के रूप में प्रचारित करता है। जे-10 के कुछ क्रैश मामलों की जानकारी सामने आई है, जिनमें पायलटों की मृत्यु भी हुई। लेकिन एक बड़ा प्रश्न यहाँ पारदर्शिता का है। चीन में सैन्य मामलों पर सूचना नियंत्रण बहुत कड़ा है। सभी दुर्घटनाएँ सार्वजनिक नहीं की जातीं और न ही विस्तृत जांच रिपोर्ट सामने आती हैं। ऐसे में केवल कम क्रैश की संख्या÷ देखकर यह निष्कर्ष निकालना कि जे-10, एफ-16 हमारे तेजस से अधिक सुरक्षित है, यह सही नहीं होगा। कम क्रैश, गहरा संदेशअब आते हैं भारत के स्वदेशी फाइटर जेट तेजस पर जो हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और डीआरडीओ जैसे भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है। तेजस की पहली उड़ान 1999 में हुई। उसके बाद से हजारों उड़ानें, कठोर परीक्षण, विभिन्न मौसमों में ऑपरेशन और वायुसेना में स्क्वाड्रन स्तर पर तैनाती हुई । इस पूरे सफर में तेजस के केवल दो क्रैश दर्ज हुए हैं। पहला 2024 में ट्रेनिंग के दौरान और दूसरा 2025 में विदेश में डेमो फ्लाइट के दौरान। लगभग ढाई दशक की विकास यात्रा, हजारों फ़्लाइट-घंटों और इतने सीमित क्रैश। यह अपने-आप में तेजस की विश्वसनीयता, डिज़ाइन गुणवत्ता और भारतीय वैज्ञानिकों की दक्षता का मजबूत प्रमाण है। इसका मतलब यह नहीं कि तेजस में कोई कमी नहीं; हर आधुनिक सिस्टम में सुधार की गुंजाइश रहती है। लेकिन समग्र तस्वीर यह बताती है कि भारत एक सक्षम एयरोस्पेस राष्ट्र के रूप में खड़ा हो रहा है। दरअसल, किसी भी विमान को समझने के लिए बेहतर तरीका है कि ÷क्रैश-रेट प्रति 1,00,000 फ्लाइट-ऑवर÷ देखा जाए। जो विमान लाखों फ्लाइट-घंटे पूरे कर चुका हो, उसका कुल दुर्घटना आंकड़ा स्वाभाविक रूप से अधिक होगा। एफ-16 कई दशक से सैकड़ों स्क्वाड्रन में उड़ रहा है। एफ-35 नई पीढ़ी का है, पर उच्च संख्या और जटिल मिशन वाले बेड़े का हिस्सा है। जे-10 अपेक्षाकृत सीमित संख्या और कम पारदर्शी आंकड़ों के साथ दिखता है। तेजस अभी सीमित स्क्वाड्रन में, मुख्यतः भारतीय वायुक्षेत्र में और अत्यधिक निगरानी के साथ उड़ रहा है। इस संदर्भ में तेजस की दो दुर्घटनाएँ उसके अनुशासित उपयोग और मजबूत डिजाइन की ओर संकेत करती हैं, न कि केवल ÷कम उड़ान÷ का परिणाम हैं। यह संतुलित और तथ्य आधारित गर्व का विषय है। भारतीय प्रतिभा से ईर्ष्या रखने वालों के प्रति हमारा दृष्टिकोणतेजस लड़ाकू विमान की सफलता न केवल भारत की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम भी है। इस उपलब्धि ने जहाँ करोड़ों भारतीयों में गर्व और विश्वास जगाया है, वहीं कुछ वर्गों को इससे असहजता भी हुई है। यह असहजता कई कारणों से उत्पन्न होती है। कुछ लोग विदेशी विमानों के पिछलग्गु हैं, कुछ वैचारिक रूप से भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने की आदत में बँधे हैं और कुछ पर वैश्विक रक्षा बाजार की प्रतिस्पर्धी लॉबी का प्रभाव होता है। ऐसी आलोचनाओं को देख कर हमें दो प्रकार के दृष्टिकोण अपनाने चाहिए। तेजस को लेकर सोशल मीडिया पर कई बार फर्जी आँकड़े, पुराने चित्र, गलत तुलना या संदर्भहीन आंकड़े साझा किए जाते हैं। यह दुष्प्रचार जानबूझकर भ्रम पैदा करने के लिए किया जाता है। इसलिए हर दावे को तथ्यों, तकनीकी मानकों और विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर परखना आवश्यक है। राष्ट्रीय उपलब्धियों के मामले में भावनाओं से अधिक विवेक का उपयोग करना बुद्धिमानी है। कुछ लोग मानसिक रूप से इस सोच में फँसे होते हैं कि ÷भारत कुछ अच्छा कर ही नहीं सकता।÷ यह मनोवृति वर्षों की बौद्धिक गुलामी, उपनिवेशवादी प्रभाव और वैश्विक शक्तियों द्वारा बनाए गए नरेटिव का परिणाम है। ऐसे लोगों को शत्रु मानकर नहीं, बल्कि भ्रमित भारतीय समझकर संवाद करना अधिक उपयोगी होता है। तर्क, तथ्य और धैर्य - इन तीनों से उनकी गलतफहमियाँ दूर की जा सकती हैं। रक्षा बाजार और वैश्विक प्रतियोगिता की हकीकतदुनिया का रक्षा क्षेत्र केवल तकनीक का नहीं, बड़े बिज़नेस और राजनीति का भी खेल है। हथियार बनाने वाली कंपनियों के लिए यह अरबों-खरबों डॉलर का बाज़ार है।

## विचार

# कर्तव्यनिष्ठ नागरिकता : विकसित भारत की आधारशिला

**प्रहलाद सबनानी**




**भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आर्थिक गति को बढ़ाने हेतु रेपो दर में कमी की है। वर्ष 2025 में रेपो दर को 6.50 प्रतिशत से घटाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे नागरिकों एवं उद्यमों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो रहे हैं। संभावना है कि दिसंबर 2025 में भी 25 आधार अंकों की अतिरिक्त कमी देखने को मिलेगी, जो आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी लाएगी। इसी प्रकार, किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं के तहत सहायता राशि भेजी जा रही है। केंद्र एवं कई राज्य सरकारें इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के परिणामस्वरूप नागरिकों के हाथों में अधिक धन पहुंच रहा है और वे बाजार में खपत बढ़ा रहे हैं।**

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी स्थान पर है। केंद्र सरकार देश के आर्थिक परिदृश्य को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों तक पहुँचना शुरू हो चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों पर करों का बोझ कम करने का सराहनीय और साहसिक निर्णय लिया है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए वार्षिक कर देना इसका प्रमुख उदाहरण है। इसका अर्थ यह है कि वर्ष में 12 लाख रुपए तक आय अर्जित करने वाले नागरिकों को अब आयकर नहीं देना होगा। यह निर्णय न केवल नागरिकों के हाथों में अधिक धन उपलब्ध कराता है बल्कि उनकी क्रय शक्ति को भी सुदृढ़ करता है।

इसके साथ ही वस्तु एवं सेवा कर की दरों का युक्तिकरण करते हुए पूर्व में लागू चार स्लैबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को घटाकर केवल दो प्रमुख स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में परिवर्तित किया गया है। इस परिवर्तन के कारण लगभग 90त्न से अधिक उत्पादों एवं सेवाओं पर कर का बोझ कम हुआ है। जिसका परिणाम बाजार में मांग के रूप में दिखाई दिया है। उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दीपावली एवं अन्य त्योहारी सीजन में 5.40 लाख करोड़ से अधिक के उत्पादों और लगभग 65,000 करोड़ रुपए की सेवाओं की रिकॉर्ड बिक्री इसका प्रमाण है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आर्थिक गति को बढ़ाने हेतु रेपो दर में कमी की है। वर्ष 2025 में रेपो दर को 6.50त्न से घटाकर 5.50त्न कर दिया गया है, जिससे नागरिकों एवं उद्यमों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो रहे हैं। संभावना है कि दिसंबर 2025 में भी 25 आधार अंकों की अतिरिक्त कमी देखने को मिलेगी, जो आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी लाएगी। इसी प्रकार, किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं के तहत सहायता राशि भेजी जा रही है। केंद्र एवं कई राज्य सरकारें इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के परिणामस्वरूप नागरिकों के हाथों में अधिक धन पहुंच रहा है और वे बाजार में खपत बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति की दर पर नियंत्रण स्थापित कर इसे 2 प्रतिशत से भी नीचे ला दिया गया है, जबकि एक दशक पूर्व यह लगभग 10 प्रतिशत के आसपास बनी रहती थी। इन सभी सकारात्मक आर्थिक सुधारों का सम्मिलित प्रभाव यह है कि भारत 10 प्रतिशत वार्षिक विकास दर प्राप्त करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। सरकार ने देश के गरीबों के पोषण स्तर को सुधारने हेतु 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया है। इससे अत्यंत निर्धन नागरिकों की संख्या में तीव्र गिरावट दर्ज हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक तथा अन्य वैश्विक संस्थाएँ भी भारत में तेजी से घटती गरीबी के आँकड़ों की सराहना कर रही हैं। सबसे विशेष बात यह है कि इतने व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों और कर रियायतों के बावजूद केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे को लगातार कम करने में सफल रही है। कोविड काल में यह लगभग 10 प्रतिशत तक पहुँच गया था, किंतु अनुमान है कि वर्ष 2026 में यह घटकर 4.4 प्रतिशत के स्तर पर आ जाएगा। यह उपलब्धि इस बात का प्रतीक है कि भारतीय नागरिक अब अपने कर दायित्वों का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं और कर अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निःस्संदेह किसी भी देश की आर्थिक प्रगति केवल सरकार की नीतियों पर निर्भर नहीं होती, अपितु वहाँ के नागरिकों की जागरूकता और कर्तव्य पालन भी उसके विकास में निर्णायक योगदान देते हैं। जब समाज सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है, तब विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नागरिक अपने मौलिक कर्तव्यों को समझें और उनका पूर्ण रूप से पालन करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 'पंच परिवर्तन' कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। पंच परिवर्तन के पाँच आयाम हैं- नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, समरसता, स्वदेशी एवं स्व के भाव का जागरण। इन बिंदुओं के माध्यम से समाज में अनुशासन, एकता, राष्ट्रप्रेम, स्वावलंबन तथा पर्यावरण चेतना को मजबूत बनाने का प्रयास हो रहा है। नागरिक कर्तव्य इनमें अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है,।

# राजस्थान को नया निवेश हब बना रहे सी.एम. भजनलाल

**शहजाद पूनावाला**

ज्यादातर भारतीयों के लिए राजस्थान का नाम सुनते ही हवेलियों पर गिरती रेगिस्तान धूप, सुनहरी धरती से उठते किले और पुराने बाजारों में चमकते रत्नों की तस्वीरें उभरती हैं। राज्य की जी.डी.पी. का लगभग 15 प्रतिशत जो देश में सबसे अधिक में से है, पर्यटन से आता है। लेकिन इस सफलता का एक साइड इफैक्ट भी रहा। राजस्थान को अक्सर एक पर्यटन या सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में ही देखा गया न कि एक गंभीर निवेश केंद्र के रूप में।

अब यह लंबे समय से बनी धारणा अफसरशाही के भीतर भी धीरे-धीरे बदल रही है। इस बदलाव के केंद्र में हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिन्होंने अपने पहले वर्ष में एक पारंपरिक राजनेता की तरह नहीं बल्कि एक ऐसे सी.ई.ओ. की तरह काम किया है जो अपनी पुरानी कंपनी को नए बाजार के लिए फिर से स्थापित करने में लगा हो। राजस्थान के पास भूमि का विशाल भंडार, दिल्ली एन.सी.आर. की निकटता, भारत के सबसे तेजी से विकसित होते नवीकरणीय गलियारों में से एक और समृद्ध खनिज संसाधन मौजूद रहे हैं। फिर भी, इन संभावनाओं को ठोस पूंजी में बदलने की रेस में राज्य तटीय प्रदेशों से पीछे रह जाता था। नारेबाजी की बजाय, भजनलाल शर्मा सरकार ने इस अंतर को दूर करने के लिए एक व्यवस्थित आर्थिक दृष्टिकोण अपनाया है। सरल बात यह है कि राजस्थान को एक 'घूमने लायक जगह' की बजाय एक 'निवेश करने लायक राज्य' के रूप में देखा जाए। पिछले एक वर्ष में राज्य ने सैक्टर-आधारित संवादों और आऊटरीच प्रयासों के माध्यम से 1.80 लाख करोड़ रुपए के निवेश सुनिश्चित किए हैं। इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर मैमोरैंडम (आई.ई.एम.) में 17 प्रतिशत की बढ़ौतरी, एक गैर-तटीय राज्य के लिए काफी उल्लेखनीय है।

इंजीनियरिंग सामान, टैक्सटाइल, पत्थर और रसायन राज्य के प्रमुख निर्यात, सैक्टर, मिलकर 82,000 करोड़ का निर्यात कर चुके हैं। निवेश प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पूरी तरह स्पष्ट हैं। आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने से बचें, हर प्रतिबद्धता को लगातार ट्रैक करें और रूपांतरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इससे पहले राजस्थान पर ऐसे एम.ओ.यू. के लिए आलोचना होती रही जो कागजों पर बड़े थे लेकिन जमीन पर नहीं उतरते थे। मौजूदा सरकार इस प्रवृत्ति से पूरी तरह अलग दिशा में जाती दिख रही है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 से आए निवेश प्रस्तावों में से लगभग 39 प्रतिशत अब विभिन्न क्रियान्वयन चरणों में पहुंच चुके हैं। अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर और नई औद्योगिक बैल्टों में 12,000 एकड़ से अधिक भूमि आबंटित की गई है। लगभग 6,500 मैगावॉट के नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजैक्ट मंजूरी के बाद निर्माण चरण में हैं। सरकार का मानना है कि इस तरह की रूपांतरण दर राजस्थान को एक 'घोषणाओं वाला राज्य' नहीं बल्कि 'निवेशक-हितैषी राज्य' के रूप में स्थापित कर देगी। प्रवासी राजस्थान रणनीति- एक शांत लेकिन निर्णायक फकरूर राजस्थान सरकार की सबसे दिलचस्प पहलों में से एक है राज्य के प्रवासी समुदाय से सरंचित और व्यवस्थित रूप से जुड़ने का प्रयास। एक ऐसा समूह जिसकी आर्थिक क्षमता उसके सार्वजनिक विमर्श में दिखने से कहीं अधिक है। प्रवासी राजस्थान की रणनीति पहले इस आधार पर बनी है कि यह समुदाय भावनात्मक आयोजनों के लिए नहीं बल्कि सुव्यवस्थित पूंजी जुटाने के लिए सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। यह कार्यक्रम नव करणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, एग्रो-प्रोसैसिंग, हॉस्पिटैलिटी और शिक्षा जैसे उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित है और हर प्रवासी निवेश पूछताछ को रूपांतरण तक ट्रैक करने के लिए समर्पित टीमें बनाई गई हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रवासी निवेश रुचि लगभग 40,000 करोड़ की संभावित प्रतिबद्धताओं तक पहुंच चुकी है।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# व्यक्ति की स्वतंत्रता, पारिवारिक मर्यादा और एक त्रासदी

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**यह घटना सिर्फ मानवता पर चोट नहीं है, यह एक ऐसा दर्पण भी है जिसमें हम अपने समय की सबसे बड़ी विडंबना को साफ देख सकते हैं- कानून कुछ कहता है, समाज कुछ और। व्यक्ति की स्वतंत्रता एक दिशा में जाती है, जबकि परंपराएँ दूसरी दिशा में खींचती हैं। इन दोनों के बीच जो परिवार खड़ा होता है, वह अक्सर दोनों ओर से घायल होता है। कानून वयस्कता की उम्र तय कर देता है, पर वह ग्रामीण समाज की संवेदनात्मक संरचना, परिवार की प्रतिष्ठा, और सामुदायिक दबाव को नहीं समझता। वहीं समाज स्वतंत्रता के अधिकार को अवज्ञा या विद्रोह की तरह देखता है और परिवार पर ऐसी जिम्मेदारियाँ डाल देता है जिन्हें निभाना असंभव है।**

भारत जैसे विशाल और विविध सामाजिक ढाँचे वाले राष्ट्र में व्यक्ति के अधिकार और समाज की सामूहिक मर्यादाएँ एक-दूसरे से लगातार टकराती रहती हैं। संविधान व्यक्ति को स्वतंत्रता देता है, अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का अधिकार देता है लेकिन सामाजिक परम्पराएँ यह स्वीकार नहीं कर पातीं कि कोई लड़की या लड़का परिवार की इच्छा और बिरादरी की मान्यताओं से अलग कोई जीवन निर्णय ले। यह संघर्ष नया नहीं है लेकिन आज की जमीनी हकीकत में इसका तनाव कहीं अधिक विकराल रूप ले चुका है।

हाल ही की एक त्रासदी में यही टकराव खुलकर सामने आया, जब एक युवती ने अपने ही गाँव के युवक से विवाह कर लिया। ऐसा विवाह जो पूरी तरह कानूनी तो था लेकिन समाज की दृष्टि में सर्वथा अस्वीकार्य। सामाजिक विरोध, पंचायत की मनाही, परिवार की पीड़ा और प्रतिष्ठा के दबाव के बीच लड़की शहर चली गई थी, पर कुछ समय बाद वापस अपने ही पैतृक गाँव में बहू बन कर लौट आई। यही वापसी समाज को चुनौती की तरह दिखाई दी और परिवार पर अत्यन्त तीव्र मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ा। वही दबाव परिस्थितियों को उस कगार तक ले गया जहाँ भाई ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। इस एक क्षण ने न केवल एक जीवन छीना बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया।

यह घटना सिर्फ मानवता पर चोट नहीं है, यह एक ऐसा दर्पण भी है जिसमें हम अपने समय की सबसे बड़ी विडंबना को साफ देख सकते हैं- कानून कुछ कहता है, समाज कुछ और। व्यक्ति की स्वतंत्रता एक दिशा में जाती है, जबकि परंपराएँ दूसरी दिशा में खींचती हैं। इन दोनों के बीच जो परिवार खड़ा होता है, वह अक्सर दोनों ओर से घायल होता है। कानून वयस्कता की उम्र तय कर देता है, पर वह ग्रामीण समाज की संवेदनात्मक संरचना, परिवार की प्रतिष्ठा, और सामुदायिक दबाव को नहीं समझता। वहीं समाज स्वतंत्रता के अधिकार को अवज्ञा या विद्रोह की तरह देखता है और परिवार पर ऐसी जिम्मेदारियाँ डाल देता है जिन्हें निभाना असंभव है।

परिवार ही इस संघर्ष का सबसे बड़ा पीड़ित बनता है। बेटी का गांव छोड़ कर जाना, रिश्तेदारों की टिप्पणियाँ, पंचायत का दबाव, सामाजिक प्रतिष्ठा का संकट- ये सभी घटनाएँ एक घर को भीतर से हिलाकर रख देती हैं। कानून परिवार से लड़की को स्वीकार करने का संदेश देता है, जबकि समाज उसे अस्वीकार करने का दबाव डालता है। ये दोनों ताकतें परिवार को दो हिस्सों में चीर देती हैं- एक हिस्सा जिसे मन ने स्वीकार कर लिया है और दूसरा हिस्सा जिसे समाज स्वीकार नहीं करने देता। ऐसे में विवेक धुंधला पड़ जाता है और भावनाएँ निर्णयों पर हावी होने लगती हैं। इस घटना का सबसे भयावह पहलू यह था कि सोशल मीडिया पर 95 प्रतिशत टिप्पणियाँ इस हत्या को ÷सही÷ ठहरा रही थीं। यह केवल कुछ व्यक्तियों की राय नहीं, बल्कि समाज में पनप रही एक खतरनाक सामूहिक सोच का संकेत है। जब कोई समाज अपनी भावनाओं और परंपराओं के दबाव में हत्या जैसे अपराध को भी न्याय मानने लगे, तो यह किसी भी सभ्य व्यवस्था के लिए अत्यन्त गंभीर स्थिति है। कानून की शक्ति तभी तक है जब तक समाज उसे नैतिक समर्थन देता है। जब समाज हिंसा को नैतिक ठहराने लगे, कानून कमजोर नहीं, बल्कि अप्रासंगिक हो जाता है। और यही स्थिति किसी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी चेतावनी है। विवाह की स्वतंत्रता का प्रश्न भी इस घटना में नए दृष्टिकोण से उभरता है। भारतीय कानून मानता है कि 18 और 21 वर्ष की उम्र में व्यक्ति परिपक्व और स्वतंत्र निर्णय लेने योग्य होता है।

पर क्या वास्तव में यह उम्र जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय बिना परिवार के अनुभव, बिना सामाजिक समझ, बिना भविष्य की जिम्मेदारियों को समझे लेने के लिए पर्याप्त है? भारतीय परिवार व्यवस्था में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मामला नहीं होता, यह दो परिवारों, रिश्तों और समाजों का मामला होता है। ऐसे में कम आयु में किया गया आवेगपूर्ण निर्णय केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है।

यही कारण है कि कई लोग तर्क देते हैं कि विवाह के लिए माता-पिता की सहमति आवश्यक होनी चाहिए- कम से कम 30 वर्ष की आयु तक। यह विचार सामाजिक अनुभवों से उत्पन्न है, पर संवैधानिक दृष्टि से कठिन है। यदि माता-पिता की सहमति अनिवार्य कर दी जाए, तो यह युवाओं पर अत्यधिक दबाव और कई मामलों में दमन को भी जन्म दे सकता है।

फिर भी यह भी सच है कि परिवार से विमुख होकर किए गए विवाहों के परिणामों का सबसे बड़ा बोझ परिवारों को ही उठाना पड़ता है। यह द्वंद्व इतना गहरा है कि कोई भी पक्ष न पूरी तरह सही ठहराया जा सकता है, न पूरी तरह गलत। समाज अक्सर कहता है कि लड़की ने परिवार की कई हत्याएँ कर दीं यह भाषा कानूनी नहीं बल्कि भावनात्मक है। कानून भावनात्मक मृत्यु को अपराध नहीं मान सकता। पर परिवार इसे वास्तविक समझता है क्योंकि वे इसे प्रत्यक्ष जीते हैं। यही वह खाई है जिसे पाटना सबसे कठिन है। कानून कहता है निर्णय व्यक्तिगत है, समाज कहता है निर्णय सामूहिक है। इन्हीं दो कथनों के बीच वह परिवार टूट जाता है जिसके इर्द-गिर्द इस तरह की घटनाएँ जन्म लेती हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# हाईवे पर खड़े ट्रक दे रहे हादसे को न्योता

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कच्चा माल लेकर सीमेंट फैक्टरी में आने वाले ट्रकों के हाईवे किनारे खड़ा होने से हमेशा हादसे का खतरा मंडराता रहता है। यातायात माह होने के बावजूद प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। इससे ट्रक चालकों के हौसले बुलंद है। खूनी हाईवे 34 के किनारे उद्योग नगरी के आगे प्रेम नगर के समीप एक सीमेंट फैक्ट्री संचालित है। इस सीमेंट फैक्ट्री में कच्चा माल लेकर सैकड़ों ट्रक प्रतिदिन यहां आते हैं। फैक्टरी के अंदर ट्रकों की पार्किंग नहीं होने के कारण यह बाहर हाईवे किनारे खड़े होकर हादसों को न्योता देते हैं। बता दें कि प्रेम नगर के आसपास का क्षेत्र दुर्घटना बाहुल्य है। यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और कई लोग जान से हाथ धो बैठे हैं। इसके बाद यहां पर हाईवे के दोनों तरफ भारी वाहन खड़े होने से रोकने में प्रशासन नाकामयाब है। पिछले एक सप्ताह से हाईवे के ऊपर दोनों तरफ ट्रकों की लंबी लाइन लगने से राहगीर परेशान है। दैनिक यात्री दीपक कुमार,संतोष कुमार, रमेश सिंह, आकाश,सत्यम सिंह, राजू,चंद्रपाल, राजाभैया, मनोज कुमार आदि ने बताया कि सीमेंट फैक्टरी के सामने दोनों तरफ ट्रकों को खड़ा होने से हाईवे के ऊपर बेहद कम जगह बचती है, जिससे।खतरे के आसार बढ़ जाते हैं। जरा सी चूक होने पर हादसा हो जाता है। सीमेंट फैक्टरी के मैनेजर अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रक समय से पूर्व आकर बाहर खड़े हो जाते हैं। इससे समस्या पैदा होती है। यह ट्रक चालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रशासन से कर चुके हैं। पीटीओ चंदन पांडे ने बताया कि शनिवार को 27 ट्रकों के चालान किया हैं। फैक्टरी प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट मालिकों को सख्त हिदायत दी गई है। जल्द ही उनके साथ बैठक करके जागरूक किया जाएगा। उसके बाद भी अगर नियमों का उल्लंघन किया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी

## पिता के साथ आभूषण खरीदने आई महिला के साथ टप्पेबाजी

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर में अपने पिता के साथ ज्वैलरी खरीदने आई महिला का बैग टप्पेबाजों ने दुकान से पार कर दिया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी ज्योति पुत्री लल्लू शनिवार को ज्वेलरी खरीदने अपने पिता के साथ नगर के एक ज्वेलरी की दुकान पर आई थी जैसे ही वह ज्वेलरी की दुकान पर पहुंचे तभी एक टप्पे बाज ने मौका लगाकर उनका रूपयों से भरा बैग पार कर दिया। ज्योति ने बताया कि उसके बैग में 50000 से अधिक रुपया था। इसकी जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच ज्वेलरी की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश के साथ आज से शुरू होगी गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे की तपोभूमि में सोमवार से शुरू होने वाले दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आगाज प्रायश्चितकरण, पुण्या वाचन, ब्राह्मण वरण एवं मंडप प्रवेश के साथ होगा। तपोभूमि में होने वाली श्री गायत्री महायज्ञ की आज 68वीं वर्षगांठ की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। यहां पर विशाल मेला भी लगा है।

26 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा वर्ष 1957 में ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज ने कस्बे के इस निर्जन भुतहा स्थान पर मां गायत्री की स्थापना कराकर विशाल श्री गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया था। तभी से यह निर्जन स्थान तपोभूमि में तब्दील हो गया था।

अब यह पावन भूमि जन जन की आस्था का केंद्र है। सुबह शाम यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। आचार्य माधवा नारायण शास्त्री एवं पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ 24 नवंबर सोमवार से शुरू होकर चार दिसंबर को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर 65 कर्मकांडी ब्राह्मण सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके देश में सुख समृद्धि, खुशहाली, शांति की कामना करते हुए पूर्णाहुति देंगे। महायज्ञ में संतों को आगमन शुरू हो गया है।

## खबरें एक नजर में

### लोकतंत्र सेनानी की धर्मपत्नी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री बाल गोविंद अग्रवाल की पुत्रवधू एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय श्री राम रतन अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी देवी अग्रवाल का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिस पर नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र इंजीनियर विनोद अग्रवाल ने दी। श्रीमती मुन्नी देवी अग्रवाल मृदुभाषी महिला थी तथा अम्मा जी के नाम से प्रसिद्ध थीं। आप अपने पीछे इंजीनियर विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल पिंकी बाबूजी, पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, पत्रकार अरविंद अग्रवाल तथा आरबीएस के डायरेक्टर राकेश अग्रवाल सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गयी। अम्मा जी की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर अश्रुपूर्ण नेत्रों से अंतिम विदाई देकर ईश्वर से शोक संतप्त एवं परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके आवास पर सांत्वना देने वालों की भारी संख्या में भीड़ लग रही है।

### मार-पीट व गाली गलौज मामले में पुलिस ने कार्रवाई, कई हिरासत में

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर में कुछ युवकों के बीच गाली गलौज व मारपीट होने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है अवगत हो कि शनिवार को सोशल मीडिया में नगर के मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक के समीप कुछ युवकों की आपस में गाली गलौज व मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कोतवाली पुलिस ने इस घटना से संबंधित कुछ युवकों को हिरासत में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है हालांकि अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है। घटना की जांच पड़ताल के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाया

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की एक विवाहिता ने घरेलू मन मुटाव से कुपित होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया व हालत बिगड़ने परिजनों ने आनन-फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया रविवार की दोपहर नगर के रागौल मोहल्ले निवासी मनीषा 30 वर्ष पत्नी सुरेश घरेलू कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दबंगों ने जिला अस्पताल में काटा हंगामा

**समृद्धि न्यूज महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल में दबंगों के द्वारा जमकर उत्पात मचाकर कर्मचारियों के साथ अभद्रता की गई। सीएमएस ने जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित कोतवाली पुलिस को सूचना देकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुरेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए पत्र में बताया है कि शनिवार को शराब के नशे में दबंग ने अपने दो साथियों के साथ जिला अस्पताल में आकर उत्पात मचाया। दबंगों ने सुरक्षा गार्ड और ड्यूटी में तैनात डॉ चंद्रशेखर के साथ अभद्रता की बाद में दबंग उनके चैंबर में पहुंचा जहां उनके न मिलने पर वार्डो में जाकर उत्पात मचाया। कक्ष संख्या 36 में पहुंचकर अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। सीएमएस ने पूरे मामले की जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है। कहा कि इमरजेंसी वार्ड में दिन भर बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही हैं। विरोध करने पर दबंग कर्मचारियों की वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## लघु सेतु व सड़क निर्माण के लिए 329 लाख स्वीकृत, लोनिवि ने जारी किया टेंडर




भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। सदर विधायक की पहल पर बिरखेरा में करोड़न नाला में लघु सेतु तथा बिरखेरा से मुंडेरा मार्ग तक सड़क निर्माण के लिए लोनिवि ने 329 लाख की स्वीकृत प्रदान करके टेंडर जारी किया है। इसके जल्द ही शुरू होने के आसार बन गए हैं। इसके बन जाने से क्षेत्र के दस से ज्यादा गांवों के करीब 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने ग्रामीणों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए शासन से बिरखेरा गांव के समीप करोड़न नाले में लघु सेतु निर्माण तथा बिरखेरा से मुंडेरा मार्ग तक सड़क की मांग की थी। विधायक की पहल पर शासन ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दृगपाल सिंह वर्मा ने बताया कि शासन लघु सेतु एवं सड़क निर्माण के लिए 329 लाख रुपये मंजूर किए है। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि इसके बन जाने से गांव के अलावा टेढ़ा, अतरैया, मौहर, कैथी, धुंधपुर, मिहुना, मुंडेरा, बदनपुर, पचखुरा खुर्द आदि गांवों के करीब 50 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# यातायात जागरूकता व हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



हमीरपुर में यातायात जागरूकता माह (नवंबर) के क्रम में यातायात पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ता/प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा शिव शंकर सिंह के संयुक्त प्रयास से परेड ग्राउंड, में यातायात जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, नगर अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आमजन को निःशुल्क हेलमेट वितरित कर उन्हें यातायात जागरूकता के प्रति संवेदनशील एवं प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित जनों द्वारा यह संदेश दिया गया कि हेलमेट आपकी सुरक्षा है, आपकी जान बचाता है और आपकी सुरक्षित यात्रा आपके परिवार की खुशहाली से जुड़ी होती है, इसलिए सभी दोपहिया वाहन चालक हर बार हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, चाहे दूरी कम ही क्यों न हो। इसी प्रकार चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रेरित किया गया तथा यह बताया गया कि यातायात नियमों का पालन आपकी स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, द्वारा विशेष अपील की गई कि आमजन दैनिक जीवन में यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें, जिससे दुर्घटना के जोखिम को कम कर अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# दबंग ने रोकी गल्ला मंडी की जल निकासी, मंडी की सड़कें हुई ध्वस्त

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नवीन गल्ला मंडी के जल निकासी का नाला दबंग द्वारा बंद कर दिया गया है।इससे बरसात का पानी अंदर भरा रहने से मंडी की सभी सड़क ध्वस्त हो गई है। मंडी सचिव के पत्राचार के बाद भी जल निकासी के प्रबंध नहीं हो रहे हैं।

कस्बे की नवीन गल्ला मंडी का पानी नाले से निकलकर कस्बे की तरफ आता है। कस्बे की तरफ मंडी के बगल में हाईवे किनारे एक दबंग का व्यापारिक प्रतिष्ठान है। इस दबंग ने मिट्टी पुराई कराकर गल्ला मंडी की जल निकासी को पूरी तरह से रोक दिया है। इस वजह से बरसात का पानी अंदर ही भरा रहता है। जल निकासी नहीं होने से मंडी की सड़कें पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान मंडी की सभी सड़कों को चकाचक किया गया था। महज एक वर्ष में यह बुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने बताया कि जल निकासी के इंतजाम कराने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर चुके हैं। परंतु समाधान नहीं हो सका है

# हरेहटा गांव की महिला ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



23 नवम्बर थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला ने

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुत्री के साथ बेरहमी से मारपीट करहाथ तोड़ देने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है।

क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला कुसुम पत्नी सुरेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मेरी पुत्री खुशी पढ़ती है। प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने खुशी को इतना मारा कि उसके हाथ में फैक्चर हो गया है। जब पुत्री घर आई तो उसने बताया जब मैं विद्यालय गई तथा अध्यापक से शिकायत की तो उसने डांट कर भगा दिया। तब मैने पुत्री का इलाज कराया पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# वीरांगना झलकारी की 195वीं जयंती मनाई

- जयंती समारोह में 210 बुजुर्गों को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित
- 95 हाई स्कूल व इंटरमीडिएट पास बच्चों को मैडल देकर किया सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**






वीरांगना झलकारीबाई की 195वी जयंती धूमधाम से पुराना तहसील दार ग्राउंड में मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि शिव नारायण सोनकर ह्यष्ह्यह्ल आयोग सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे विशिष्ट अतिथि कुलदीप निषाद नगर पालिका अध्यक्ष हमीरपुर व यस पी कुटार रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डा सुरेश कोरी प्रदेश अध्यक्ष ने की इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सामाज को हर सम्भव आगे बढ़ाने का काम करेंगे और कहा गरीब लड़कियों की शादी व गरीब बच्चों की पढ़ाई में व गरीब लोगों इलाज करायेगे और अपनी समाज आगे बढ़ाए गे कुलदीप निषाद जी ने कहा की जो भी महापुरुष होते है वह सबके होते है और वीरांगना झलकारीबाई की मूर्ति स्थापित करने को कहा कि अगली जयंती समारोह झलकारी बाई की प्रतिमा के पास मनाएंगे जो नगर पालिका हमीरपुर में स्थापित हम करायेगे इस कार्यक्रम में 210 बुजुर्गों का सम्मान साल उड़ा कर किया और 95 बच्चों का जो हाईस्कूल व इंटरमीडिएट छात्रों को मेडल व शील्ड देकर सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामबहादुर नयन ने सबका आभार ब्यक्त किया इस कार्यक्रम का संचालन रामहेत अनुरागी ने किया प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश कमल राम बाबू मुकेश तूफानी कर्मेद प्रदेश सयुक्त सचिव प्रदीप कमल राजकुमार भगवान दास रामनयन अशोक सागर हरी बाबू रविंद पवन टेलर नीरज अरविंद आदि लोग उपस्थित रहे

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार भतीजे की मौत, चाचा सहित दो अन्य घायल

- पिकअप वाहन को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर कार से टकराई तेज रफ्तार बाइक
- इंगेजमेंट कार्यक्रम में शामिल होने पनवाड़ी जा रहे थे बाइक सवार चाचा-भतीजे

**समृद्धि न्यूज पनवाड़ी/महोबा।**



थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भरवारा के पास स्थित पठारी पुलिया के पास पिकअप कार को ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार भतीजे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि चाचा सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कुलपहाड़ में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के चाचा करतार सिंह ने बताया कि बाइक सवार चाचा-भतीजे कुलपहाड़ से इंगेजमेंट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पनवाड़ी जा रहे थे तभी भरवारा गांव के आगे पठारी पुलिया के पास बाइक पिकअप कार को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही कार से टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप कार भी बाइक से टकरा गई। प्राप्त विवरण के अनुसार पनवाड़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग स्थित ग्राम भरवारा के आगे पठारी पुलिया के पास कुलपहाड़ कस्बा के कठवरिया मोहल्ला निवासी चरणदास उर्फ़ पप्पू का 25 वर्षीय पुत्र पुष्पेन्द्र अहिरवार अपने चाचा मुन्ना उर्फ़ दयाराम के साथ बाइक में सवार होकर इंगेजमेंट कार्यक्रम में शामिल होने पनवाड़ी जा रहा था जैसे ही बाइक भरवारा गांव के आगे निकली तभी आगे चल रही पिकअप कार को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही मारुती कार से अनियंत्रित होकर टकरा गई। इसी दौरान पीछे हुई पिकअप कार ने भी अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पुष्पेंद्र अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मुन्ना उर्फ दयाराम और मारुति कार सवार दीपेंद्र पुत्र हरिराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पनवाड़ी और कुलपहाड़ थाना की पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुलपहाड़ पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सड़क हादसे में युवक की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि चाचा-भतीजे बाइक में सवार होकर कुलपहाड़ से इंगेजमेंट कार्यक्रम में शामिल होने पनवाड़ी जा रहे थे तभी भरवारा गांव के पास दर्दनाक हादसे में भतीजे की मौत हो गई और चाचा गंभीर रूप से घायल हुआ है।

# पुलिस ध्वज के प्रति निष्ठा व प्रतिबद्धता दोहराते हुए राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज महोबा।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा दिवस हर्षोल्लास, सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द में सलामी ली गई तथा पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक के संदेश से अवगत कराया तथा पुलिस झण्डा दिवस के महत्व, अनुशासन, कर्तव्यपरायणता और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना पर बल दिया। पुलिस कर्मियों को पुलिस फ्लैग स्टीकर भी लगाए गए।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे,प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा थाना कुलपहाड़ में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गई तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की शपथ दिलाई।

जनपद के सभी थानों में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस ध्वज को सलामी देकर पुलिस झण्डा दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

## गजट प्रकाशन

तारीख पेशी-26-11-2025
एफ0सी0जे0 फार्म नं0-33
भाग-7 हेतु संदशित की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी महोदय स्थान लखीमपुर जिला खीरी
वाद संख्या-
T-202410430108305
धारा-24(1)रा0स02006
वादी अरविन्द कुमार आदि
बनाम ग्राम सभा गढरूआ
-प्रतिवादी
1- किरन वर्मा पत्नी सतीश वर्मा नि0मो0 कंचनपुरी शहर लखीमपुर पर0 व जिला खीरी।
2- जगदीश प्रसाद पुत्र राम किशुन नि0 ग्राम बकैनिया मजरा गढरूआ पर0 व जिला खीरी।
3-अनिल कुमार पुत्र राम किशुन नि0 ग्राम बकैनिया मजरा गढरूआ पर0 व जिला खीरी।
4-रेखा देवी पत्नी कमलेश कुमार नि0 मो0 शिव कालोनी शहर लखीमपुर पर0 व जिला खीरी

चूंकि उपरोक्त नामांकित.. शहर लखीमपुर पर0 व जिला खीरी .. में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दि0 26-11-2025.. के.. दिवस को.. 10.. बजे पूर्वाहन में स्वयं या संपर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के.. दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय की मुहर

# महोबा पुलिस ने सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्राप्त किया पहला स्थान

- मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने एसपी, एएसपी सहित टीम को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज महोबा।**



एसपी प्रबल प्रताप सिंह, एएसपी वन्दना सिंह व सीसीटीएनएस कोऑर्डिनेटर रहमान रशीद

सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा अक्टूबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद के लिए लगातार छठवीं बार पहला स्थान है, जो महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यालय द्वारा टीमवर्क उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

# शैक्षणिक यात्रा पर पहुंचे बच्चों ने चन्देल कालीन मठ का किया भ्रमण

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में एक साल में 10 दिन बैग लेस दिवस घोषित किया गया है, जिसमें शनिवार के दिन बच्चों को बिना किताब बस्ता पेन के विद्यालय जाना है और उस दिन कोई भी एक्टिविटी कराई जाएगी। इसी के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठठेवरा के बच्चों को शैक्षणिक टूर पर रावतपुरा ले जाया गया।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अनोखी योजना प्रारंभ की गई है। शैक्षणिक कैलेंडर वर्ष में 10 दिन छात्र-छात्राएं बिना बैग किताबों के स्कूल जाएंगे और उस दिन बिना किताबों की पढ़ाई कराई जाएगी। साल में किसी भी 10 शनिवार को यह एक्टिविटी कराई जाएगी। इसी योजना के तहत जैतपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठठेवरा प्रधानाध्यापक रमेश यादव द्वारा विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक टूर पर ले जाया गया। सभी बच्चों को रावतपुरा के चंदेल कालीन मठ के बारे में जानकारी दी गई छात्र-छात्राओं ने उक्त टूर में जाकर इतिहास से संबन्धित जानकारी शिक्षकों से प्राप्त की।

प्रधानाध्यापक रमेश यादव ने बताया कि उक्त मठ काफी पुराना है और यह विशाल तालाब के किनारे स्थित है, जिसे चंदेल कालीन राजाओं द्वारा निर्मित कराया गया था। स्कूल में विद्यालय के अध्यापक शेख अनीश, अनुराग सोनी, इरफान खान ने बच्चों को इतिहास के बारे में जानकारी दी। बच्चों को जानकारी देने के लिए राजकीय हाई स्कूल रावतपुरा के प्रधानाचार्य दिनेश सोनी को विशेष अतिथि शिक्षक के रूप में बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि यह मठ ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित है।

# सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित : डीएम

**एसआईआर में प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित कर्मी दंडित किए जाएंगे : शशांक**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने रविवार को विधानसभा बाराबंकी (सदर) क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित कर्मी दंडित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट ने विधानसभा बाराबंकी (सदर) अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बड़ेल द्वितीय में बने बूथ संख्या 385 व 386 का निरीक्षण किया।

एसआईआर से संबंधित हो रहे फीडिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

बूथ संख्या 385 की बीएलओ नीतू श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके बूथ पर कुल 686 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में है। जिसमें से अबतक करीब 300 फॉर्म का एसआईआर आवेदन पूर्ण किया जा चुका है। बूथ संख्या 386 की बीएलओ दीपलता ने बताया कि उनके बूथ पर भी अबतक लगभग 250 फार्म पूरे किये जा चुके है।



### लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में लगे सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाये किसी के स्तर पर लापरवाही मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने देखे भरे हुए आवेदन फॉर्म, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने दोनों बूथों पर भरे हुए फार्म का अवलोकन किया और सम्बंधित बीएलओ से बीएलओ एप्प पर उसकी फीडिंग से सम्बंधित स्थिति की जानकारी ली। बीएलओ के कार्यों से संतुष्टि जताते हुए और बेहतर प्रयास करने को कहा।

### एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है, जनता भी निभाये अपनी भागीदारी

जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। इसको निर्धारित समय अवधि में प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए। इस कार्य के लिये जनता(मतदाता) भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बीएलओ का सहयोग करें जिससे समय पर आवेदन फॉर्म भरकर उसकी ऑन लाइन फीडिंग कराई जा सके।

### बीएलओ संग डीएम ने खिंचवाई फ़ोटो, कार्य की सराहना की

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बीएलओ नीतू श्रीवास्तव और दीपलता सहित सुपरवाइजर के कार्यों की सराहना करते हुए उनके साथ फ़ोटो खिंचवाई। समय पर कार्य पूर्ण हो सके इसके लिये और अधिक मनोयोग से कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित : डीएम

रविवार को प्राथमिक विद्यालय बड़ेल द्वितीय के बूथ संख्या 385 व 386 के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा की जनपद स्तर पर जो बीएलओ समस्त कार्य सबसे पहले पूर्ण करेंगे उन्हें सर्वश्रेष्ठ मानते हुए सम्मानित भी किया जाएगा।

## अध्यक्ष योगेश द्विवेदी के नेतृत्व में हो रहा संगठन का विस्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन हैदरगढ़ के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर के साथ साथ ग्रामीण स्तर के व्यापारियों को जोड़ा जा रहा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक व्यापारियों को सदस्य बनाना है व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना और उनके हितों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता है। अभियान में व्यापारियों से जनसंपर्क किया जा रहा है और उन्हें संगठन में जुड़ने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। सदस्यता दिलाने में प्रमुख रूप से व्यापार संगठन अध्यक्ष योगेश द्विवेदी उपाध्यक्ष शादाब अहमद संगठन मंत्री यूसुफ खान आशुतोष वैश्य मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला मंडल मंत्री गया प्रसाद कश्यप लेखाकार आकाश तिवारी सहित संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ठेंगहा पुल के पास झाड़ी में घुसी बस, सभी यात्री सुरक्षित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत रविवार सुबह ठेंगहा पुल के पास एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। जनपद के जगदीशपुर से प्रतापगढ़ जा रही एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में घुस गई। बस में दर्जनों यात्री सवार थे लेकिन कि किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। मिली जानकारी के अनुसार, बस जगदीशपुर से अमेठी होते हुए प्रतापगढ़ जा रही थी। चालक से ठेंगहा पुल के पास मोड़ पर अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और बस तेजी से सड़क किनारे झाड़ियों की ओर मुड़ गई और खाई में गिरते गिरते बच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर राहत कार्य शुरू किया। पास में ही मौजूद एक जेसीबी मशीन की मदद से बस को झाड़ियों से बाहर निकाला गया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद बस को सड़क पर खड़ा किया जा सका। यात्रियों ने चालक की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद की सराहना की, जिसकी वजह से हादसा टल गया और सभी सुरक्षित रहे।

### रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र पीपरपुर के अंतर्गत दुर्गापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पिलर नंबर 72/8 के पास रेलवे ट्रैक के बगल एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को देखते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सुचना दी, सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्ज़े में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस जांच के दौरान मृतक की पहचान रिंकू पुत्र रामपाल, निवासी थाना शिवगढ़, जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है जिसके चलते उसके अकेले रेलवे ट्रैक पर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्ज़े में लिया, शिनाख्त की प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### हाई टेंशन विद्युत लाइक तार टूट कर गिरा मां-बेटी झुलसी, अस्पताल में भर्ती



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के मुस्काबाद गांव में रविवार सुबह हाई टेंशन लाइन टूटने से एक महिला और उसकी दो वर्षीय बेटी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। यह हादसा गांव में जामुन के पेड़ की डाल काटते समय हुआ दोनों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे की है।जानकारी के अनुसार गांव मे जामुन के पेड़ की डालें काटी जा रही थी।इसी दौरान पेड़ की एक भारी डाल ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन पर जा गिरी,जिससे तार टूटकर सड़क किनारे नीचे आ गिरा।उसी समय बल्लापुर निवासी रूबी (28) पत्नी गुफरान अपनी दो वर्षीय बेटी आमिना के साथ शौच से लौट रही थीं। टूटे तार में करंट प्रवाहित होने के कारण दोनों मां-बेटी उसकी चपेट में आ गईं और झुलसकर जमीन पर गिर पड़ीं।हादसा देखते ही पास से गुजर रहे एक राहगीर ने शोर मचाया।जिसके बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर दोनों को टूटे तार के नीचे से बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया है।

### दावत में रसगुल्ला देने से इनकार करने पर लाठियों से पीटकर किया घायल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के चिखड़ी मजरे पश्चिमगांव में दावत के दौरान रसगुल्ले की स्टाल पर खड़े एक युवक को दोबारा रसगुल्ला देने से इनकार करना महंगा पड़ गया। सामने खड़े नशे में धुत दबंगों ने दो लोगों के ऊपर जमकर लाठी डंडे बरसा दिए। मारपीट की इस वारदात में दोनों को गंभीर चोटें आ गईं। दावत में आए लोगों में अफरा तफरी मच गई। कुर्सियां फेंकने के दौरान लगभग एक दर्जन कुर्सी भी टूट गई। इलाज के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पीड़ितों ने मामले की सूचना थाने पर दी है। थाना क्षेत्र के पश्चिम चिखड़ी मजरे पश्चिम गांव में दावत चल रही थी। इसी दौरान दावत खाने आधा दर्जन दबंग किस्म के युवक भी वहां पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी शराब के नशे में थे। खाने के बाद उक्त दबंग रसगुल्ला के स्टॉल पर पहुंचे और एक के बाद एक कई रसगुल्ला खाना शुरू कर दिया, जब इस बात को लेकर रसगुल्ले की स्टाल पर खड़े युवक कुलदीप पुत्र दिनेश कुमार तथा अरुण कुमार पुत्र रामू निवासीगण राजाखेड़ा मजरे पस्तौर ने इसका विरोध किया तो उक्त दबंग आग बबूला हो गए और गाली गलौज करने लगे। फिर थोड़ी देर बाद कुछ युवक लाठी डंडा लेकर आ गए और उन दोनों युवकों टूट पड़े जिससे दोनों के सिर फट गए।दबंग यहीं नहीं रुके उन्होंने पंडाल के अंदर रखी लगभग एक दर्जन कुर्सियों को भी मारपीट के दौरान तोड़ डाला। इस दौरान दावत में आए लोगों में अफरा तफरी मच गई। किसी तरह दोनों युवक जान बचाकर वहां से निकले। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पीड़ित यवको ने मामले की तहरीर थाने पर दी है। इस बारे में थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, जाँच की जा रही है।

## झण्डा दिवस पर पुलिस कर्मियों को एसपी ने लगाया झंडा प्रतीक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर समस्त पुलिस कर्मियों को झण्डा दिवस का प्रतीक चिन्ह लगाया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस कर्मियों के शौर्य प्रदर्शन एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता, अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर 1952 को भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश पुलिस व पीएसी को पुलिस कलर व झण्डा प्रदान किया गया था।

शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। जिस उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस के रूप में मनाया जाता है।



रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस झण्डा दिवस का प्रतीक चिन्ह लगाकर श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया गया एवं पुलिस कर्मियों को शौर्य, कर्तव्य परायणता तथा उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में, समस्त क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा अपने कार्यालयों में तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी में पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया।

### यातायात माह के तहत पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के चलते पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करके उल्लंघन करने वालों पर विशेष कार्रवाई की गई।साथ ही यातायात नियमों को पालन करने के लिए अपील की गई।सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौराहा पर चौकी प्रभारी सूची स्वदेश कुमार ने हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान दो पहिया चार पहिया और बड़े वाहनों की जांच की गई।इस यातायात माह के तहत चलाए जा रहे अभियान में बगैर हेलमेट तीन सवारी और बिना सीट बेल्ट समेत अन्य त्रुटियां पाये जाने पर लगभग चालीस चालान किया गया।साथ ही वाहन चालकों को यातायात का पाठ भी पढ़ाया गया। पुलिस की सख्ती देखते हुए कई बाइक सवारों ने अपना रास्ता बदल लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।वही चौकी इंचार्ज ने बताया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात माह के दौरान ऐसे ही चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े। इस मौके पर दीवान दुन्नीलाल निगम, आरक्षी जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## झुके हुए विद्युत पोल ट्रांसफार्मर को लेकर कभी भी गिरकर बन सकते हैं हादसे का कारण



**ग्रामीण कर रहा है एक वर्ष से शिकायत नहीं हो रहा समाधान**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रखा है ट्रांसफार्मर और झुके हुए हैं विद्युत पोल दे रहे हैं हादसों को दावत कभी भी घट सकती है कोई बड़ी दुर्घटना। ग्रामीण कर रहा है बार-बार शिकायत फिर भी नहीं हो रहा समाधान। रायबरेली जिले के महराजगंज तहसील चन्दापुर थाना क्षेत्र के स्वयंवर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना ग्राम पंचायत मे लगा हुआ ट्रांसफार्मर विद्युत पोलों को लेकर कभी भी नीचे गिर सकता है और इसकी जद में आकर एक घर सहित पूरा गांव नुकसान उठा सकता है। ग्रामीण राम प्रसाद ने बताया कि 1 वर्ष से कई बार शिकायत कर चुका हूं तहसील दिवसों में भी शिकायत किया लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है विद्युत पोल जिस पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है मेरे घर की तरफ झुका हुआ है और हम सभी नीचे सोते हैं कभी भी कोई हादसा हो सकता है और जो रोकने के लिए स्टे लगा हुआ है वह भी किसी काम का नहीं है कई बार अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है और भी कई अन्य ग्रामीणों ने भी बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुन नहीं रहा है कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

## 62 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में रविवार को गठित टीम द्वारा ग्राम- शारदन, हतवा, रेशी, रुस्तमपुर, पलिया पश्चिम, हिंडोलनी व बनभरिया में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान टीम द्वारा क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना- कमरौली के ग्राम - रुस्तमपुर व पलिया पश्चिम से लगभग 62 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250 किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। साथ ही आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। दबिश की कार्यवाही मे आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना व स्टाफ क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना से शमशेर कुमार, रामनाथ मौर्य, संजय कुमार, शर्वेश वर्मा आदि शामिल रहे।



### सैनिकों की पेंशन समस्याओं के निस्तारण के लिए 28 को लगेगा कैंप

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अवकाश प्राप्त विंग कमान्डर अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु स्टेशन हेडक्वार्टर अयोध्या द्वारा 28 नवम्बर को पूर्वान्ह् 11 बजे से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, गौरीगंज में कैम्प लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो वे अपनी सेना की डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, आधार कार्ड, पैन कार्ड व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर अपनी पेंशन से सम्बन्धित समस्या का निस्तारण करा सकते है।

## जीजा की कार चलाना सीख रहे साले ने मां पर चढ़ा दी कार, मौके पर ही मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



घर आये जीजा की कार चलाना सीख रहे साले ने दरवाजे पर धूप सेंक रही मां पर ही कार चढ़ा दी। इस दुर्घटना में महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के बहुता गांव निवासी राकेश कुमार तिवारी के घर उनके दामाद कार लेकर आए थे। कार घर के बाहर खड़ी थी।राकेश की पत्नी मीनू तिवारी 60 वर्ष घर के बाहर ही कुर्सी पर बैठी धूप ले रही थीं। दोपहर के समय दरवाजे पर मौजूद श्री तिवारी के पुत्र सूरज ने अपने जीजा से कार सिखाने की बात कही। जिसके बाद सूरज ने चाबी लेकर कार स्टार्ट कर दी। एकाएक उसका पैर एक्सीलेटर पर इतनी तेजी से पड़ा कि कार उछलकर उसकी मां के ऊपर चढ़ गई। दुर्घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।आनन-फानन में परिजन घायल महिला को लेकर सीएचसी हैदरगढ़ आए।यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर घर चले गए।

### बूथ पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि ऊंचाहार तहसील में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्ढ्ढक्र) में अच्छा कार्य करने पर बूथ न.121 टिकथा मुसल्लेपुर की बीएलओ मनोरमा शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 182 सरेनी विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 331 के बीएलओ संपूर्णानंद (शिक्षा मित्र) व बूथ संख्या-348 बीएलओ अर्चना सिंह (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) को बूथ पर अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पशु चोर गिरोह के चार शातिर गिरफ्तार

**चोरी की भैंस, पड़िया बरामद**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 04 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 राशि चोरी की भैंस, भैंस का बच्चा (पड़िया), 01 अदद अवैध बंदूक, अवैध चाकू व घटना में कारित करने में प्रयुक्त डाला (टाटा मैजिक) बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

थाना देवा पुलिस ने रविवार को मु0अ0सं0-582/25 धारा 305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित 04 शातिर चोर/अभियुक्तों 1. फुरकान पुत्र मो0 सफीक निवासी आलापुर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 2. अफजल उर्फ मामू पुत्र सफीक निवासी खेवली थाना देवा जनपद बाराबंकी 3. फुरकान पुत्र उस्मान निवासी ग्राम खेवली थाना देवा 4. रितेश पुत्र प्रेमचन्द निवासी खंदर भिटहरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी 01 राशि भैंस, 01 राशि बछड़ा, एक अदद अवैध बंदूक (अद्धी) .12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर, 01 अदद नाजायज चाकू व घटना कारित करने में प्रयुक्त डाला (टाटा मैजिक) क्क 32 ऋह्र 6667 बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी तथा अभियुक्त फुरकान पुत्र सफीक के कब्जे से बरामद अवैध बंदूक (अद्धी) .12 बोर व अभियुक्त अफजल उर्फ मामू के कब्जे से बरामद अवैध चाकू के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-584/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0 585/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, अभियुक्त फुरकान पुत्र सफीक व अफजल उर्फ मामू के विरुद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर चोरी, गौ तस्करी, हत्या, अवैध शस्त्र बरामदगी के अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो गांव/कस्बों में रेकी करने के पश्चात चिन्हित स्थान पर चोरी की घटना कारित करते हैं।

अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 21 नवम्बर की रात्रि को थाना देवा के ग्राम गौरिया से एक भैंस व उसका बच्चा (पड़िया) चोरी करने के पश्चात डाला से ले गये थे। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0- 582 /25 धारा 305 (ए) बीएनएस पंजीकृत है।

### सूचना विभाग की प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जगदीशपुर के ग्राम बुबूपुर में आयोजित सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी 23 से 28 नवम्बर तक संचालित होगी, शुभारंभ के अवसर पर विधायक सुरेश पासी ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सही और सटीक जानकारी सीधे जनता तक पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर 23 से 28 नवम्बर के मध्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से समझाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, पत्रकार, ध्वनि फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शिवकरण तिवारी, राम उजागीर तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, गया प्रसाद तिवारी, विजय तिवारी, आदित्य नारायण तिवारी, सिराज अहमद, सिद्दीक़ खान, राकेश पांडेय, हरि प्रताप सिंह, अरुण तिवारी, राम निवाज ओझा, कल्लू निहालपुर, लतीफ खान, प्रिंसु शुक्ला, भगवत प्रसाद, राजन गुप्ता, गोपाल तिवारी, बृजेश पाठक, सौरभ पाठक सहित अनेक लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### सीतापुर के अंशुमान श्रीवास्तव ने किया सिंगल सलमा में अभिनय



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** हाल फ़िलहाल में सिनेमाघरों मे दस्तक दी है फिल्म सिंघल सलमा ने। गौरतलब है और अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि अब फ़िल्म जगत में अपना नाम बनाने की कोशिशें करने वाले नवयुवकों को बॉलीवुड उपयुक्त मंच प्रदान भी कर रहा है। इसी संबंध मे आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे सीतापुर के रहने वाले अंशुमान श्रीवास्तव जो काफ़ी समय से फिल्मजगत मे अपने पैर जमाने की जद्दोजहद में लगे हैं, उन्हें भी सिंगल सलमा मे एक छोटी अपितु दमदार भूमिका दी गई है। फ़िल्म में वह लीड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के लिए शादी का रिश्ता लेकर उनके घर जाते हैं। इससे पहले अंशुमान अब तक के अपने फिल्मी करियर में कागज़, डायरीज ऑफ वेस्ट बंगाल, संदेह जैसी फिल्मों व देहाती लड़के जैसी नामी वेब सीरीज और सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर तथा शुभ लगन महुरत जैसी लोकल फिल्मों में भी अपनी कला का लोहा मनवा चुके हैं।(चैनल का नाम) की पूरी टीम अंशुमान के जज्बे को सलाम करते हुए आने वाले समय मे बॉलीवुड में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है

### घटतौली करने वाले कांटा इंचार्ज पर मुकदमा दर्ज हो : मनोज त्रिवेदी



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** गन्ना क्रय केंद्र रसूलपुर में लगातार दो दिनों से घटतौली व रुपए 50 प्रति पर्ची उतरवायी की खबर मिलने के बाद भाजपा नेता मनोज त्रिवेदी सहसंयोजक मीडिया मौके पर पहुंचे और किसानो की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने संबंधित कांटा इंचार्ज पर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग भी की। किसानों को दिया। किसानों ने उनके कार्य की सराहना की।

## डीएम ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण, दिये निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने रविवार को विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रतनगंज काशीपुर भिठौली चन्द्रसेनी जहांगीराबाद मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, लालपुर से समोलिया सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य, तम्बौर महमूदाबाद मार्ग के किमी0 1 से 21 तक सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य, लालपुर मतुआ मार्ग से पलौली प्रथम भाग सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य, जनपद सीतापुर के हरगांव रायपुर केसरीगंज लहरपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य, जनपद सीतापुर में स्थित अज्जेपुर झील के ईको पर्यटन विकास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता की जांच मौके पर ही करायी तथा निर्माण कार्य की योजना का डिजाइन, स्वीकृत बजट, उपयोग होने वाली सामग्री का विवरण, परीक्षण रिपोर्ट आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये तथा सैम्पल की जांच हेतु लैब को प्रेषित कराये।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता मिथिलेश कुमार सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने ताहपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.ने रविवार को लहरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव ताहपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, अलाव की व्यवस्था, हरे चारे की उपलब्धता, तिरपाल का प्रबंध आदि का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, अलाव, तिरपाल एवं समुचित उपचार के साथ ही ठंड से बचाव के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लम्बित भुगतान समय से सुनिश्चित कराए जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित कर निरीक्षण आख्या प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भ्रमण किए जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीमार पशुओं को समय से उपचार उपलब्ध कराया जाय। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिंदगी और मौत से जूझ रही बीमार महिला को अस्पताल से निकाला


घर में चारपाई पर बैठी बीमार महिला सुनीता।



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


उसे क्या पता था कि सही बात कहने की उसकी बीमार मां को इतनी बड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। यह मालूम होता तो शायद मां की देखरेख में अस्पताल में मौजूद बेटी राज्य महिला आयोग की सदस्य से बाहर से दवाएं मंगाए जाने की शिकायत नहीं करती। अब उसकी मां घर पर जिंदगी और मौत से जूझ रही है। अस्पताल ने उन्हें जबरन निकाल दिया है।

मैनपुरी जनपद के दुर्जनपुर गांव निवासी युवती लक्ष्मी ने यह कहानी बताते हुए कहा कि उसे यह सब नहीं पता था कि सही बात कहने की इतनी बड़ी सजा उसकी मां को मिलेगी। उसने बताया कि उसकी मां गंभीर बीमारी से जूझ रही है। उन्हें पिछले माह की 22 तारीख को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उनका इलाज डॉक्टर संतोष मिश्रा की देखरेख में चल रहा था। 19 नवंबर को राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान जब वह उसकी मां के बेड के पास पहुंची और उन्होंने स्वास्थ्य और अस्पताल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली, उस समय वह अपनी मां के पास मौजूद थी। उसने उन्हें बताया कि कुछ दवाएं तो अस्पताल से मिल जाती हैं। इसके अलावा बाहर मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदकर लानी पड़ती है। उसका यही सच कह देना उसकी मां पर भारी पड़ गया। यहां से उसके मां के इलाज की उल्टी गिनती शुरू हो गई। पहले तो इलाज करने वाले डॉक्टर ने फोन कर उन्हें धमकाया और फिर दो दिन बाद उनकी मां को जबरन अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। अब हालत यह है कि उसकी मां घर पर ही जिंदगी और मौत से जूझ रही है। उधर, बीमार सुनीता के पति सुशील कुमार ने बताया कि काफी अनुनय विनय के बाद और लिखकर देने के बाद भी डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। अब वह पैसों की व्यवस्था होते ही अपनी पत्नी को इलाज के लिए कानपुर ले जाने की तैयारी कर रहा है। वहीं इस मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग से भी की है।

### जिनकी तैनाती नहीं, वो करते इलाज

छिबरामऊ। सौ शैया अस्पताल में दलालों और बिचौलियों के अलावा ऐसे बाहरी लोगों का भी दखल है, जो अस्पताल में भर्ती मरीजों का उपचार करते हैं। लोगों की मानें, तो ऐसे लोगों का अस्पताल प्रशासन से कोई लेना-देना भी नहीं है। इसका एक ताजा नमूना शनिवार को उस समय देखने को भी मिला था, जब औचक निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ.सुनील कुमार सिंह के सामने एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि एक व्यक्ति ने बाहर मेडिकल स्टोर से पांच सौ रूपये का इंजेक्शन मंगाकर लगाया है। जब उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.संतोष मिश्रा से जानकारी ली, तो उन्होंने उसे सिरे से नकार दिया। अब भला ऐसे में वह कौन व्यक्ति था, जिसकी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को भी जानकारी नहीं और वह मरीज को इंजेक्शन लगाकर चला गया। ऐसे में यदि मरीज के साथ कोई बात बनती-बिगड़ती है, तो भला किसकी जिम्मेदारी होगी।

### अस्पताल में चस्पा हो गए दलालों से सावधान के पोस्टर



छिबरामऊ। सौ शैया अस्पताल की इमरजेंसी में कई जगह दलालों और बिचौलियों से सावधान के बड़े-बड़े पोस्टर चस्पा किए गए हैं। इन चस्पा किए गए पोस्टरों से एक बात तो निश्चित तौर पर स्पष्ट हो गई कि कहीं न कहीं अस्पताल में दलाल और बिचौलिए हावी हैं। यही कारण है कि मरीजों और उनके तीमारदारों को इनसे सावधान करने संबंधित चेतावनी के पोस्टर अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी वार्ड में लगवाए हैं।

# गंदे जलभराव से परेशान मोहल्ले वासियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रोफेसर कॉलोनी की एक गली में वर्षों से बरसाती जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। जिसको लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नगर पालिका ने इस समस्या के समाधान हेतु कॉलोनी की लगभग सभी सड़कों को ऊंचा करवाया तथा किनारों पर पक्की नालियां बनवाईं। अब केवल एक गली का निर्माण शेष रह गया है, जिसकी लंबाई करीब 50 मीटर है। इस गली के अधूरे रह जाने से बरसात खत्म होने के बाद भी नालियों का गंदा पानी गली में जमा हो रहा है। कीचड़ और जलभराव के कारण छोटे बच्चे, बुजुर्ग तथा महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए हैं। मच्छरों के प्रकोप से कभी भी डेंगू-मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। परेशान मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन कर शेष गली के तत्काल निर्माण की मांग की। इस दौरान योगेंद्र सिंह भदौरिया, मुनेश्वर सिंह, सतपाल सिंह, संतोष दुबे, अमरपाल सिंह, ओमचंद, विनोद त्रिवेदी, अज्जू भदौरिया, उदयवीर यादव आदि मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियानः दो स्थानों पर लगे कैंप में मतदाताओं ने भरे एसआईआर फॉर्म



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत मोहल्ला सराफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर तथा मोहल्ला दीक्षितान के श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर में मतदाता शिविर आयोजित किए गए।

सराफान कैंप का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा मतदाता सूची में नाम जुड़वाना हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं ताकि कोई भी मतदाता वंचित न रहे।

तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाएं, ताकि मतदाता सूची शत-प्रतिशत शुद्ध हो। सभासद सुशील पाण्डेय एडवोकेट व भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक नवीन मीनू बाजपेयी के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में बूथ 184 से 188 तक के सुपरवाइजर अश्वनी कुमार, बीएलओ रश्मि कुमारी, सोनम पाण्डेय, पूनम देवी, मो. नाजिर अली, आनंद कुमार तथा बूथ प्रमुख रामेंद्र विनोद पाण्डेय, हर्षवर्धन पाण्डेय, कुलदीप शाक्य, गौरव जग्गी पाण्डेय, प्रमोद शाक्य सहित सावित्री पाण्डेय, रामचन्द्र मिश्रा, ईश्वर चन्द्र द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह मोहल्ला दीक्षितान में बूथ-168 के बूथ प्रमुख राजनरायन दीक्षित व बीएलओ अतुल कुमार ने भी मतदाताओं के फॉर्म भरवाए।

# सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अजय श्रीवास टिंकू का भव्य स्वागत




**छिबरामऊ (कन्नौज)।** समाजवादी पार्टी की साइकिल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले पूर्व सपा नेता अजय श्रीवास टिंकू का आरबी पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में जोरदार स्वागत किया गया। उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल भेंट कर भाजपा परिवार में शामिल किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय श्रीवास टिंकू ने कहा कि अब वे अपना पूरा जीवन भाजपा के लिए समर्पित करेंगे और पार्टी के हर कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाजपा नेता मुनीश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने अजय श्रीवास को विधिवत भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समर्पण भाव से काम करते हैं और अजय श्रीवास भी इसी भावना के साथ पार्टी को मजबूत करेंगे। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राजीव शुक्ला, संजीव शुक्ला, रजनेश दुबे, सभासद हिमांक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष राजीव दूबे का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजीव दुबे का छिबरामऊ में उनके जन्मदिन के अवसर पर अनेक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर जोरदार अभिनंदन किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी एवं कन्नौज जिला महामंत्री, सर्राफा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष, नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष और भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव दुबे ने कहा कि सतत संघर्ष से ही सफलता प्राप्त होती है। हर आंदोलन में यहां की जनता का पूरा सहयोग मिला है। हमें मिलकर शहर का चौमुखी विकास करना है, व्यापारियों व आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है तथा सामाजिक सौहार्द को और मजबूत करना है।

उन्होंने सभी के प्रेम व सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुकेश द्विवेदी, अजय दुबे, आसाराम यादव, विनोद कुमार दुबे पप्पू, अनुज सक्सेना, ऋतिक शुक्ला, संदीप कुमार, राजीव यादव व शौर्य दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा राजीव दुबे को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नेकी की दीवार ने किया बेटी के विवाह में सहयोग, दिया जरूरत का सामान



**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

दुख की घड़ी हो या खुशी का अवसरए नेकी की दीवार के सदस्य सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे रहते हैं। समाज सेवा की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शहर की नेकी की दीवार टीम ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई। संस्था के सदस्यों ने घर जाकर विवाह उपहार के रूप में जरूरी सामान सौंपा, जिससे परिवार को बड़ा सहारा मिला।सहयोग करने वालों में निरंजन शर्मा, अमित सिंह, विकास चौधरी, कपिल कक्कड़, रिकी गुप्ता सहित प्रीत इन्वर्टर द्वारा विशेष योगदान दिया गया। सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से सहयोग का सामान परिवार तक पहुँचाया और शुभकामनाएँ दीं। संस्था के संस्थापक गुरमेल सिंह नेहिया ने बताया कि नेकी की दीवार केवल स्थानीय स्तर ही नहीं बल्कि पूरे भारत में सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था भारत सरकार की विभिन्न जन.जागरूकता मुहिमों में भी लगातार योगदान दे रही है।

# पुलिस ध्वज कर्तव्य, अनुशासन और गर्व की धरोहरः एसपी



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

### जिले में सभी थानों, चौकियों पर फहरा पुलिस ध्वज

कन्नौज। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर जिले के सभी थाना व चौकियों पर भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ससम्मान पुलिस ध्वज फहराकर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया और जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प दोहराया।

पुलिस लाइन्स में रविवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने रिज़र्व पुलिस लाइन्स क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण व निष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस दौरान एसपी ने पुलिस महानिदेशक का संदेश भी पढ़कर सुनाया तथा पुलिस ध्वज की गरिमा और परंपरा को अक्षुण्ण रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्यपरायणता और उत्कृष्ट सेवा के कारण ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 23 नवम्बर 1952 को उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यह गौरव पाने वाला देश का प्रथम राज्य पुलिस बल उत्तर प्रदेश पुलिस है। एसपी ने बल की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस ध्वज केवल प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन और गर्व की धरोहर है, जिसे हर पुलिसकर्मी को सदैव सम्मान देना चाहिए।

**पुलिस लाइन्स में गरिमामय तरीके से मनाया गया पुलिस झंडा दिवस**

### ऊंची भूड वार्ड में सीसी रोड का लोकार्पण, विकास को मिलेगी गति

गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की योजना से निर्मित ऊँची भूड वार्ड 22 गोकर्ण पंचम में नवनिर्मित सीसी रोड का शुक्रवार 23 नवम्बर को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन वार्ड के वरिष्ठजनों, अधिवक्ता नरेश सिंह भदौरिया, समाजसेवी गुरुसरन पाठक, अधिवक्ता अरुण दीक्षित, कृष्ण कुमार अवस्थी तथा सभासद मोहित कनौजिया ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ संयुक्त रूप से पूजन कर किया। उद्घाटन समारोह में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा नगर के चहुंमुखी विकास के लिए मैं निरंतर कार्य करता रहूँगा। जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि सीसी रोड निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात में होने वाली परेशानी से भी निजात मिलेगी। इस अवसर पर रमाकांत तिवारी अशोक सिंह, संतोष तिवारी, भाजपा बूथ अध्यक्ष शिवम कश्यप, वसंत तिवारी, विपिन विष्णु गोपाल सक्सेना,जुगुल किशोर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान: हर बूथ पर तेज़ी से हुआ फॉर्म भरने का कार्य

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत लखीमपुर क्षेत्र के सभी पोलिंग स्टेशनों पर बीएलओ ने युद्धस्तर पर निरीक्षण और फॉर्म भरने का कार्य किया। वार्ड शमशेरनगर, बाजपेयी कालोनी और नई बस्ती के मतदाताओं के लिए इस्लामिया स्कूल पर बीएलओ अल्पना शुक्ला अपनी टीम के साथ सुबह से शाम तक सक्रिय रहीं। उन्होंने बताया कि सहयोगियों द्वारा मतदाताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। बीएलओ अल्पना शुक्ला ने बताया कि मतदाताओं में फॉर्म भरने को लेकर काफ़ी उत्साह देखा गया। शासन के निर्देशों के अनुरूप आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उनके परिजनों सहित फॉर्म उपलब्ध कराए जा रहे हैं साथ ही एक नमूना फॉर्म भरकर भी समझाया जा रहा है ताकि प्रक्रिया सरल बन सके। पोलिंग बूथ पर पहुंचे अमरनाथ साहनी ने बताया कि उनका और उनकी पत्नी का नाम मौजूदा मतदाता सूची में नहीं है जबकि परिवार के अन्य सदस्यों के फॉर्म उन्हें उपलब्ध कराए गए हैं।

इसी क्रम में भाजपा के नगर महामंत्री मनीष मिश्रा ने जानकारी दी कि पार्टी की नगर टीम भी प्रत्येक बूथ पर बीएलए.2 बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ समन्वय करते हुए सहयोग प्रदान कर रही है। उपजिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार ने भी कई पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया।

वहीं जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए महामंत्री आशू मिश्र, नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा और प्रवासी जीवनलाल साहनी ने भी विभिन्न बूथों का दौरा कर अभियान की प्रगति देखी।

# ईसानगर ब्लॉक के प्रा.वि. मुरवनपुरवा पकरिया में बढ़ा खतरा




**लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड ईसानगर के प्राथमिक विद्यालय मुरवनपुरवा पकरिया में बाउंड्रीवाल न होने के कारण विद्यालय प्रबंधन और अभिभावक लगातार चिंतित हैं। खुले परिसर की वजह से जंगली जानवरों के स्कूल में प्रवेश का खतरा बना हुआ है जिससे न सिर्फ बच्चों बल्कि शिक्षकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ी है। ग्रामीण क्षेत्र में हाल ही में जंगली जानवरों की गतिविधियाँ बढ़ने से यह खतरा और गंभीर होता जा रहा है। प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार का कहना है कि बाउंड्री के अभाव की समस्या कई बार उच्च अधिकारियों और ग्राम प्रधान तक पहुंचाई जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि श्हमने कई बार स्थानीय प्रशासन और ग्राम प्रधान को अवगत कराया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। खुले में स्कूल चलाना अब बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से काफी मुश्किल होता जा रहा है। वहीं ग्राम प्रधान का तर्क है कि फिलहाल बाउंड्री निर्माण के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। जैसे ही बजट स्वीकृत होगा स्कूल की चारदीवारी का निर्माण करवाया जाएगा। लेकिन तब तक विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों की चिंता कम होने का नाम नहीं ले रही। स्थानीय ग्रामीण कमलकांत बताते हैं कि बाउंड्री न होने से परिसर में गंदगी भी बढ़ रही है। अक्सर बाहरी पशु और अराजक तत्व स्कूल में घुस जाते हैं जिससे शिक्षण वातावरण प्रभावित होता है और बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। उन्होंने कहा कि श्बाउंड्री न होने का नुकसान सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है पढ़ाई का माहौल भी लगातार बिगड़ रहा है। क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा ग्रामीणों पर हमले की घटनाएँ भी आए दिन सामने आ रही हैं जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों में भय व्याप्त है। शिक्षक भी लगातार सतर्क रहकर स्कूल चलाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ ने प्रशासन से जल्द से जल्द बाउंड्री निर्माण कराने की मांग की है।

# क्षेत्र पंचायत बैठक समय से आहूत कराने के लिये बीडीओ को भेजा पत्र

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कदौरा ब्लाक प्रमुख लक्ष्मी देवी ने बीडीओ को भेजे गये पत्र में क्षेत्र पंचायत कदौरा की बैठक स-समय आहूत किये जाने की मांग की ताकि क्षेत्र में विकास कार्य कराया जाना सुनिश्चित हो सके।

बीडीओ को संबोधित भेजे गये पत्र में ब्लाक प्रमुख ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रत्येक वर्ष में 6 बैठक होना सुनिश्चित किया गया है। चूंकि विगत बैठक 7 मार्च 2025 को विकासखंड सभागार में आहूत की गयी थी। उक्त बैठक को 6 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी क्षेत्र पंचायत की बैठक अद्यतन विकासखंड कार्यालय में आहूत नहीं की गयी है। जो कि अत्यधिक चिंतनीय विषय है। इस व्यवस्था के चलते क्षेत्र में विकास कार्यो का होना सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्र की आम जनमानस में अत्यधिक रोष व्याप्त हो रहा है। ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ को भेजे गये पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया कि पत्र प्राप्ति के दो दिवस के अंदर पत्राचार कर 28 नवंबर को क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें साथ ही उक्त कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते हुये पत्र की एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल में 5 दिसंबर तक करा लें रजिस्ट्रेशन

कालपी (जालौन)। उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फबोर्ड के कोऑर्डिनेटर हाफिज इरशाद अशरफी ने अवगत कराया है कि भारत सरकार ने जो एक सिस्टम चालू किया है 'उम्मीद पोर्टल' के नाम से इसमें सभी मुसलमानों को चाहिए कि वह अपनी वक्फकी संपत्तियां मस्जिद, मदरसा, इमामबाड़ा, कब्रिस्तान, मकबरे, दरगाह बगैरा को 5 दिसंबर 2025 तक दर्ज रजिस्ट्रेशन करा लें। अगर वक्त से पहले नहीं किया गया तो उन जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। नगर के मोहल्ला मिर्जा मंडी स्थित मदरसे में उन्होंने बताया कि अगर किसी को दिक्कत पेश आ रही हो तो वो हमसे संपर्क कर सकते हैं। आपकी समस्या को सुनने के लिए उरई में अल्पसंख्यक समाज कल्याण अधिकारी ऑफिस में मौजूद रहते हैं। उनका मोबाइल नंबर 6394936192 इससे बात कर सकते हैं।

# बाइक सवार युवकों ने सड़क पर जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, तीन घायल

**कोंच जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच सर्किल के कैलिया थाना क्षेत्र में रविवार सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कैलिया कोंच रोड की बताई गई स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक की है, जहां तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों ने सड़क से गुजर रहे एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक सलैया निवासी विकास कौरव (23) अपने साथी दीपक (22) के साथ बाइक से झांसी जा रहे थे। इसी दौरान ऊंचागांव निवासी 48 वर्षीय जय दयाल सड़क से गुजर रहे थे। वे कैलिया में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राथमिक उपचार के लिए तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जय दयाल और विकास कौरव की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दीपक का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहन लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, जिस पर नियंत्रण आवश्यक है।



### कुत्ते के काटने से 17 लोग गंभीर जख्मी, 14 जिला अस्पताल रेफर

**कोंच,जालौन।** कोतवाली क्षेत्र में महेशपुरा रोड पर गिरवर नगर इलाके में रविवार आवारा पागल कुत्ते ने लोगों को दौड़ा कर बुरी तरह हमला कर दिया। पागल कुत्ते के सामने में कुत्ते के काटने से 17 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं गंभीर रूप से जख्मी हुए सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 14 लोगों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोंच कोतवाली क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार देखने को मिल रहा है।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद्- कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

**पत्रांकः- 1046/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2025-26** **दिनांक 22/11/2025**

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/5197/320(4)/15वां वि0आ0/ 2024-25 लखनऊ दिनांक 17 अक्टूबर 2024 द्वारा 5331701/- एवं शासनादेश संख्या- 8/5359/320(4)/15वां वि0आ0/2024-25 लखनऊ दिनांक 26 नवम्बर, 2024 द्वारा मु0रू0 5331701/-/- एवं 15वाँ वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-8/5254/320 (4)/15वां वि0आ0/2024-25 लखनऊ दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 द्वारा 7997549/- एवं शासनादेश संख्या-8/5348/320 (3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 नवम्बर, 2024 द्वारा 7997551/-एवं 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-8/5400/139 (2)/02 प्रतिशत अति0स्टा0 शुल्क/2024-25 लखनऊ दिनांक 06 दिसम्बर 2024 द्वारा मु0रू0 3233933/- एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) की अवशेष धनराशि मु0रू0 1399000/- से प्रेषित कार्ययोजना की जिलास्तरीय समिति की बैठक दिनांक 25.04.2025 की कार्यवृत में **कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पत्र संख्या-1798/इक्कीस-वि0/एल0बी0सी0/2025-26 दिनांक 05 जुलाई, 2025** द्वारा 15वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट के अन्तर्गत एवं राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड से निम्न कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 22.11.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 12.12.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंज, द्वारा संचालित खाता संख्या-11233380100, IFS Code SBIN0000661 भारतीय स्टेट बैंक कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 12.12.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा दिनांक 12.12.2025 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 22.11.2025 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 12.12.2025 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bods | 12.12.2025 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, सोमवार 24 नवम्बर, 2025









# कार की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरा, ट्रक ने रौंदा

▸ पुलिस ने सीएचसी भिजवाया, चिकित्सकों ने घोषित किया मृत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर पल्सर बाइक सवार को वैगनआर कार ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। पीछे से आ रहा ट्रक बाइक सवार पर चढ़ गया। जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस व चौकी प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने पंचनामा भरकर शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम ऊंची गधेड़ी निवासी स्वर्गीय खुशीराम का 28 पुत्र संजय उर्फ मिजाजी अपनी बुआ की लड़की की शादी में शामिल होने 22 नवंबर को जनपद मैनपुरी के ग्राम सुमेरपुर गया था। 23 नवंबर को वापस आते समय इटावा-बरेली हाईवे पर नंदगांव पुलिया के पास पहुंचा, तभी अचानक सामने गड्ढा आ जाने के कारण गड्ढे को बचाने का प्रयास करते समय सामने से आ रही वैगनआर कार संख्या एम.पी.07एडी 9410 ने टक्कर मार दी। जिससे संजय की बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक सवार संजय सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यू.पी.82टी 7519 बाइक सवार पर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही संजय उर्फ मिजाजी की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस व चौकी प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। निजी वाहन से संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद आया गया तथा स्वजनों को सूचना दी। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रशांत सेंगर की संजय उर्फ मिजाजी को मृत घोषित कर दिया। मृतक गोले गप्पे का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की तीन पुत्रियां आंशिक 10 वर्ष, आंचल 8 वर्ष, स्वीटी 5 वर्ष व एक पुत्र अभिनव 3 वर्ष को अपने पीछे छोड़ गया। पत्नी कुंती देवी, माता सुरजा देवी आदि स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस के ट्रक व कार को कब्जे में ले लिया है। ट्रक व कार चालक घटना स्थल से फरार हो गए। अस्पताल के मेमो सूचना पर चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष ने शराब बेच रहे वृद्ध को पकड़ा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष राजेपुर ने दविश देकर एक वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया।

मुखबिर के द्वारा बताया गया कि एक वृद्ध सदरी कुर्ता पहने नाजायज शराब बेच रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब वृद्ध के पास पहुंचकर तलाशी ली तो उसके पास नाजायज 22 देसी पौआ क्वार्टर निकले। जिसको पकड़कर थाना अध्यक्ष थाने ले आये। जांच पड़ताल में पता चला कि बलिस्टर पुत्र स्वर्गीय उड़ान सिंह निवासी बरुआ कई दिनों से शराब की बिक्री कर रहा था। थाना अध्यक्ष ने बताया है कि मुकदमा दर्ज कर वृद्ध का धारा 60 के अंतर्गत चालान कर दिया गया है।



पुलिस हिरासत में शराब सहित आरोपी वृद्ध

# मंदिर का ताला तोड़कर मां दुर्गा के आभूषण चोरी



मंदिर जिससें चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी मदनलाल पुत्र इतवारी लाल का निजी मां दुर्गा का मंदिर है। इसी मंदिर में नीचे के हिस्से में एक हाल है। वहीं उपरी मंजिल पर बने मंदिर के पास एक कमरा है। बीती रात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर मंदिर में घुस गए और ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे का ताला तोड़ दिया तथा कमरे के अंदर रखे मां दुर्गा के आभूषणों को चुरा ले गए। मदनलाल के पुत्र रंजीत कुमार ने बताया कि वह हथियापुर में रहता है और वह वही नौकरी करता है। वह कल सुबह अपने घर गऊटोला से गया था।

देर रात उसे ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई की मंदिर का ताला तोड़कर चोर चोरी कर ले गए हैं। इस पर वह आज सुबह ही वहां पहुंचा। उसने बताया कि उसके पिता दिल्ली नोएडा में रहते हैं। लगभग पांच माह पहले ही वह यहां से गए थे। मकान एवं मंदिर में ताला पड़ा हुआ था। उसने बताया मां दुर्गा के आभूषणों में सोने चांदी के मुकुट भी है तथा कुछ नगदी भी है। इसके अलावा उसकी मां के कानों के झाले चोरी हो गए। घटना की सूचना देर रात ही पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एएसपी ने थाने का किया निरीक्षण

▸ बोले, जनता की शिकायतों के निस्तारण को दी जाये सर्वोच्च प्राथमिकता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक पारदर्शिता पर जोर दिया तथा लम्बित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश थानाध्यक्ष को दिये। अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले अपराध रजिस्टर की बारीकी से जाँच की। उन्होंने लंबित मामलों की संख्या और उनकी वर्तमान प्रगति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाएँ, ताकि न्याय प्रक्रिया में तेज़ी लाई जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिसिंग के डिजिटल आधार सीसीटीएनएस की स्थिति का भी जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अपराध और प्रशासनिक डेटा डिजिटल रूप से सही और समय पर अपडेट किए जा रहे हैं। जो रिकॉर्ड की सटीकता और भविष्य की कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण है। जनशिकायतों के त्वरित निवारण को प्राथमिकता देते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एएसपी ने निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर और समयबद्ध तरीके से हल किया जाए। इसके बाद एएसपी ने थाना परिसर और पुलिसकर्मियों के भोजनालय का भी गहन मुआयना किया। उन्होंने पुलिस बल के मनोबल और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुएए स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



थाने का निरीक्षण करते एएसपी व मौजूद थानाध्यक्ष आदि

# पुलिया के नीचे बाइक सवार युवक का पड़ा मिला शव

▸ पुलिस ने जांच पड़ताल में एक्सीडेंट से मौत होना बताया

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत चपरा वाली पुलिया के नीचे रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर अमृतपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह अमृतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चपरा वाली पुलिया के नीचे एक युवक का शव पड़ा देखा गया। घटना की सूचना अमृतपुर थाना पुलिस को दी गयी। मौके पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने पहुंचकर जांच पड़ताल की, तो पता चला कि यह युवक जिला शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के गांव कांकर कठा निवासी प्रमोद पुत्र हरिराम उम्र लगभग 45 वर्ष है। सूचना मिलते ही परिवारी व रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई छोटेलाल ने बताया है कि उनके भाई प्रमोद कल घर से थाना अमृतपुर क्षेत्र स्थित ग्राम भावन में बुआ के घर जाने की कहकर निकले थे। जो कि वहां से रात्रि में ही घर जाने के लिए निकल पड़े, लेकिन घर नहीं पहुंचे और सुबह पता चला कि पुलिया के नीचे बाइक समेत भाई मृत अवस्था में पड़े हैं। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह पुलिया के नीचे बाइक सहित गिर गये और उनकी मौत हो गयी। परिजनों ने किसी के ऊपर आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया। हालांकि पुलिस ने सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रमोद के दो बेटा व तीन बेटी हैं, जिसमें एक पुत्री की शादी हो गई। साथ ही मौत की सूचना पाते ही पुत्री सावित्री, पुत्र अंकित, दुर्वेश तथा पत्नी सुज्जा देवी समेत अन्य पारिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उप निरीक्षक रवि सोलंकी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मौके पर जांच पड़ताल करती थानाध्यक्ष व मौजूद ग्रामीण

# नगर में भ्रमण कर नवागंतुक एएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक ने नगर में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान लोगों व दुकानदारों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

जानकारी के अनुसार नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने रविवार को कायमगंज नगर में पैदल गस्त किया। उनके साथ सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। यह गस्त सीपी तिराहा, ट्रांसपोर्ट चौराहा और नगर के विभिन्न मुख्य स्थानों पर किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गस्त के दौरान उन्होंने आम लोगों और दुकानदारों से भी संवाद किया। यह नगर में अपर पुलिस अधीक्षक का पहला गस्त था। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इसके साथ ही साथ उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि वह सड़क पर अतिक्रमण कदापि न करें। यदि कोई अतिक्रमण किये है, तो वह तुरंत हटा ले अन्यथा उसका अतिक्रमण हटा दिया जायेगा।



नगर में पैदल भ्रमण करते एएसपी व पुलिस फोर्स

# हथियापुर में मिला युवक का शव, शराब पीने का आदी था मृतक



मौके पर बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हथियापुर में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शव की शिनाख्त आकलगंज निवासी अतुल कुमार पुत्र खुशीराम के रुप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम हथियापुर में रविवार को एक युवक का शव सब्जी की दुकान के पास पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों ने युवक की मौत को दुर्घटना बताया है। मृतक की पहचान ग्राम आकलगंज निवासी 30 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र खुशीराम के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के भाई जितेंद्र ने पोस्टमॉर्टम हाउस पर बताया कि अतुल की शादी करीब 10 वर्ष पहले हुई थी, लेकिन दो साल बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। अतुल के कोई संतान नहीं थी और वह अपने तीन भाइयों विजेंद्र और जितेंद्र में सबसे छोटा था। वह मेहनत मजदूरी करता था। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि युवक का शव मिला है। परिजनों ने जानकारी दी है कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## एसओजी के दो सिपाही समेत तीन लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एसओजी के दो पुलिसकर्मियों और थाना नवाबगंज के दारोगा को लाइनहाजिर कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। एसपी ने थाना नवाबगंज में तैनात उपनिरीक्षक गिरीश कुमार को लाइनहाजिर किया है। इसके साथ ही एसओजी के मुख्य आरक्षी बलवीर सिंह और आरक्षी विनोद कुमार को भी लाइन भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई को लेकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।



पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

# पुलिस व अबकारी टीम ने छापा मारकर पकड़ी शराब, लहन किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को आबकारी व पुलिस ने संयुक्त रुप से छापामार कार्यवाही कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। वहीं भारी मात्रा में बरामद लहन को नष्ट किया। इस दौरान पुलिस ने दो कारोबारियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी व पुलिस ने महरूपुर राबी और ऊगरापुर गांवों में छापेमारी कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। आबकारी निरीक्षक रीतू वर्मा और प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने कमालगंज थाना क्षेत्र के महरूपुर राबी गांव में अचानक दबिश दी। पुलिस के अचानक पहुंचने से बस्ती में अफरा-तफरी मच गई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोग भागने लगे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की। जमीन में दबाकर रखे गए लहन को बरामद कर नष्ट किया गया। मौके से महरूपुर राबी निवासी अवनेश कुमार को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ऊगरापुर में भी दविशी दी गयी।

इस दौरान गांव के निवासी सलाउद्दीन को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को थाने लाया गया। जहां पुलिस ने उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं देर शाम दोनों आरोपियों को थाने से ही जमानत दे दी गयी।



लहन बरामद करती पुलिस

# बाबा नीम करोरी का आठवें वार्षिकोत्सव पर भव्य भण्डारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाबा नीम करोरी का आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दूसरे दिन भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक चन्द्रा चश्मा वाले अजीत वर्मा ने व्यवस्था देखी। प्रथम दिन बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में हवन पूजन, सुंदर काण्ड का आयोजन हुआ। रविवार को संचालक अजीत वर्मा की देखरेख में भण्डारा आयोजित किया। आठवें वार्षिकोत्सव में भक्ति गीतों के साथ भक्तों ने भाग लिया। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा आदि भक्तों को पटुका पहनाकर अजीत वर्मा ने सम्मानित किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। चन्द्रा चश्मे वालो के प्रतिष्ठान के बाहर मुख्य मार्ग पर आयोजित भण्डारे में हलवा, चना, पूड़ी सब्जी आदि व्यंजन भक्तों को प्रसाद के रुप में परोसे गये। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



**भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण**

## ओवरलोड गन्ने से भरे दो ट्रक गड्ढे में फंसे



गड्ढे में फंसे गन्ने से भरे ट्रक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा तिराहा के निकट रविवार सुबह करीब 10 बजे ओवरलोड गन्ने से भरे दो ट्रक सड़क पर बने गहरे गड्ढों में फंस गए। इस घटना में एक ट्रक पलटने से बाल-बाल बचा और उसका चालक सुरक्षित रहा। यह सड़क पिछले चार माह से टूटी हुई है और इस पर एक दर्जन से अधिक गड्ढे बन गए हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। ट्रकों के गड्ढे में फंसने से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस सड़क पर आए दिन गन्ने से भरे ट्रक और ट्रैक्टर गड्ढों में फंसते रहते हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसी दौरान सड़क पर निकलने को लेकर एक गन्ना भरे ट्रक चालक और एक ई-रिक्शा चालक के बीच विवाद हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

# जन आरोग्य मेले में 117 ग्रामीणों ने लीं निःशुल्क दवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मेले में कुल 117 मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त मरीजों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें भी की गईं/। जिनमें 12 मलेरिया, 9 टाइफाइड, 6 बलगम, 14 शुगर और 3 डेंगू के मरीजों की जांच शामिल थी। डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जानकारी दी कि यह मेला प्रत्येक रविवार को आयोजित होता है। जिसमें अमृतपुर, लीलापुर, परतापुर, हरसिंहपुर, दौलतियापुर सहित 20 से 30 किलोमीटर दूर के गांवों से भी बड़ी संख्या में मरीज आकर निःशुल्क जांच और दवाइयों का लाभ लेते हैं। इस दौरान फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार और वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



मेले में दवायें लेते मरीज

# सदर विधायक ने की अभद्रता, अभाविप ने फूंका पुतला

- संगठन मंत्री से फोन पर अभद्रता करने का मामला
- विधायक बोले कार्यकर्ता है, मना लेंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री संजय सिंह राणा और सदर विधायक के बीच फोन पर वार्ता के दौरान गहमा-गहमी हुई।

जिसको लेकर संजय राणा ने विधायक पर अभद्रता करने का आरोप लगाकर विरोध किया। उन्होंने बताया कि सदर विधायक द्वारा फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौज की गई। इससे आहत होकर संजय राणा के नेतृत्व में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को चौक पर एकत्र होकर सदर विधायक का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। पुतला फूंकने के दौरान शहर कोतवाल राजीव पाण्डेय मौजूद रहे। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक द्वारा की गई अभद्रता का कड़े शब्दों में निंदा की और गंभीर मुद्दा बताते हुए विरोध किया और मांग की कि 24 घंटे में अगर विधायक ने लिखित रुप से माफी नहीं मांगी तो एबीवीपी कार्यकर्ता पूरे जनपद में उनके खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। आंदोलन में प्रांत सहमंत्री प्रियंका माथुर, प्रांत कार्यसमिति सदस्य शिवम कुशवाहा, विभाग सह संयोजक अभिषेक प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री संजय प्रताप सिंह, जिला संयोजक सर्वजीत बाजपेई, दीपक वर्मा, प्रेम अग्निहोत्री, उत्कर्ष शुक्ला, दियांशु तिवारी, मयंक प्रताप सिंह, ज्ञान कुमार, सक्षम गुप्ता, ऋतुराज पांडेय, सार्थक मिश्रा, प्रियांशु सक्सेना, सागर श्रीवास्तव, गौरव, विशाल, अभिषेक सक्सेना, शुभम आकर्ष, प्रांजुल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि वह मेरे कार्यकर्ता है कोई उनसे नाराजगी नहीं है, अगर बात करने के दौरान उनके मन में कोई नाराजगी आयी है तो मैं मिलकर बात करूंगा।


सदर विधायक का पुतला फूंकते पदाधिकारी

# जिला एथलेटिक्स एसो. की कार्यकारिणी का हुआ गठन

- अध्यक्ष सिद्धार्थ, सचिव योगेश शुक्ला बने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में चुनाव एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में वीआर वरुण, जिला ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में अंजुम दुबे मौजूद रहे। जिला एथलेटिक एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी में चेयरमैन विधायक सुनील द्विवेदी, वाइस चेयरमैन शिवरत्न सिंह, निशीत सक्सेना, अनुसूईया दीक्षित, रंजीत कटियार बने। अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा बने। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजीव बाजपेयी, अवनीन्द्र सक्सेना, संजीव कटियार, शिवा गहरवार, लाल मियां बनाये गये।

सचिव योगेश शुक्ला पुनः बने। सह सचिव शिव बाथम, लक्ष्मण टंडन, अहमद, अमित सक्सेना, ज्योति कठेरिया को बनाया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी शैलेश मिश्रा को मिली। चेयरमैन सिलेक्शन कमेटी में नंदराम राठौर, अनिकेत भारद्वाज, यदुनाथ सिंह, अभिषेक मिश्रा को बनाया गया। टेक्निकल कमेटी में सुनील पाल, महेन्द्र मिश्रा, मनीष वर्मा, पुष्कर मिश्रा बने। चीफ कोच जितेन्द्र कुमार बनाये गये। सदस्य प्रियंका कटियार, चिराग अग्रवाल बने।



स्वागत के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी

## आलू मंडी सातनपुर में नये सीजन का हुआ शुभारम्भ


मण्डी में लगे नये आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एशिया की प्रसिद्ध आलू मंडी सातनपुर में नये सीजन का मुहूर्त (शुभारम्भ) हुआ। आढ़ितयों ने पूजन करके प्रसाद वितरित किया। सुरेश कुमार, विजय कुमार की आढ़त पर व विकास यादव गौरव यादव की आढ़त पर दोनों दुकानों पर मिलाकर लगभग सौ पैकेट आलू आया। भाव निबल छोटा साइज 551 रुपए पैकेट व मोटा आलू 651 रुपए पैकेट में बिक्री हुई। जो दीपू कटियार ने आलू खरीदा है। मालूम हो कि कोल्ड स्टोरेज में भंडारित पुराने आलू ने नये आलू की हालत खस्ता कर दी है, वह आलू 800 से 900 रुपए कुंतल बिक रहा है, जिसके कारण नये आलू में मंदी रहने की संभावना है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि नये आलू की आमद होने से प्रथम दिन मण्डी में रौनक आयी। एक सप्ताह के बाद आलू आना शुरु हो जायेगा। सही सलामत आलू की आमद 1 दिसम्बर के बाद होने लगेगी। अगैती आलू की फसल लगभग तैयार होने पर है। 1 दिसम्बर के बाद मण्डी में आलू आ जायेगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं को एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुक किया।

थाना अमृतपुर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। पुलिस ने टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।


महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करती पुलिस


वृक्षारोपण करते समिति के लोग

## मां गंगा सेवा समिति द्वारा किया गया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साप्ताहिक स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने पुरातन कचहरी घाट मंदिर, बरगदिया घाट और रानी घाट पर औषधियां गुणों से परिपूर्ण आंवला के पौधे का रोपण किया। इसके साथ समस्त जागरूक नागरिकों को संदेश दिया कि अपने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से कुछ समय अवश्य निकालें और अपनी प्रकृति मां को संरक्षित करें। इस अवसर पर महंत महेश्वरानंद महाराज, राजेंद्र बाथम, आलोक चतुर्वेदी, राजीव वर्मा, रवि यादव, नीतू मिश्रा, किशन बाथम, आशीष मिश्रा आदि गंगा सेवक उपस्थित रहे।

# एकादश वार्षिकोत्सव एवं 604वां पार्थिवेश्वरनाथ रुद्राभिषेक संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट पर श्री गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा गंगा स्वच्छता अभियान के जन जागरण अभियान में संस्थापक अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय द्वारा आध्यात्मिक धार्मिक आयोजन में दसवां वार्षिक उत्सव में 604वाँ रुद्राभिषेक आयोजन किया गया। पार्थिवेश्वरनाथ का रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में बड़े गुरु जी महाराज श्री ओंकारदास ब्रह्मचारी एवं कार्यक्रम के संरक्षक दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास महाराज एवं अध्यक्ष सत्यदेव पाण्डेय महाराज महंत परशुराम जन्मस्थली रहे। उन्होंने गंगा स्वच्छता अभियान में भक्तों का जन जागरण कर प्रेरणा प्रदान की। द्वितीय दिवस में भगवान श्री पार्थिवेश्वरनाथ का 604वां रुद्राभिषेक विद्वान् आचार्य ओंकारनाथ मिश्रा ने विधिवत वेद की ऋचाओं द्वारा पवित्र जल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, पंचामृत, इक्षुरस, औषधियों के रस की रसधाराओं गंगाजल आदि के साथ रुद्राष्टाध्यायी के पाठ द्वारा सत्यव्रत पाण्डेय ने सपत्नीक अभिषेक कर सभी के लिए मंगल कामनाएं हेतु पूजन किया। आनंददास, मौनी महाराज दिवाकरानंद ने मंगल कामनाओं के साथ पूजन किया। संत भोज भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सायंकाल राम राज्य अभिषेक बड़े गुरुजी ओंकारदास ब्रह्मचारी के द्वारा भगवान श्रीराम का राज तिलक किया गया। आयोजन समिति ने उत्सव मनाया। भजन संध्या में नवीन मिश्रा नब्बू, आशुतोष मिश्रा, आदेश मिश्रा, गौरव मिश्रा, वीरेंद्र शर्मा आदि ने स्वर संगम के साथ संगीत में भजन संध्या में भक्ति रस की गंगा में आनंदित किया।

आयोजन समिति के द्वारा एवं संस्थापक अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय ने सभी लोगों का अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, पुष्प मालाओं के साथ सभी भक्तजनों का स्वागत किया। रात में भक्तों ने गंगा में दीपदान दीपोत्सव मनाया। कार्यक्रम का विराम भगवान श्रीराम एवं भगवान पार्थिवेश्वरनाथ भोलेनाथ की महाआरती के साथ हुआ। श्री रामचरित मानस का वाचन् रामसेवक बाजपेई, सुनीत दीक्षित, दिनेश शुक्ला, रोहित पाण्डेय, रोहित अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर प्रभात अवस्थी, प्रभात मिश्रा, अतुल दुबे, अवधेश पाण्डेय, महेन्द्र अवस्थी छोट, रामजी वाजपेई, निर्दोष शुक्ला, अवधेश पाण्डेय, धनंजय अग्निहोत्री, रघुवंश मिश्रा, विजय अग्निहोत्री, सौरभ तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, बबिता पाठक, प्रीति तिवारी, राजन अवस्थी, अलोक मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, शरद बाजपेई, अनुराग वर्मा, सुबोध गुप्ता पिंटू, देवनारायण मिश्रा आदि उपस्थित रहे। वहीं अन्य जनपद कानपुर, कन्नौज, मैनपुरी, हरदोई, शाहजहांपुर से भक्तों ने धार्मिक पूजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ उठाया। गोपाल कृष्ण मिश्रा, प्रियव्रत पाण्डेय, संदीप पाण्डेय गोलू, रघुवंश मिश्रा, अनमोल अग्निहोत्री, अलोक शुक्ला, अमित बाजपेई मौजूद रहे।


पूजन करते भक्तगण

# सपाई बूथ केंद्रों पर एसआईआर फार्म भरवाते दिखे सक्रिय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसआईआर का कार्य जनपद में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। सपा जिलाध्यक्ष सक्रियता के साथ सभी ब्लाकों में प्रहरियों की नियुक्ति की है और उन्हें संवाद स्थापित करके ब्लाकों में बीएलओ की सूची शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये है। ब्लॉक प्रहरियों निर्देशित किया कि वे नियमित बीएलए के संपर्क में रहते हुए हर बूथ पर अधिक से अधिक फॉर्म भरवाएँ और अपनी दैनिक रिपोर्ट कार्यालय को भेजते रहें।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कई बूथों और केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ मौजूद बीएलओ तथा समाजवादी पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। जिला महासचिव इलियास मंसूरी भी बढ़पुर ब्लॉक के काशीराम कॉलोनी में सपा पदाधिकारियों के साथ वोट बढ़वाते हुए मिले, इसके साथ ही जिलाध्यक्ष अमिलापुर, संतोशापुर, चिलसरा के दो बूथ, शमशाबाद ब्लॉक में पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारूकी द्वारा खोला गया सहायता केंद्र, इमादपुर तबरीई पर निरीक्षण किया। कायमगंज में सर्वेश अंबेडकर के नेतृत्व में खोला गया एसआईआर जन सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। रामशरण कठेरिया को उनके समाज के वोटों में वृद्धि हेतु प्रहरी की जिम्मेदारी सौंपी गई।



एसआईआर फार्म भरवाते जिलाध्यक्ष व महासचिव

# दुर्वाषा ऋषि आश्रम पर चलाया गया स्वच्छता अभियान


श्रमदान करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समर्थ सामाजिक संस्था द्वारा रविवार को पांचाल घाट स्थित दुर्वाषा ऋषि आश्रम घाट पर श्रमदान किया गया। संस्था के सदस्यों ने घाट पर बिखरी अपशिष्ट सामग्री एवं कूड़े को इकट्ठा कर भूविसर्जित किया। उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने सभी जनपद वासियों को हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने, स्वयं कहीं भी गंदगी ना करनें एवं किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा गंदगी फैलाने पर उसकी आंखों के सामने उस गंदगी को साफ करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, सतीश यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने किया ध्वजारोहण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ में पुलिस ध्वज फहराकर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों को सम्बोधित किया। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया व कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। संदेश में पुलिस बल की वीर परम्परा, सेवा के प्रति समर्पण और चुनौतियों के बीच जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से कर्तव्यों का निर्वहन संवेदनशीलता, निष्ठा और पेशेवर नैतिकता के साथ करने की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, अदम्य साहस और समर्पित सेवा के लिए पुलिस कलर (पुलिस ध्वज) प्रदान किया गया था। यह दिन इतिहास में महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य पुलिस बल है जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ। शक्ति और निष्ठा का प्रतीक लाल और नीले रंग का यह ध्वज यूपी पुलिस को एक विशिष्ट पहचान देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस झंडा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह उन शहीद और सेवारत पुलिसकर्मियों के सम्मान का प्रतीक है, जिनके त्याग और समर्पण ने पुलिस विभाग को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया।


ध्वजारोहण के दौरान एसपी व अन्य पुलिस कर्मी

# सेवानिवृत्त पेंशनर्स 29 नवम्बर को कलेक्ट्रेट में देंगे धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- 15 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर पुनः धरना प्रदर्शन किया जायेगा

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि आठवें वेतन आयोग का लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को दिया जाये। वंचित सेवानिवृत्त पेंशनर्स ने विरोध करते हुए प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर 29 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने कहा कि केंद्र सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों को मिलने वाली सुविधायें एवं आठवें वेतन के लाभ से वंचित करने का कुचक्र रच रही है। जिसके विरोध में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन होगा। जिला मंत्री राजीव बाजपेयी ने कहा कि 15 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर पुनः धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर नंदकिशोर शर्मा, विनोद कुमार, जोगराज सिंह, सुखदेव दीक्षित, मुनीष दीक्षित, सुरेश चन्द्र, सुभाष चन्द्र, राजेश बंसल, आदित्य कुमार, जागेश्वर प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला आदि मौजूद रहे। संचालन राजीव बाजपेयी ने किया।

# शमशान घाट पर किसी भी तरह की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं: भईयन मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गधाम सेवा दल की बैठक पांचाल घाट स्थित स्वर्ग धाम पर सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और अभी तक फैली अव्यवस्थाओं और अराजकता को समाप्त करने के लिए कठोरता से कार्रवाई करने का सर्व सम्मति से फैसला किया गया। पिछले कई दिनों से लगातार स्वर्गधाम पर हो रही अराजकता और अवस्थाओं के बारे में लोग शिकायत कर रहे थे। जिसको लेकर स्वर्गधाम सेवादल के कार्यकर्ताओं के द्वारा अंतिम संस्कार के बाद बचे हुए अवशेष को सिराने के लिए नाव से जाने वाले लोगों से अधिक पैसा लेने वाले नाव चालकों को हिदायत दी गई। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि स्वर्ग धाम पर कई जनपदों से लोग अपने पारिवारिकजनों या परिचितों का अंतिम संस्कार करने के लिए आते हैं और उन लोगों के साथ में यहां पर लूट खसोट हो तो उसे जनपद का नाम खराब होता है, इसलिए नाव चालकों एवं सफाई कर्मचारी को सख्त हिदायत दी गई है किसी भी सूरत में निर्धारित शुल्क से एक पैसा ज्यादा वसूल किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई करायी जाएगी। स्वर्गधाम सेवादल के द्वारा जल्द ही दाह संस्कार करने वाले लोगों को निःशुल्क दाह संस्कार प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, क्योंकि अभी भी शिकायतें मिल रही है कि कफन खसोट गैंग के लोग इधर-उधर से मृतक के पारिवारिक जनों से संपर्क करके उनका आर्थिक शोषण करके प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं और लोग उसके चक्कर में आकर उन लोगों को हजारो रुपए दे देते हैं। शीघ्र डीएम से मिलकर कार्यवाही करायी जायेगी। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि सर्व धाम पर जिस प्रकार से गैर समुदाय के लोग आकर गंदगी करते हैं उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रामदास गुप्ता, अशोक यादव आदि ने विचार रखे। इस अवसर पर अनिल द्विवेदी, विष्णु मिश्रा, श्यामेंद्र दुबे नीरज, दिनेश यादव चुन्ना, सौरभ पांडे, केके द्विवेदी, मोहित खन्ना, पंकज राठौर, सुमित गुप्ता, रौनक सक्सेना, लवी सक्सेना, अनिल सिंह, नीरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


शमशान घाट की व्यवस्था देखते समिति के सदस्य

# बाइकों की भिड़ंत में युवक समेत दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें सौ शैया से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर लोकपुर निवासी 37 वर्षीय अनिल पाल पुत्र राकेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार आज उनकी बहन अलका की शादी है और अनिल शादी का सामान लेने अपने चचेरे भाई शिवराज पुत्र रामआसरे के साथ बाइक से छिबरामऊ आ रहे थे। इसी दौरान कुंवरपुर बनवारी के पास छिबरामऊ की ओर से आ रहे पोस्ट मास्टर कपिल (20) पुत्र रमेश कुमार (निवासी आवास विकास कॉलोनी, (मूल रूप से पंजाब के गांव वांशा निवासी) अपने दोस्त बलविंदर सिंह के साथ असालताबाद की तरफ जा रहे थे। अचानक दोनों बाइक आपस में जोरदार टकरा गईं। हादसे में अनिल पाल और कपिल को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भाई की मौत बहन गंभीर रूप से घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोबाइल फोन खरीदने छिबरामऊ आ रहे भाई बहन की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में भाई की मौत हो गई, जबकि बहन गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम जोत निवासी ध्रुव उर्फ राजू पुत्र शिवराम सिंह अपनी बहन के साथ बाइक से छिबरामऊ मोबाइल लेने आ रहे थे। तभी ग्राम भोजपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सौ शैया अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां डॉक्टर ने ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। वहीं बहन सरिता की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा ने किया पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार द्वारा तहसील सदर बाँदा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य हेतु स्थापित कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो महिला लेखपाल फार्म संग्रह कार्य हेतु उपस्थित पाई गईं, किन्तु डिजिटाइजेशन कार्य से सम्बंधित कोई कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं पाया गया। इसके उपरान्त आयुक्त द्वारा जिला कान्टैक्ट सेंटर, बाँदा का निरीक्षण किया गया। मौके पर दो कर्मचारी उपस्थित मिले। कर्मचारियों ने अवगत कराया कि दूरभाष एवं आनलाइन माध्यम से अब तक 126 कॉल प्राप्त हुई हैं, जिनका समुचित निस्तारण किया जा रहा है। इसके बाद आयुक्त द्वारा क्षेत्र में कार्यरत दो बीएलओ के कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन किया गया।

### बीएलओ के कार्यों का भी किया अवलोकन

प्रथम बीएलओ जसवंत सिंह परिहार, भाग संख्या 41 स्वराज कालोनी, शहर बाँदा ने बताया कि उनके बूथ पर कुल 1006 मतदाता हैं, जिनके सापेक्ष 200 फार्म संग्रहित किए जा चुके हैं। द्वितीय बीएलओ रवि गुप्ता, भाग संख्या 40 कालूकुआँ, शहर बाँदा ने अवगत कराया कि उनके बूथ पर कुल 1100 मतदाता हैं, जिनके सापेक्ष अभी तक 127 फार्म संग्रहित किए गए हैं। आयुक्त द्वारा मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी, बाँदा सदर को



निर्देशित किया गया कि बीएलओ स्तर पर कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ के कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा तहसील स्तर पर पर्याप्त मानव संसाधन की तैनाती कर निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि प्रगति में सुधार न होने पर प्रतिकूल कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में आयुक्त द्वारा तहसील पैलानी में स्थापित कंट्रोल रूम का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहाँ कुल 10 कार्मिक कार्यरत पाए गए। कर्मचारियों ने जानकारी दी कि अब तक 2000 फार्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं तथा वर्तमान में उपलब्ध 800 फार्म का डिजिटाइजेशन कार्य प्रगति पर है। क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ के कार्य का अवलोकन करने हेतु आयुक्त ने बीएलओ अभिलाषा, भाग संख्या 02 पिपरहरी, क्षेत्र तिंदवारी का भी निरीक्षण किया। उनके बूथ पर कुल 1372 मतदाता हैं, जिनके सापेक्ष केवल 50 फार्म संग्रहित किए गए हैं। इस स्थिति पर आयुक्त ने उपजिलाधिकारी, पैलानी को भी समान निर्देश जारी किए कि कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है। अतः समुचित मानव संसाधन उपलब्ध कराते हुए बीएलओ के कार्यों की सतत समीक्षा करें और निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराया जाए, अन्यथा कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंशा मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो सके। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों एवं फील्ड-स्तर के कार्मिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सम्बन्धित अधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करेंगे।

# तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



बांदा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन वाइपास सड़क वृहद ग्राम दुरेड़ी के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सुरेन्द्र पुत्र लल्लू निवासी ग्राम दुरेड़ी थाना मटौंध जनपद बांदा है।

# यातायात जागरुकता माह के अन्तर्गत जनपद में हो रहा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात जागरुकता माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु व्यापक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान लोगों का रैलियों, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों, पम्प्लेट आदि के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने तथा दोहपहिया वाहन पर बैठी सवारी को भी हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरुक किया जा रहा है साथ ही यह बताया जा रहा है, कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून की दृष्टि से आवश्यक है बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है इसलिए इसका पालन हम सभी को शत-प्रतिशत करना चाहिए, आपकी एक छोटी सी लापरवाही आप तथा आपके परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति ला सकती है। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए बांदा पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जा रही है, साथ ही अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय किए गए हैं। यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए 21 से 23 तक कुल 3172 वाहनों का चालान करते हुए कुल 31 लाख 37 हजार 400 रुपये का जुर्माना किया गया है, जिसमें सर्वाधिक बिना हेलमेट के 2483 वाहन, बिना सीटबेल्ट के 62 वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 83 वाहन, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 28 वाहन, तीन सवारी के 150 वाहन, नो-पार्किंग/गलत स्थान पर पार्किंग के 65 वाहन, गलत नम्बर प्लेट के 29 वाहन, ओवर स्पीडिंग के 22 वाहन, काली फिल्म लगे 05 वाहन, तथा चालक द्वारा नशे में वाहन चलाने वाले 04 वाहन शामिल हैं । इस दौरान बिना वैध परिपत्र के पाये जाने वाले 05 वाहनों को सीज भी किया गया है।

# संकटमोचन मंदिर में रामलीला में राम सीता जन्म का मंचन



**बांदा।** श्री संकटमोचन मंदिर 111वे 5 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है रामलीला में तीसरे दिन सीता जन्म, राम जन्म, और ताड़का वध लीलाएं हुई की लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आए और नाइट का आनंद प्राप्त किया। सबसे अच्छा सीन जो राम और लक्ष्मण जी की तरफ से ताड़का का वध किया गया। यह कानपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई। श्री राम जी का अभिनय विनय द्वारा एवं लक्ष्मण का अभिनय द्वारा पेश किया। दशरथ का रोल बलवंत जी एवं विश्वामित्र का रोल पुनीत द्वारा एवं ताड़का का रोल अमर सिंह जो कि दर्शकों द्वारा बहुत ही पसंद किया गया। प्रभु श्री राम जी जी आरती के साथ किया गया। मंदिर के पुजारी महंत एवं संरक्षक श्री उमाशंकर दास जी संकट मोचन हनुमान मंदिर ने बताया कि 21 से 26 नवंबर हवन-यज्ञ/विशाल भंडारा तक आयोजित कार्यक्रम किया जाएगा। सहयोग के रूप में जयकरन सिंह एडवोकेट धर्मेन्द्र त्रिपाठी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी विवेक नामदेव प्रेम किशोर सुरेन्द्र,समाज सेवी राजू द्विवेदी अशोक कछवाह पवन अवधेश शर्मा लखन आदि मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ मनाया गया मख्दूमें रब्बानी का उर्स



बांदा, समृद्धि न्यूज़।

मख्दूमे रब्बानी का दो दिवसीय 12वां सालाना उर्स का समापन रविवार को कुल शरीफ, मीलाद, सलातो सलाम मुल्क में अमन चौन की दुआ के साथ हुआ! बड़ी संख्या में दूर दराज से आए अकीदतमंदो ने भी शिरकत की। उर्स में दूसरे दिन कच्चा तालाब स्थित दरगाह पर गुलपोशी चादरपोशी और कुरान ख्वानी हुई। अलीगंज स्थित काशाना ए रब्बानी में नात और मनक़बत की

### मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ हुआ दो दिवसीय उर्स का समापन

महफिल सजी। सुफियान हाशमी (कानपुर), अली रब्बानी (विजयवाड़ा), गुफरान रब्बानी असगर रब्बानी, सरवर रब्बानी, रहबर रब्बानी ने नात पड़ी। मौलाना नौशाद अलीमी (फतेहपुर) आरिफुल कादरी (सतना) ने संबोधन किया! सज्जादानसीन मौलाना खुश्तर रब्बानी ने मुल्क में अमन चौन की दुआ के साथ उर्स का समापन हुआ। शहर काजी मेराज मसूदी (अकील मियां), शाहिद रब्बानी, मौलाना अबरार अहमद, अनवर रब्बानी, हामिद रब्बानी, असर रब्बानी, आरिफ मसूदी ,अरशद रब्बानी, यासिर मसूदी, अहमद रब्बानी अमजद रब्बानी, शहजाद हुसैन वारसी, डा. अनीस अहमद, हाजी चांद मियां मौजूद रहे। मौलाना सैयद गौहर रब्बानी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## खबरें एक नजर में

### दो वांछित वारंटी गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** पुलिस ने अभियान के तहत दो वांछित वारंटियों अंशू 23 और वीर सिंह 34 निवासियों ग्राम फुलरई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। दोनों के खिलाफएसीजेएम द्वितीय न्यायालय इटावा द्वारा गैर ज़मानती वारंट जारी था। पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा और कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**इकदिल, इटावा।** क्षेत्र में ममेरे भाई के शादी के कार्ड बांट रहे युवक को सड़क पर गिरा कर दबंगों ने बेहरमी से मारपीट कर घायल दिया। गांव नगला खंगर के पास लहराऊ निवासी दिनेश कुमार पुत्र बसंत सिंह अपने मामा दिवान यादव के गांव मानिकपुर विशू में रहता है और ममेरे भाई अंशु यादव के शादी के कार्ड बाइक से बांट रहा था। तभी पिलखर के पास हाइवे पर एक कार से गांव के रहने वाले अनूप,आदित्य,श्याम यादव और अवनीश निवासी मानिक पुर लोग आये बाइक के सामने कार को लगा दिया और उतर कर दिनेश को बेहरमी में लाठी डंडो से मारपीट कर घायल दिया और लोगों के आने पर चीखने चिल्लाने की आवाज सुन मौके पर घायल अवस्था मे पड़ा छोड़ भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान ने बताया पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद लोगों के खिलाफरिपोर्ट कर उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### बब्बर शेरनी जया व आशी के आपस में हुई झड़प

**इटावा।** बीते 3 नवम्बर को इटावा सफारी पार्क की बब्बर शेरनी जया और आशी आपस में काल में खेलते समय एक दूसरे के साथ झड़प होने से शेरनी जया की पिछले पैर दूसरी शेरनी आशी के नाखून से चोट आ गयी थी। उक्त चोट का उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था तथा यह चोट पूर्ण रूप से ठीक भी हो गया परन्तु विगत कुछ दिनों से शेरनी जया के शरीर का तापमान मानक से अधिक बना हुआ है। एंटीबायोटिक सेंसिटिव टेस्ट कराने के बाद उपयुक्त एंटीबायोटिक इस शेरनी को दिया जा रहा है परन्तु इसमें बहुत ही कम सुधार परिलक्षित हो रहा है। देश व प्रदेश के अन्य प्राणि उद्यानों एवं संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक, वैज्ञानिकों से विचार विमर्श कर उपचार लगातार जारी है। यद्पि शेरनी जया पूर्ण मात्रा में अपना आधार ग्रहण कर रही है।

### एनसीआर में मतदाता मताधिकार से नहीं कर सकता वंचित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के माध्यम से किसी भी पात्र मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं कर सकता है चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करें, आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. का इतना गुणगान क्यों कर रही है विशेष गहन पुनरीक्षण में चुनाव आयोग से लेकर मतदाताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी इससे खुश नजर आती है जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग नहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के इशारे पर एस.आई. आर. विशेष गहन पुनरीक्षण भाजपा को हार से बचाने के लिए पूरे देश पर थोपा जा रहा है और चुनाव आयोग इस कार्य को उनके निर्देश के तौर पर पूरा कर रहा है, उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी इन्हीं मतदाताओं और इसी मतदाता सूची से चुनाव जीतकर सत्ता का सुख भोग रही है अगर उनके अंदर थोड़ी सी भी नैतिकता है तो वह अगर इन 2024 के मतदाताओं को फर्जी मतदाता मान रहे हैं तो नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री जी अपनी सरकार से इस्तीफा देकर विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात संशोधित मतदाता सूची के आधार पर दोबारा चुनाव में आए और इस अवधि तक देश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

# बांदा रोटी बैंक टीम ने बांटे कपड़े और कंबल

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज जी के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन फ़ारूक़ी की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व में,ग्राम प्रधान ग्राम भरखरी गणेश आरख जी की उपस्थिति में,समाजसेवी ग्राम भरखरी विकास पाल के विशेष सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए 25 कम्बल, कपड़े, किताबें,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम भरखरी ब्लॉक बड़ोखर बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही



ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला महामंत्री रिया खान और सदस्य निहाल खान के द्वारा जागरूक किया गया, समाजसेवी विकास पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कम्बल, कपड़े,किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिज़वान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम,कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सोशल मीडिया प्रभारी अख्तर किरमानी,शाखा प्रमुख खाई पार इरफान खान,सदस्य जगदीश श्रीवास,शहाना खान,सबीहा नूरानी, अनम खान,समाजसेवी प्रमोद कुमार एडवोकेट आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# भारत-पाक युद्ध के शहीद रामचंद्र मिश्र को श्रद्धांजलि देकर हुआ लोकार्पण

**भांवरकोल,एजेंसी।** क्षेत्र के रेवसड़ा गांव में रविवार को 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिक रामचंद्र मिश्र के 54वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर अमर शहीद की स्मृति में निर्मित तोरणद्वार का लोकार्पण मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता पीयूष राय तथा विशिष्ट अतिथि सत्यदेव कॉलेज के निदेशक डॉ. सानंद सिंह ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि पीयूष राय ने कहा कि देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के कारण ही हम सभी सुरक्षित जीवन जीते हैं। गाजीपुर की धरती सदैव वीरों की कर्मभूमि रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि क्षेत्र में एक ऐसी समिति का गठन किया जाना चाहिए, जो प्रत्येक गांव में शहीदों की मूर्तियां अथवा तोरणद्वार स्थापित करने का कार्य अपने स्तर से पूरा करे। विशिष्ट अतिथि डॉ. सानंद सिंह ने कहा कि देश की रक्षा में बलिदान देने वाले प्रत्येक सैनिक के परिवार का दायित्व समाज का हर व्यक्ति उठाए। उन्होंने घोषणा की कि सत्यदेव ग्रुप शहीद परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर सेना की 8 गार्ड यूनिट के सूबेदार प्रमोद यादव, हवलदार सोनू यादव, हरिओम शर्मा और



दुर्गा यादव ने पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया तथा सलामी दी। कवि दिनेश चंद्र शर्मा ने देशभक्ति कविता सुनाकर समारोह में देशप्रेम की भावना जागृत की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शहीद की पत्नी इंद्रावती देवी, रामाश्रय मिश्र, रविन्द्र राय, बिनोद राय, विमलेश राय, दुर्गा राय, बलिराम वर्मा, रविशंकर राय संजू , भानुप्रताप राय, सोनू राय, लक्ष्मण उपाध्याय, संदीप सिंह कुशवाहा, मदनमोहन सिंह, अनिल राय, हरबंश राम, माधव राय, जयप्रकाश राय सहित अनेक लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाश्रय मिश्र ने तथा संचालन बिनोद राय ने किया।

### नये श्रम सुधारों का व्यापारी नेताओं ने किया स्वागत

**इटावा।** लागू हुई नयी श्रम संहिताओं के रूप में श्रमिकों के लिए एक नये युग की शुरुआत हुई है,इन सुधारों का इटावा के उधमीयो एवं व्यापारीयों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि 29 श्रम कानूनों का केवल चार कोड में शामिल करने से व्यापार और उद्योग जगत में अनुपालन और जटलितायें समाप्त होंगी और इंस्पेक्टर राज का अंत होगा।

उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, उघोगमंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, संरक्षक शंहशाह वारसी आदि व्यापारी नेताओं ने कहा कि 29 श्रम कानूनों के 4 कोड में समाहित होने से भ्रम की स्थिति दूर होगी और नयी व्यवस्था श्रमिकों के लिए भी लाभदायक होगी।

### मुकुट सिंह ने की मोदी सरकार की कड़ी निन्दा

इटावा। अ.भा. किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मुकुट सिंह ने 4 लेबर कोड लागू किए जाने के लिए मोदी सरकार की कडी निंदा करते हुए इसे मजदूर वर्ग के जीवन और जीविका पर बडा हमला बताते हुए कहा कि नये लेवर कानून लम्बे समय से चले आ रहे अधिकारो और हको को कमजोर और खत्म करने की कोशिश करते हैं और मालिको के पूरी तरह पक्षधर है, जो कारपोरेटपरस्त है। मुकुट सिंह ने आगे कहा कि यह काले लेबर कानून है। इनसे यूनियन बनाने पर रोक, हडताल और आंदोलन के अधिकार पर रोक, फिक्सडटर्म रोजगार, 12 घंटे के कार्यदिवस आदि के लिए हैं। मुनाफा के भूखे कारपोरेटस घरानो के पंजो तले मजदूरो और युवाओ की स्थायी नौकरी के सपने चकनाचूर हो जायेगें।



### शिवपाल सिंह ने की शादी समारोह में शिरकत

**भरथना, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने नगर में आयोजित शादी समारोह में पहुँचकर शिरकत की। बीती शनिवार की रात्रि कस्बा के मुहल्लाकृष्णा नगर स्थित शशिविलास गेस्ट हाउस में शिवम यादव पुत्र सुखवीर यादव नि. राधास्वामी मार्केट सराय रोड भरथना के शादी समारोह में पहुँचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने शुभकामनायें देते हुए नवदम्पत्ति को आर्शीवाद दिया। विवाह समारोह के दौरान विधायक प्रदीप यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, विधायक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी, मनोज यादव बंटी, नीरज यादव, विपिन यादव, प्रताप सिंह यादव, सत्यम यादव, सौरभ यादव सहित सैकडों गणमान्यजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

25 नवंबर 2025 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के श्री राम जन्मभूमि के ध्वजारोहण कार्यक्रम में आने पर हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन।

अवधेश पांडेय "बादल"

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष
अयोध्या फैजाबाद



(1.) जिला प्रभारी बस्ती एवं अमेठी
(2.) टीवी पैनलिस्ट, प्रदेश मीडिया विभाग,भाजपा

# हादसे में घायल सिपाही की मौत, विभाग में शोक की लहर



जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज़।

जसवंतनगर, इटावा। मॉडल तहसील के सामने हाईवे पर शनिवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में घायल डायल 112 के सिपाही सुरेंद्र कुमार मौर्य (38) ने रविवार सुबह सैफई पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने डायल 112 पुलिस वाहन में जबरदस्त टक्कर मार दी थी। हादसे में सिपाही सुरेंद्र मौर्य और उनके साथी सुधांशु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सिपाही सुरेंद्र की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें सैफई मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।वहीं सैफई मेडीकल कॉलेज मेंकांस्टेबल सुधांशु का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही जसवंतनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। झांसी जनपद के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ निवासी सुरेंद्र कुमार मौर्य की भर्ती 13 जनवरी 2011 को हुई थी और वे 19 सितंबर 2022 से जसवंतनगर में डायल 112 पर तैनात थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, घर पर पत्नी मोनिका और उनकी दो पुत्रियां माही व मिस्टी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीएम द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया



इटावा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कराया जा रहा है जनपद में अवस्थित 199-जसवन्तनगर एवं 201-भरथना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों के द्वारा अपना गणना प्रपत्र का वितरण कर एवं प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा दोनों बूथ लेबिल अधिकारियों को अच्छा एवं समयबद्ध कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। विधान सभा क्षेत्र की संख्या व नाम- 199-जसवन्तनगर, बूथ संख्या- 50, बीएलओ का नाम- अवनीत कुमारी आंगनवाडी कार्यकर्ती, कुल मतदाता- 681, कुल ईएफजमा- 100 प्रतिशत, तहसील का नाम- जसवंतनगर, विधानसभा क्षेत्र की संख्या व नाम- 201-भरथना, बूथ संख्या- 401, बीएलओ का नाम- संतोष सिंह चौहान नलकूप चालक, कुल मतदाता- 719, कुल ईएफजमा- 713, 99.16, तहसील का नाम- चकरनगर।

25 नवंबर 2025 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्री राम मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में आने पर हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन





ऋषिकेश उपाध्याय (प्रथम महापौर)

नगर निगम अयोध्या मोबाइल 9451207640

विशेष योगदान

(1) धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित एक चर्चित चेहरा, कोरोना काल से गरीब और लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार कराना।
(2) निर्धन,गरीब एवं असहाय कन्याओं की शादी में समस्त सामग्री उपलब्ध कराना, उनके गृहस्थ और खुशहाल जीवनयापन के मार्ग प्रशस्त करना।
(3) ऐसे ही गरीब निर्धन परिवारी के छात्र छात्राओं को स्थानीय परमहंस पीजी कॉलेज (अयोध्या) में उनके फीस में अधिकतम छूट के साथ उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना।
(4) मंदिर निर्माण में समय समय पर विशेष सहयोग।
(5) अयोध्या नगर निगम के विस्तार में क्षेत्र के आसपास के राजस्व गांवों को नगर निगम में विलय कराना।